सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:23
अधिकतम तापमान : 37.4
न्यूनतम : 21.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-279 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 01 अप्रैल 2026
12 शव्वाल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# देश को बांटने में लगी है कांग्रेस : पीएम

## ईरान युद्ध, पेट्रोल-डीजल और गैस का जिक्र करके मोदी ने गुजरात की धरती से किए कड़े प्रहार

■ सालों तक लटकाए रखा डीसा एयरबेस



**अहमदाबाद।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के बीच गुजरात के दौरे पर पहुंच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर से लेकर वाव थराव की जनसभा तक कांग्रेस को निशाने पर रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेस्ट एशिया में युद्ध के चलते बने मुश्किल हालात के बीच में कांग्रेस पर देश में भय और अफवाह फैलाने का बड़ा आरोप लगाया।

पीएम नरेंद्र मोदी ने बनासकांठा से अलग होकर बने वाव थराद जिले में बड़े कार्यक्रम में कहा कि दुनिया के कई देश युद्ध अशांति से जूझ रहे हैं, वेस्ट एशिया की अशांति का असर पूरी दुनिया पर है। पेट्रोल, डीजल की दिक्कत बढ़ी है, लेकिन ऐसे वक्त पर भी भारत ने अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी, लेकिन कुछ राजनीतिक दल हैं। जो ऐसे वक्त पर सियासी रोटियां सेक रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि आज जब एकता और भरोसे की जरूरत है तब कांग्रेस भय और अफवाह फैलाने में जुटी है। कांग्रेस सियासी फायदा लेना चाहती है। दुनिया के बड़े देशों में भी पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े हैं। भारत में जनता पर बोझ नहीं पड़ा है। कांग्रेस को यह अच्छा नहीं लग रहा है। वह अफवाह फैला रही है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज भी कांग्रेस देश को बांटने में लगी है। पीएम मोदी ने कहा है ऊर्जा, पेट्रोल-डीजल और गैस की दिक्कत पूरी दुनिया में बढ़ गई है ऐसे संकट में भी भारत ने हालातों को नियंत्रण में बनाए रखा है। इसके पीछे देश की सफल विदेश नीति और देशवासियों की एकता है।

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दिल्ली में ग्लोबल एआई समिट में आयोजन हुआ। दिल्ली में पूरी दुनिया से विदेशी मेहमान आए थे। आपने देखा इसकी पूरी दुनिया में प्रशंसा हो रही थी, लेकिन कांग्रेस के लोगों ने विरोध प्रदर्शन में अपने कपड़े फाड़ लिए, ताकि दुनिया में भारत की बदनामी हो। पीएम मोदी ने कहा कि भारत किसी भी मुश्किल वक्त का सामना कर सकता है। हमें इस बार पर गर्व करना चाहिए। तब भारत न सिर्फ स्थिरता बनाए हुए है, बल्कि विकास भी कर रहा है। आज इस कार्यक्रम में लोकार्पण-शिलान्यास किए गए प्रोजेक्ट इसका सबूत हैं।

वाव-थराद की सभा में पहुंचने के लिए पीएम मोदी डीसा एयरपोर्ट पर उतरे। उन्होंने सभा में कहा कि मैं जब यहां आया तो मेरा विमान डीसा एयरपोर्ट पर उतरा। पीएम मोदी ने कहा कि डीसा एयरपोर्ट के इस परियोजना का इसका विचार आज से प्रारंभ नहीं हुआ जब मैं यहां मुख्यमंत्री था तब से हमने जमीन अधिग्रहण की और किसान ने जमीन दी और हम चाहते थे कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भारत की पश्चिम सीमा की सुरक्षा के लिए ये डीसा अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। लेकिन पता नहीं, दिल्ली में उस समय जो लोग राज करते थे, उन्हें गुजरात के प्रति क्या नफरत थी। राष्ट्र की सुरक्षा का ये प्रोजेक्ट भी सालों तक फाइलों में दबा रहा। आपने जब मुझे दिल्ली भेजा तो मैंने उन फाइलों को बाहर निकाला, और आज उसका परिणाम है कि एयरफोर्स का एक बहुत बड़ा बेस अब डीसा से जुड़ गया है।

### महावीर जयंती पर कोबा गांव पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गांधीनगर के कोबा गांव में जैन विरासत और अहिंसा के मूल्यों को समर्पित नवनिर्मित 'सम्राट संप्रति संग्रहालय' का उद्घाटन किया। श्री महावीर जैन आराधना केंद्र में स्थित इस संग्रहालय का नाम सम्राट संप्रति महाराज (224-215 ईसा पूर्व) के नाम पर रखा गया है, जो सम्राट अशोक के पोते और मौर्य वंश के एक शासक थे, जिन्होंने जैन धर्म और अहिंसा के सिद्धांत का प्रचार-प्रसार किया। एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि संग्रहालय में सदियों पुरानी दुर्लभ जैन कलाकृतियां और पारंपरिक विरासत वस्तुएं हैं, जिनमें जटिल रूप से गढ़ी गई पत्थर और धातु की मूर्तियां, लघु चित्र, चांदी के रथ, सिक्के और प्राचीन पांडुलिपियां शामिल हैं।

# हर जिले में दो 'मुख्यमंत्री फेलो' होंगे तैनात

■ वन ट्रिलियन डॉलर लक्ष्य के लिए हर जनपद में होगी तैनाती : सीएम



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' के लक्ष्य को गति देने के लिए प्रत्येक जनपद में 'मुख्यमंत्री फेलो' की तैनाती के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षात्मक विकास खंडों और आकांक्षी नगर निकाय कार्यक्रम की तर्ज पर जिला स्तर पर आर्थिक विकास को साक्ष्य-आधारित एवं परिणामोन्मुख बनाया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिला ओटीडी (वन ट्रिलियन डॉलर) सेल की आर्थिक एवं डेटा विश्लेषण क्षमता को सुदृढ़ किया जाए। इसके लिए प्रत्येक जनपद में दो विशेषज्ञ; एक आर्थिक विकास विशेषज्ञ तथा एक डेटा विश्लेषक को 'ओटीडी मुख्यमंत्री फेलो' के रूप में तैनात किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन विशेषज्ञों के माध्यम से स्थानीय संसाधनों, निवेश के अवसरों एवं आर्थिक संभावनाओं का साक्ष्य-आधारित विश्लेषण कराया जाए तथा जनपद-केन्द्रित विकास रणनीतियों के निर्माण में जिला ओटीडी सेल को सशक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि ओटीडी मुख्यमंत्री फेलो द्वारा जनपद स्तर पर संचालित आर्थिक गतिविधियों की मासिक प्रगति रिपोर्ट ऑनलाइन डैशबोर्ड पर अपलोड की जानी चाहिए। साथ ही प्रमुख सचिव/सचिव स्तर पर त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट एवं प्रस्तुतिकरण सुनिश्चित किया जाए।

नियोजन विभाग की ओर से बताया गया कि आर्थिक विकास विशेषज्ञ के लिए अर्थशास्त्र, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, इकोनोमेट्रिक्स या फाइनेंस/डेटा साइंस में परास्नातक अथवा एमबीए तथा डेटा विश्लेषक के लिए सांख्यिकी, एप्लाइड स्टैटिस्टिक्स, इकोनोमेट्रिक्स या बिजनेस एनालिटिक्स/डेटा साइंस में परास्नातक अथवा एमबीए की योग्यता निर्धारित की जा सकती है।

### स्थानीय संसाधनों, निवेश अवसरों का विश्लेषण

जनपद की आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि के लिए सुझावात्मक रिपोर्ट तैयार कर जिला ओटीडी सेल के संज्ञान में लाई जाए तथा स्थानीय आंकड़ों का विश्लेषण कर विकास की प्रवृत्तियों को नियमित रूप से बैठकों में प्रस्तुत किया जाए। ओटीडी मुख्यमंत्री फेलो के चयन मानदंडों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पदों के लिए उच्च शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी दक्षता सुनिश्चित की जाए।

# धोखा साबित हुई मोदी सरकार की स्मार्ट सिटी योजना

■ आम लोगों को इसका कोई फायदा नहीं : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने स्मार्ट सिटी परियोजना को लेकर मोदी सरकार पर हमला करते हुए मंगलवार को इसे 'धोखा' करार दिया और कहा कि यह योजना अपने उद्देश्य से भटक गई और आम नागरिकों को इससे कोई फायदा नहीं पहुंचा। राहुल गांधी ने एक बयान में आरोप लगाया कि परियोजना के तहत शहरों के समग्र विकास के बजाय सीमित क्षेत्रों में काम कर उसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया गया, जबकि ज़मीनी स्तर पर बुनियादी सुविधाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

उन्होंने कहा 'कोई भी शहर तब तक 'स्मार्ट' नहीं हो सकता, जब तक वह अपने नागरिकों को साफ पानी, स्वच्छ हवा और सुरक्षा जैसी बुनियादी गरिमा उपलब्ध नहीं कराता। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत करीब 48 हजार करोड़ रुपये खर्च होने और 97 प्रतिशत परियोजनाओं के पूरे होने का दावा किया गया, लेकिन वास्तविक स्थिति इससे अलग है।' कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि कितने शहरों में वास्तव में ठोस बदलाव आया और लोगों के जीवन में क्या सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि दूषित पानी, खुले सीवर, गिरते पुल और धंसती सड़कें इस योजना की विफलता को उजागर करती हैं।

# पूर्व टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने थामा भाजपा का दामन

■ भाजपा ने मुझे देश की सेवा करने का जो मौका दिया उसके लिए मैं आभारी हूं : पेस



**नई दिल्ली।** टेनिस के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी लिएंडर पेस मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। लिएंडर पेस ने केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। रिजिजू ने भाजपा की सदस्यता वाली पर्ची के साथ फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले लिएंडर पेस का भाजपा में शामिल होना के कई बड़े राजनीतिक मायने हैं। बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले उनका भाजपा में शामिल होना बेहद अहम माना जा रहा है। लोग कयास लगा रहे हैं कि राज्य विधानसभा चुनाव में उनकी अहम भूमिका हो सकती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लिएंडर पेस की पिछले दिनों भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से पश्चिम बंगाल दौरे पर मुलाकात हुयी थी। इस दौरान उनके साथ सौमिक भट्टाचार्य भी मौजूद थे। भाजपा में शामिल होने के बाद लिएंडर पेस ने कहा, 'यह मेरे जीवन का बड़ा दिन है। मैं प्रधानमंत्री मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को धन्यवाद देना चाहता हूं। भाजपा ने मुझे इस देश के लोगों और युवाओं की सेवा करने का जो मौका दिया है, उसके लिए मैं उनका आभारी हूं। भाजपा की सदस्यता पर्ची मेरे ऊपर एक जिम्मेदारी है।' पूर्व टेनिस खिलाड़ी पेस के भाजपा में शामिल होने से पार्टी को बंगाल विधानसभा चुनाव में फायदा हो सकता है। लिएंडर पेस ने वर्ष 2021 में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सदस्यता ली थी, लेकिन अब उन्होंने पार्टी से दूरी बनाते हुए भाजपा में शामिल होने का फैसला किया है। हाल ही में उनकी भाजपा अध्यक्ष नवीन से मुलाकात के बाद इस कदम की अटकलें तेज हो गई थीं। पेस भारत के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। उन्होंने 1996 के अटलांटा ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा उनके नाम आठ पुरुष युगल और 10 मिक्स्ड डबल्स ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।

### कई पुरस्कार हैं पेस के नाम

लिएंडर पेस की जोड़ी महेश भूपति और मार्टिना नवरातिलोवा जैसे खिलाड़ियों के साथ काफी सफल रही है। डेविस कप इतिहास में सबसे ज्यादा डबल्स मैच जीतने का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। लिएंडर पेस को राजीव गांधी खेल रत्न, पद्म श्री और पद्म भूषण से नवाज गया है। अब उनका राजनीति में सक्रिय होना पश्चिम बंगाल चुनाव में नया समीकरण बना सकता है।

# यूपी के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने दिया इस्तीफा

■ बोले- काम नहीं, सिर्फ वेतन, सिस्टम पर उठाए गंभीर सवाल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कैडर के 2022 बैच के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से उन्हें कोई जिम्मेदारीपूर्ण पोस्टिंग नहीं दी जा रही थी और न ही कोई सार्थक काम सौंपा जा रहा था। अपने इस्तीफे में राही ने कहा कि वे उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद से संबद्ध थे, लेकिन वहां उन्हें केवल वेतन मिल रहा था, जनसेवा का कोई अवसर नहीं। उन्होंने इसे अपना 'नैतिक निर्णय' बताते हुए कहा कि बिना काम के पद पर बने रहना उनके सिद्धांतों के खिलाफ है।

राही ने अपने पत्र में दावा किया कि प्रशासनिक व्यवस्था के भीतर एक समानांतर तंत्र काम कर रहा है, जिसमें ईमानदार अधिकारियों को प्रभावी भूमिका नहीं दी जाती। उनका कहना है कि वे पूरी ईमानदारी से काम करना चाहते थे, लेकिन उन्हें अवसर नहीं दिया गया। रिंकू सिंह राही की कहानी लंबे संघर्ष से जुड़ी रही है। वर्ष 2009 में उन्होंने एक बड़े घोटाले का खुलासा किया था, जिसके बाद उन पर जानलेवा हमला हुआ और उन्हें सात गोलियां लगीं। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। बाद में दिव्यांग कोटे से संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर 2022 बैच में आईएएस बने।

## कमजोर वर्ग की महिलाओं को मिले अलग से आरक्षण : मायावती



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कमजोर वर्ग की महिलाओं को अलग से आरक्षण देने की मांग उठाई है। यूपी के पदाधिकारियों की मंगलवार को हुई बैठक में उन्होंने कहा कि कमजोर वर्गों की महिलाओं को अलग से आरक्षण नहीं दिये जाने से इन वर्गों का अपेक्षित विकास कितना संभव हो पाएगा, यह सोचने वाली बात है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस पर ध्यान देने का अनुरोध किया है।

बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद, राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल की मौजूदगी में उन्होंने सभी राज्य और जिला स्तर के पदाधिकारियों से चुनाव की तैयारियों के बारे में रिपोर्ट ली। इसकी समीक्षा के बाद और बेहतर बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी उदासीनता से त्रस्त करोड़ों लोग बसपा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं।

## भाजपा का नैतिक दिवालियापन पराकाष्ठा पर : अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि गिरने के मामले में रुपये और भाजपा की छवि के बीच मुकाबला चल रहा है। भाजपाई लोगों के कांड और भ्रष्टाचार के पर्दाफाश से उनकी छवि और नीचे गिरती जा रही है। हालांकि इन खुलासों के बाद भी इस्तीफे नहीं हो रहे हैं। भाजपा का नैतिक दिवालियापन पराकाष्ठा पर है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता संकट में फंस गई है। रुपए की कीमत लगातार गिरती जा रही है। महंगाई बढ़ रही है। रसोई गैस सिलेंडर लिए देश में जगह-जगह लाइन है। युद्ध के कारण आए ऊर्जा संकट को लेकर इस सरकार में कोई तैयारी नहीं की। भाजपा सरकार देश की जनता को गुमराह करती रही।

## ईरान की खुली चेतावनी आज रात से अमेरिकी कंपनियों पर करेंगे हमले

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने अमेरिका को लेकर खुली चेतावनी दी है। ईरान की सैन्य इकाई इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि अगर ईरानी नेताओं पर हमले जारी रहे, तो वह पश्चिम एशिया में अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाएगा। इस बयान से क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है और वैश्विक स्तर पर चिंता गहरा गई है।

ईरान ने साफ कहा है कि 1 अप्रैल से तेहरान समय के अनुसार रात 8 बजे के बाद अमेरिकी कंपनियों के ठिकानों पर हमले शुरू किए जा सकते हैं। भारत के समय के अनुसार यह रात 10:30 बजे होगा।




## वृद्धि — तीन साल बाद गैस की कीमत चार डॉलर तक पहुंची

# ईरान युद्ध की आंच में जल रहा अमरीका




**वॉशिंगटन।** अमरीका में गैस की औसत कीमत मंगलवार को बढ़कर चार डॉलर प्रति गैलन हो गई, जो पिछले तीन वर्षों में देश में कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि को दर्शाता है। पश्चिमी एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से अमरीका में औसत उपभोक्ता के लिए गैस की कीमतों में 35 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। कीमतों की इस वृद्धि से हाल बहुत जल्द राहत मिलने की भी उम्मीद नजर नहीं आती, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य आर्थिक रूप से अभी भी पंगु बना हुआ है तथा कुछ देशों के जहाजों को छोड़ सभी के लिए बंद है।

होर्मुज का बंद होना वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर रहा है, क्योंकि इस मार्ग से दुनिया के तेल का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। युद्ध शुरू होने के बाद से ही वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल या उससे अधिक हो गई हैं, जिससे उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान की जाने वाली कीमतें बढ़ गई हैं। अमेरिका में ठीक एक महीने पहले प्रति गैलन औसत दर 2.98 डॉलर थी, जबकि एक साल पहले यह थोड़ा ऊपर 3.17 डॉलर पर थी।

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों के अनुसार, चल रहा युद्ध जल्द ही समाप्त हो सकता है, क्योंकि ईरान ने कूटनीति रास्ते खोलने शुरू कर दिये हैं। पाकिस्तान ने भी संकेत दिया है कि वह 'आने वाले दिनों' में अमरीका और ईरान के बीच वार्ता की मेजबानी करेगा। हालांकि अमरीका ने पश्चिम एशिया में अपने विशेष अभियान बलों का भी विस्तार किया है, क्योंकि ट्रंप कूटनीति के विफल होने की स्थिति में ईरानी बिजली संयंत्रों और अन्य नागरिक बुनियादी ढांचों पर हमला करने की अपनी धमकियों को भी दोहरा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछली बार अगस्त 2022 में अमरीका में गैस की कीमत चार डॉलर प्रति गैलन से ऊपर थी। उस वर्ष जून में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने के कारण कीमतें कुछ समय के लिए पांच डॉलर प्रति गैलन से भी ऊपर चली गई थीं।

### जिन देशों के पास तेल की कमी वे होर्मुज जाकर खुद ले लें : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमरीकी डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि जो देश जेट ईंधन की कमी से जूझ रहे हैं उन्हें थोड़ी बहादुरी दिखाकर होर्मुज जलडमरुमध्य जाकर ईंधन ले लेना चाहिए। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर जारी एक संदेश में कहा कि ऐसे देशों को अव्वल तो अमरीका से कच्चा तेल खरीदना चाहिए, क्योंकि उसके पास यह पर्याप्त मात्रा में है। इसके साथ ही इन देशों को बहादुरी दिखाकर होर्मुज़ का रुख करना चाहिए।

# भाजपा कार्यालय पर स्थापना दिवस को लेकर हुई बैठक

*अवधनामा संवाददाता*




**बदायूं।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर भाजपा कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन जिला प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें आगामी दिनों में होने जा रहे स्थापना दिवस के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। स्थापना दिवस से पूर्व आयोजित इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष/ जिला प्रभारी डॉ दिनेश शर्मा तथा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक सशक्त संगठन है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचार ही पार्टी की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इन मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य कर रहा है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि 6 अप्रैल को बूथ स्तर पर स्थापना दिवस कार्यक्रमों को उत्साहपूर्वक मनाया जाए। बैठक में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने जिला स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन 8 एवं 9 अप्रैल तथा ग्राम/बस्ती संपर्क अभियान 7 से 12 अप्रैल के विषय पर बताते हुए कहा कि यह सम्मेलन संगठनात्मक विस्तार को गति देने के साथ-साथ भाजपा की विचारधारा, भारतीय राजनीति में आए सकारात्मक परिवर्तन, सेवा भाव, अंत्योदय एवं विकासमुखी राजनीति जैसे विषयों पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बूथों पर डॉ अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा उनके विचारों को स्मरण किया जाएगा। इस अवसर पर एमपी सिंह राजपूत, जोगेंद्र सिंह पटेल, भगवान सिंह मौर्य, सीमा राठौर, सरिता वार्ष्णेय, अनुज माहेश्वरी, आशीष शाक्य, उदयवीर दिवाकर, संदीप चौहान, प्रदीप चौधरी, वीरेंद्र राजपूत, अजय तोमर, रचना शंखधार, राजवती वर्मा, आरती कश्यप, नीटू पाल, अचल शर्मा, अमित कुमार सिंह, धीरज पटेल, के.पी लोधी, जितेंद्र साहू, अनुराग दीक्षित, मुनेंद्र शाक्य, दिनेश कुमार राजपूत, रितेश चौहान, पीयूष माहेश्वरी, राजीव कुमार शर्मा, परमवीर शाक्य, ललतेश ठाकुर, आदित्य माहेश्वरी, राहुल देव शाक्य, मोहित कुमार तोमर, गोपाल शर्मा, राघव सिंह, नौरंग पाल, विदेश श्रीवास्तव, अवनीश कुमार शाक्य, सर्वेश शाक्य, ओमपाल सिंह राजपूत, गुलशन प्रताप सिंह, वीर सिंह, नरेश पाल, राहुल लोधी, सुरेंद्र गुर्जर, मनोज गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, अनुभव उपाध्याय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जंगल से भटककर एक हिरन का बच्चा पहुंचा गांव, कुत्तों ने हमला कर किया घायल

**लखीमपुर-खीरी।** राजा नगर बीट वन रेंज क्षेत्र में जंगल से भटककर एक हिरन का बच्चा गांव में आ गया, जहां उस पर कुत्तों ने हमला कर दिया। हमले में घायल हुआ हिरन जान बचाने के लिए भागते-भागते ग्राम पंचायत रामपुर गोकुल निवासी काशीराम के घर तक पहुंच गया।बताया जा रहा है कि भागने के दौरान वह कहीं तार में फंस गया, जिससे उसकी गर्दन कटकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना देख गांव के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए हिरन के बच्चे को कुत्तों से बचाया और उसकी जान बचाने का प्रयास किया। घटना की सूचना तुरंत पुलिस और वन विभाग को दी गई सूचना मिलते ही विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल हिरन को अपने संरक्षण में लेकर उपचार के लिए भेज दिया। ग्रामीणों की सतर्कता और सहयोग से घायल वन्यजीव को समय रहते बचा लिया गया।

## छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेले मे सांस्कृतिक मंच पर रंगारंग कार्यक्रमों की रही धूम

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेले के तृतीय दिवस सांस्कृतिक मंच पर रंगारंग कार्यक्रमों की धूम रही। मनोहारी कला केन्द्र एवं पल्लवी आर्ट ग्रुप द्वारा प्रस्तुत मनोहारी झांकियों और नृत्य-नाटिकाओं ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री ठाकुर प्रसाद गंगवार, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व नगर अध्यक्ष दीपेन्द्र गुप्ता, विशिष्ट अतिथि संजय तिवारी, डॉ. शिवेन्द्र अवस्थी, रवि सक्सेना, ओम प्रकाश गुप्ता, राम किशोर भोजवाल, कौशल जायसवाल, अरविन्द श्रीवास्तव, राजेन्द्र सोनी, कुलदीप वर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा दीप जला कर किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह व पुष्पमालाओं से स्वागत कर आभार व्यक्त किया मुख्य अतिथि ठाकुर प्रसाद गंगवार ने कहा कि ऐतिहासिक चैती मेले को नगर पालिका अध्यक्ष ने नए आयाम दिए हैं। वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष दीपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि मेले के मंच से पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मानित करना सराहनीय पहल है। हनुमान चालीसा, भक्ति गीतों और लोकनृत्यों पर कलाकारों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बृज की होली का मंचन पुष्प वर्षा के साथ किया गया, जिसने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। शिव बारात और काली अखाड़ा का अद्भुत प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान विनीत नटराज, शिवा अग्निहोत्री, अन्नू कोहली, हिमांशु बाजपेयी समेत अन्य कलाकारों ने अपने नृत्य और अभिनय से खूब तालियां बटोरीं।

## ट्रैफिक पुलिस की सरकारी गाड़ी को स्टार्ट करने के लिए लगाना पड़ रहा है धक्का

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** शहर के इमली चौराहा पर ट्रैफिक पुलिस की सरकारी गाड़ी को स्टार्ट करने के लिए धक्का लगाना पड़ रहा है, ऐसे में सवाल उठता है कि जब ट्रैफिक व्यवस्था संभालने वाली गाड़ी का यह हाल है तो सिस्टम की तैयारी कितनी मजबूत है और जमीनी स्तर पर सुविधाओं की स्थिति आखिर क्या है।

## घाघरा नदी में डूबे किशोर का शव बरामद

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** घाघरा नदी में डूबे किशोर का शव दूसरे दिन बरामद हो गया। मंगलवार को फ्लड पीएसी और एसडीआरएफ की टीम ने उसी जगह से शव बरामद किया। जिस जगह सोमवार को किशोर नहाते समय डूबा था। ईसानगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सोमवार दोपहर बाद गांव कबिरहा निवासी 15 वर्षीय ललित पुत्र दिनेश अपने तीन-चार साथी किशोर साथियों के साथ नदी किनारे घास छीलने गया था। बताया जाता है कि घास छीलने के बाद सभी लड़के घाघरा नदी में नहाने लगे। नहाते समय ललित अचानक गहराई में चला गया और डूब गया। उसके साथी डर गए और किसी को कुछ न बताकर ललित की साइकिल व कपड़े घाट पर ही छोड़कर भाग निकले थे संयोग से पास ही काम कर रहे मजदूरों ने लावारिस साइकिल व कपड़ों पर शक किया और लड़कों से पूछताछ की। लापता ललित की तलाश तुरंत शुरू की गई, लेकिन अंधेरा होने के कारण सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया। मंगलवार को फ्लड पीएसी और एसडीआरएफ ने घाघरा नदी में ललित की तलाश शुरू की। काफी प्रयासों के बाद शव को उसी जगह से बरामद कर लिया गया। जहां ललित डूबा था। बताते हैं कि घटना स्थल के पास एक नाव भी बंधी थी। डूबने के बाद ललित उसी नाव के पास ही फंसा रहा।

## अंडर 15 मंडलीय टीम में चयनित हुए जिले दो बच्चे

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** टी 20 वर्ल्ड कप और मौजूदा समय में चल रहे आईपीएल से प्रेरित हो जिले के बच्चे क्रिकेट की चाह बढ़ गयी है। इसका ही असर है जिले दो बच्चे अंडर 15 मंडलीय टीम में चयनित हुए हैं। जिले से 15 सदस्यीय क्रिकेट टीम में अराध्या और अभिप्राय का चयन हुआ है। इन दोनों की उम्र और स्वास्थ्य का प्रमाणपत्र सीएमओ आफिस से बनाकर भेजा जाना है। इसके लिए केडी सिंह बाबू स्टेडियम से पत्र भेज कर प्रमाणपत्र आनलाइन और हार्ड कापी में भेजने को दो अप्रेल का समय दिया गया है। चुनी गयी टीम सबसे अधिक लखनऊ के नौ, रायबरेली के दो, लखीमपुर के दो और सीतापुर, उन्नाव का एक एक बच्चा चयनित हुआ है।

## जीएसटी चोरी का बड़ा हुआ भंडाफोड़, साइबर पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** जीएसटी चोरी का बड़ा भंडाफोड़ हुआ है। साइबर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों ने 30 से ज्यादा फर्जी फर्म बनाई। बिल बेचे, फर्जी ईवे बिल बनाए और फर्जी आईटीसी क्लेम करवाया और करोड़ों का मुनाफा कमाया। पकड़े गए गैंग के आरोपियों की पहचान दीपक सिंह टिहुकी रामनगर बाराबंकी, अंकित त्रिवेदी निवासी बेहटा तंबौर सीतापुर, धर्मेंद्र गौरिया कला कोतवाली देहात सीतापुर और राजू मिर्जापुर ईसानगर जिला खीरी के रूप में हुई है। इस गैंग में कुछ और लोग भी शामिल है। पुलिस उन लोगों की भी तलाश कर रही है। जिन्होंने बिल खरीद कर लाभ कमाया है पुलिस उपाधीक्षक ने पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता के दौरान किया खुलासा।

## केडीए का कड़ा एक्शन: 950 वर्ग मीटर अवैध निर्माण सील




*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) ने अवैध निर्माणों के खिलाफ मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जोन-1बी क्षेत्र में करीब 950 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बने निर्माणों को सील कर दिया। यह कार्रवाई उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल एवं सचिव अभय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर विशेष कार्याधिकारी/उपजिलाधिकारी डॉ. रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई। प्रवर्तन टीम ने मगरवारा (उन्नाव) स्थित नेहरू बाग गेट नं. 3 में मो. शाहबुद्दीन, मो. एहतिशाम व अन्य द्वारा करीब 700 वर्ग मीटर में आरसीसी कॉलम पर किए गए निर्माण को सील किया। वहीं सिंहपुर बाजार के पीछे (कानपुर) प्लॉट सं. 183 के सामने जितेंद्र सिंह व अन्य द्वारा करीब 250 वर्ग मीटर में जी+4 निर्माण को भी सील कर दिया गया। दोनों ही निर्माण बिना मानचित्र स्वीकृति के किए जा रहे थे। कार्रवाई के बाद दोनों परिसरों को संबंधित थाना बिठूर एवं उन्नाव पुलिस की अभिरक्षा में सौंपे जाने की प्रक्रिया जारी है। अभियान के दौरान अवर अभियंता हिमांशु बर्नवाल सहित प्रवर्तन टीम और पुलिस बल मौजूद रहा।

प्रवर्तन अधिकारी डॉ. रवि प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्लागंज-उन्नाव क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग एवं व्यावसायिक निर्माणों का सर्वे कराया गया है, जिसके आधार पर उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 27 व 28 के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि ग्राम गम्भीरपुर कछार में अवैध रूप से विकसित की जा रही 5 प्लाटिंग चिन्हित की गई हैं, जिनके विरुद्ध 4 अप्रैल 2026 को ध्वस्तीकरण/सीलिंग की कार्रवाई प्रस्तावित है। केडीए ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे केवल स्वीकृत कॉलोनियों में ही प्लॉट खरीदें और नक्शा व ले-आउट की जांच के बाद ही निवेश करें। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## पूंजीपतियों के लिए आदिवासियों के हक का किया गया शिथिलीकरण: धर्मेंद्र यादव



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** बदायूॅ लोकसभा सीट से पूर्व एवं वर्तमान में आजमगढ़ से सपा सांसद धर्मेंद्र यादव द्वारा लोकसभा में नक्सलवाद का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया गया है।नक्सलवाद पर संसद में श्री यादव द्वारा किए गए इस कथन की स्थानीय सपा समर्थकों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।समर्थकों द्वारा कहा जा रहा है कि हमारे नेता एवं समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक धर्मेंद्र यादव द्वारा यह जो मुद्दा उठाया गया है वह इसलिए प्रशंसा के लायक है क्योंकि नक्सलवाद देश के लिए एक गंभीर समस्या है। सदन में नक्सलवाद पर बोलते हुए धर्मेंद्र यादव ने कहा कि निश्चित तौर पर नक्सलवाद इस देश की बहुत ही गंभीर समस्या है और इस गंभीर समस्या में हमारे जवानों ने अपनी कुर्बानियां दीं हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस बात का दावा करती है कि देश से नक्सलवाद बिल्कुल समाप्त हो चुका है जबकि हमारी पार्टी यह मानती है नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है बल्कि इसमें कुछ कमी अवश्य आई है।उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश के तीन जिले चंदौली,मिर्जापुर और सोनभद्र झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों की सीमा मिलने के कारण नक्सलवाद से प्रभावित हो गए थे।उन्होंने कहा कि नवंबर 2004 में पीएसी के एक ट्रक को नक्सलियों ने बारूदी सुरंग से उड़ा दिया था जिसमें हमारे कई जवान शहीद हुए।उन्होंने मुलायम सिंह यादव का नाम लेते हुए कहा कि उस समय श्रद्धेय नेता जी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे अगर वो चाहते तो नक्सलियों पर एक बहुत बड़ा जवाबी हमला कर सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा घटना के तीन दिन बात सभी गुप्तचर एजेंसियों के मना करने बावजूद एक मुख्यमंत्री की हैसियत से श्रद्धेय नेताजी घटनास्थल पर गए और नक्सलवादियों से बातचीत की, और उस बातचीत का परिणाम यह हुआ कि बासमती कोल के नेतृत्व में हजारों नक्सलियों ने श्रद्धेय नेता जी समक्ष सशस्त्र आत्मसमर्पण किया। उन्होंने कहा कि जब मुलायम सिंह यादव ने वहां पर नक्सलवाद का कारण जाना तो गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, असमानता एवं प्रशासनिक अत्याचार इसके मुख्य कारण पाए और उनके प्रयास से उत्तर प्रदेश उसी दिन नक्सलवाद से मुक्त हो गया था। उन्होंने कहा कि हमे आवश्यकता है नक्सलवाद के कारणों को जानने की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 में इनके सुधार और संपदा को बचाने के लिए वन्य कानून बनाया गया जिसमें उन्हें बहुत सारे अधिकार मिले लेकिन वर्तमान सरकार ने उसे निरस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि इन नियमों के माध्यम से आदिवासियों को जो अधिकार मिले थे, बड़े बड़े पूंजिपतियों के लिए फायदा पहुंचाने के लिए नियमों का शिथिलीकरण कर दिया।उन्होंने आगे कहा कि आदिवासियों के अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है,तेंदू के पत्ते की लूट हो रही है,बाहर के लोग वहां के खनिज को लूट कर ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे आदिवासी भाई नाटापन, ड्रॉपआउट,बड़ी हुई शिशु मृत्यु दर,खाद सुरक्षा,भूमि विवाद, ह्यकुपोषण जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। अपने वक्तव्य के अंत में उन्होंने कहा कि मैं अपनी पार्टी और अपने नेता अखिलेश यादव की तरफ से कहना चाहता हूं कि कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों के आर्थिक हितों की खातिर करोड़ों आदिवासियों को उजाड़ने का प्रयास मत करो।उनको अपना हक, अधिकार, न्याय, सम्मान, मौलिक सुविधाएं मिलनी चाहिए।

## एक दिवसीय प्रांतीय अभ्यास वर्ग का हुआ आयोजन



**कानपुर। (अवधनामा संवाददाता)** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास कानपुर प्रांत और एस. जे. महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय प्रांतीय अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सह संयोजक आदरणीय संजय स्वामी जी, सागर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अजय तिवारी जी, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी में विभागाध्यक्ष/न्यास के प्रांत अध्यक्ष प्रो. अवनीश कुमार जी की उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि में पीपीएन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनूप सिंह जी, इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह जी मौजूद रहे। पांच सत्रों में चले इस अभ्यास वर्ग में विभिन्न विषयों पर विशिष्टजनों के उदबोधन से उपास्थि कार्यकर्ताओं, विद्यालय के शिक्षकों और प्रबुद्धजनों को मरदर्शन मिला। विद्यालय महाप्रबन्धक सुबोध कटियार और कानपुर प्रांत की संयोजिका डॉ. बिंदु सिंह जी ने सभी का आभार जताया।

# कार्यशाला में भाजपा के जनाधार को बढ़ाने और पार्टी को मजबूत करने पर दिया बल




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के कार्यक्रमों को लेकर आयोजित कार्यशाला में भाजपा के जनाधार को बढ़ाने और मजबूत करने पर बल दिया गया।

दिल्ली रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि के उपरांत वंदे मातरम गीत का गायन कर किया गया। सहारनपुर प्रभारी वाईपी सिंह व चेयरमैन यूपी सिडको द्वारा 6 से 12 अप्रैल तक चलने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने ने कहा कि भाजपा कोई राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि ये राष्ट्रीय विचार धारा है इसलिए नए पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वह पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाते हुए भाजपा के जनाधार को बढ़ाये और मज़बूत करे।

महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि पार्टी का स्थापना दिवस कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा । उन्होंने कहा कि पार्टी हम सब कार्यकर्ताओं के बल पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। हम सब की पहचान हमारी पार्टी है।नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि हम सब अपने उत्सवों को बड़ी धूमधाम से मनाते है और कार्यकर्ता स्थापना दिवस को महापर्व के रूप में मनाते है ।

महापौर अजय सिंह ने कहा कि हमे हर बूथ स्तर के कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा के साथ करना है । पूर्व महापौर संजीव वालिया, केएल अरोड़ा, अमित गगनेजा, हेमंत अरोड़ा,अनुसूचित आयोग के सदस्य महिपाल वाल्मिकी, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन?ने भी कार्यशाला को सबोधित किया।

## एक शाम खाटू श्याम के नाम भजन संध्या में झूमे श्रद्धालुजन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सिद्ध पीठ प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर के 36वें वार्षिकोत्सव एंव श्री बालाजी जन्मोत्सवम महायज्ञ 2026 के उपलक्ष में एक शाम खाटू श्याम के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजनोपदेशको ने बाबा की महिमा का गुणागान कर सभी का भक्ति रस में सराबोर कर दिया। मोहल्ला चौन्ताला स्थित मन्दिर में श्री बालाजी आध्यात्मिक सत्संग मंडल साधक परिवार द्वारा स्वर्गीय पंडित वासुदेव शर्मा निर्मोही की प्रेरणा स्वरूप आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत आज श्री बालाजी जन्मोत्सव महायज्ञ 2026 का देव पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। प्रातः काल मंदिर अधिष्ठान सुरेंद्र मोहन संजू ने श्री बालाजी महाराज को चोला अर्पण किया। पंडित अजय किरण भागवताचार्य के सानिध्य में देव पूजन का आयोजन किया गया। विगत रात्रि मंदिर परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक शाम खाटू श्याम के नाम का आयोजन किया गया। भजन संध्या का शुभारंभ राजा सेठ व समाजसेवी संजय कर्णवाल ने किया। इस दौरान भजन प्रवाहक सौरभ गर्ग व आशू गोयल ने बााबा के भजनों के माध्यम से महिमा का गुणगान किया। एक से बढकर एक भजनों के माध्यम से उन्होंने श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सरोबार कर दिया, देर रात तक श्रद्धालु बाबा के भजनों में झूमते रहे। इस दौरान उन्होने बाबा की गाथा का भी विस्तार से वर्णन कर सभी को बाबा खाटू श्याम की महिमा विस्तार से वर्णन किया। इस अवसर उत्सव संचालक विनय जिंदल ने कहा कि श्री बाला जी महाराज की अनुकम्पा से प्रति वर्ष यह आयोजन किया जाता है, ताकि सभी श्रद्धालुओं पर श्री बाला जी महाराज की कृपा बनी रही। इस दौरान पूर्व पार्षद मानसिंह जैन, मंडल अध्यक्ष मुकेश चैरसिया, सुरेंद्र मोहन संजू, सतीश सिंघल, नितिन कंसल, राजकुमार गोयल, मुकेश मित्तल, विजय गुप्ता, मुन्नी गुप्ता, राधेश्याम शर्मा, अजय शर्मा, विजय शर्मा, शिवांशु गोयल, मोहित शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# नगर निगम का मूल बजट तैयार, 33 अरब 59 करोड़ का वित्तीय खाका तैयार

*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर निगम का मूल बजट तैयार कर कार्यकारिणी के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत कर दिया गया है। नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 146 के तहत तैयार इस बजट में दिसंबर 2025 तक के वास्तविक आय-व्यय आंकड़ों को आधार बनाया गया है। मेयर प्रमिला पांडे ने बताया कि नगर निगम द्वारा प्रस्तुत बजट के अनुसार कुल प्रस्तावित आय 2459.32 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इसमें 899.99 करोड़ रुपये के प्रारंभिक अवशेष को जोड़कर कुल बजट आकार 3359.31 करोड़ रुपये पहुंचता है। इसके सापेक्ष कुल प्रस्तावित व्यय 2458.18 करोड़ रुपये रखा गया है, जिसके बाद 901.12 करोड़ रुपये का संभावित अवशेष रहने का अनुमान है।

नगर निगम के बजट में आय के प्रमुख मदों में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं–

आवासीय एवं अनावासीय संपत्ति कर से आय को 320.00 करोड़ से बढ़ाकर 370.00 करोड़ रुपये प्रस्तावित किया गया है।

शासन के निर्देशों के अनुसार शुल्क को एकमुश्त किए जाने से आय में गिरावट आई है। इसे 25.00 करोड़ से घटाकर मात्र 5.00 करोड़ रुपये किया गया है।

निष्प्रयोज्य भंडार बिक्री में कमी–

इस मद में आय न होने के चलते 3.00 करोड़ से घटाकर 1.00 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

अनुदानों से मजबूत होगी आय

**राज्य वित्त आयोग अनुदान**

750.00 करोड़ से बढ़ाकर 900.00 करोड़ रुपये प्रस्तावित।

**16वां वित्त आयोग**

15वें वित्त आयोग के स्थान पर 16वें वित्त आयोग के तहत 500.00 करोड़ रुपये का प्रावधान।

अवस्थापना एवं आवास विकास मद

लंबित अनुदान मिलने की संभावना के चलते 55.00 करोड़ से बढ़ाकर 130.00 करोड़ रुपये प्रस्तावित।

**सीएसआर फंड में वृद्धि**

50.00 लाख से बढ़ाकर 2.50 करोड़ रुपये किया गया।

वर्षा जल निकासी पर फोकस

वित्तीय वर्ष 2026-27 में वर्षा जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 31.00 करोड़ रुपये प्राप्त होने की संभावना जताई गई है, जो शहरी जलभराव की समस्या से निपटने में अहम भूमिका निभाएगा।

संतुलित बजट का दावा

नगर निगम प्रशासन का दावा है कि यह बजट आय और व्यय के बीच संतुलन बनाते हुए तैयार किया गया है।

## समान नागरिक संहिता एवं जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग



**सहारनपुर।** हिन्दू राष्ट्र निर्माण संघ की बैठक में भारत सरकार से जल्द से जल्द समान नागरिक संहिता एवं जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की गई। टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित जिला संगठन मंत्री शशांक चौहान के कार्यालय पर आयोजित बैठक मे जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने कहा कि भारत सरकार जल्द से जल्द समान नागरिक संहिता एवं जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करें। जिला उपाध्यक्ष ठा राकेश सिंह एवं अम्बुज शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि फिल्म धुरंधर 2 में जो राष्ट्र भक्ति एवं भारत की शक्ति का एहसास कराया गया है वह अत्यधिक सराहनीय है और जो व्यक्ति या नेता इसका विरोध कर रहे हैं वह भारत के वफादार कभी नहीं हो सकते। महानगर अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय एवं जिला महामंत्री पारथ राणा ने? सभी पदाधिकारी को हिंदू राष्ट्र निर्माण संघ में अधिक से अधिक सदस्य बनाने का निर्देश दिया। ठा.रविंद्र राणा ने कहा की हमें जात-पात के चक्कर में न पड़कर समस्त हिंदुओं को एक साथ एक मंच पर आने की आवश्यकता है। बैठक में मुख्य रूप से विशाल शर्मा, रवि कुमार, योगेश प्रजापति, शिवा गुप्ता, रजत कश्यप, अनुज उपाध्याय, ब्रजपाल सिंह, गौरव कुमार, रविन्द्र प्रजापति, कृष्ण सैनी, अंबुज शर्मा, लक्ष्य शर्मा संजीव सैनी आदि उपस्थित रहे।

## आपातकालीन मरीजों के लिए कानपुर पुलिस की ग्रीन कॉरिडोर व्यवस्था शुरू

*अवधनामा संवाददाता*



**कानपुर।** ग्रीन कॉरिडोर व्यवस्था के तहत आईसीसीसी कंट्रोल रूम में 24X7 सक्रिय विशेष सेल स्थापित, जो एम्बुलेंस की रियल टाइम मॉनिटरिंग व ट्रैफिक समन्वय करेगा । एम्बुलेंस चालक हेल्पलाइन/सीयूजी नंबर 9454402413 पर कॉल, मैसेज या लाइव लोकेशन साझा कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

सूचना मिलते ही संबंधित मार्ग पर ट्रैफिक पुलिस को अलर्ट कर एम्बुलेंस के लिए ट्रैफिक मुक्त रास्ता सुनिश्चित किया जाएगा।

संभावित जाम वाले स्थानों पर पूर्व में ही पुलिस बल तैनात कर मार्ग क्लियर कराया जाएगा, जिससे मरीज को शीघ्र अस्पताल पहुँचाया जा सके। अस्पतालों, एम्बुलेंस संचालकों, IMA व CMO के समन्वय से रूट मैप तैयार कर व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा रहा है।

दिनांक 31.03.2026 को पुलिस कार्यालय स्थित सभागार, कानपुर नगर में आपातकालीन (लाइफ थ्रेटनिंग) परिस्थितियों में मरीजों को शीघ्र, सुरक्षित एवं निर्बाध रूप से अस्पताल पहुँचाने के उद्देश्य से एक समन्वय गोष्ठी/बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. विपिन ताडा द्वारा की गई, जिसमें पुलिस उपायुक्त यातायात श्री रवीन्द्र कुमार, एडीसीपी यातायात श्री कपिल देव सिंह, डॉ. अनुराग (आईएमए), डॉ. आर. के. गुप्ता (एसीएमओ), प्रमुख अस्पताल संचालक, एम्बुलेंस संचालक, यातायात निरीक्षकगण तथा आईसीसीसी एवं ट्रैफिक मीडिया सेल के अधिकारी उपस्थित रहे ।

बैठक में एम्बुलेंस को त्वरित एवं बाधारहित आवागमन सुनिश्चित करने हेतु ग्रीन कॉरिडोर व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत Integrated Command and Control Centre (ICCC) में एक समर्पित ग्रीन कॉरिडोर सेल स्थापित किया गया है, जो 24X7 तीन शिफ्टों में संचालित होकर एम्बुलेंस मूवमेंट की रियल टाइम मॉनिटरिंग, समन्वय एवं ट्रैफिक प्रबंधन करेगा । कंट्रोल रूम में उपलब्ध लाइव सीसीटीवी कैमरों एवं गूगल मैप्स के माध्यम से एम्बुलेंस की सतत निगरानी की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार फील्ड यूनिट्स को तत्काल निर्देशित किया जाएगा। इस हेतु सीयूजी/हेल्पलाइन नंबर-9454402413 जारी किया गया है, जिस पर एम्बुलेंस चालक कॉल, मैसेज, व्हाट्सएप कॉल अथवा लाइव लोकेशन साझा कर सकते हैं । सूचना प्राप्त होने पर संबंधित मार्ग पर तैनात ट्रैफिक पुलिस को अलर्ट कर प्राथमिकता के आधार पर मार्ग को ट्रैफिक मुक्त कराया जाएगा । संभावित जाम अथवा अवरोध वाले स्थानों पर एम्बुलेंस के पहुँचने से पूर्व ही पुलिस बल तैनात कर आवागमन सुचारू किया जाएगा, जिससे मरीज को न्यूनतम समय में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके ।

एम्बुलेंस चालक द्वारा कंट्रोल रूम को वाहन/मरीज से संबंधित आवश्यक विवरण–जैसे वाहन संख्या, वर्तमान लोकेशन (लाइव लोकेशन शेयरिंग), गंतव्य अस्पताल, प्रस्तावित मार्ग, मरीज की स्थिति तथा चालक का नाम उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे समन्वय अधिक प्रभावी ढंग से स्थापित किया जा सके। बैठक के दौरान अस्पताल एवं एम्बुलेंस संचालकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर शहर के व्यस्त चौराहों एवं प्रमुख अस्पतालों को चिन्हित करते हुए एक विस्तृत रूट मैप तैयार किया जा रहा है, जिससे आपातकालीन यातायात प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

## मंदिर में चोरी की घटना का किया खुलासा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने मन्दिर मे चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किये हुए पीतल के सात कलश व 500 रूपये नगद बरामद किये।

जानकारी के अनुसार विगत 30 मार्च 2026 को वादी नरेंद्र कुमार पुत्र स्व. बेनी प्रसाद जैन निवासी जैन बाग कालोनी थाना सरसावा की तहरीर पर अज्ञात चोरो के खिलाफ श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी दिगम्बर जैन मन्दिर माथे श्रीमति बुल्ली कौर जैन सरसावा मौ. चौधरियान सरसावा मंदिर पर छोटे तीन शिखरों पर लगे पीतल के सात कलश को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना प्रभारी प्रवेश कुमार के नेतृत्व में आज थाना सरसावा पुलिस ने घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन शातिर चोरो सागर उर्फ काली पुत्र नाथीराम निवासी मौहल्ला पूर्वी अफगनान खटीको की पुलिया वाली गली कस्बा व थाना सरसावा, विकास भण्डारी पुत्र गुलशन कुमार निवासी मौहल्ला पूर्वी अफगनान खटीको की पुलिया वाली गली कस्बा व थाना सरसावा, सलमान पुत्र अनवर उर्फ फानू निवासी मौहल्ला मिर्धान कस्बा व थाना सरसावा को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से चोरी किये हुए पीतल के सात कलश व 500 रूपये नगद बरामद हुये।

# एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 में मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव का भव्य सम्मान




(उत्पल दादा) अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वाराणसी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के बीच औद्योगिक, व्यापारिक तथा सांस्कृतिक सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट),जीआई टैग, शिल्प, कृषि एवं फूड उत्पादकों, उद्योग जगत के निवेशकों तथा शिल्पकारों को एक व्यापक साझा मंच प्रदान किया गया। सम्मेलन के अंतर्गत एक विशेष प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश के ओडीओपी उत्पादों, हस्तशिल्प एवं पारंपरिक वस्त्रों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शनी ने आगंतुकों, उद्यमियों तथा निवेशकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया और दोनों राज्यों के बीच व्यापारिक संभावनाओं को नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के प्रदेश सचिव राजेश कुमार सिंह ने प्रदेश उपाध्यक्ष दीना नाथ बरनवाल के साथ संगठन की ओर से मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्यमंत्री जी ने लघु उद्योग भारती को उद्यमियों के हित में समर्पित एवं सक्रिय संगठन बताते हुए इसके कार्यों की सराहना की।आयोजित कार्यक्रम में राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में उद्योग स्थापना हेतु पर्याप्त मात्रा में भूमि उपलब्ध है। राज्य सरकार उत्तर प्रदेश के नए उद्यमियों को कम लागत पर भूमि उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। यह पहल दोनों राज्यों के बीच औद्योगिक सहयोग को और अधिक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा नए निवेश और रोजगार के अवसर सृजित करेगी।

कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती संगठन के ज्योति शंकर मिश्रा,बृजेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, विपुल शंकर पांड्या, आयुष शाह, मनोज गुप्ता, विनय,नवीन, अनिल राय, देवी विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में संगठन से जुड़े उद्यमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

**महोबा।** थाना खरेला में सोते समय एक किसान के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ जाने से मौत हो गई, जबकि पत्थर उद्योग नगरी कबरई के एक पहाड़ पर ड्रिल मशीन चलाते समय गिरने से मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीमों ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जांच शुरू कर दी है।

थाना खरेला के पाठा गांव निवासी निखिल (58) पुत्र धीरज कृषि कार्य करता था। सोमवार की रात को खेत में रखी फसल की थ्रेसिंग करने के बाद खेत पर ही सो गया। तड़के सुबह चालक ट्रैक्टर और थ्रेसिंग मशीन लेकर जाने लगा, लेकिन आगे रास्ता कम होने के कारण जैसे ही खेत में वाहन को बैक किया तभी सो रहे निखिल के ऊपर थ्रेसर मशीन और ट्रैक्टर का पहिया चढ़ गया। चीख पुकार सुनकर लोग दौड़ पड़े, लेकिन किसान की तब तक घटना स्थल पर ही मौत हो चुकी थी।

दूसरी घटना कस्बा कबरई के लोढा पहाड़ की है। जहां पर कस्बे के मोहल्ला लक्ष्मीबाई निवासी राहुल कुशवाहा (30) पहाड़ पर ड्रिल मशीन चला रहा था, उसी समय संतुलन खो बैठा और नीचे खदान में गिर कर बुरी तरह घायल हो गया।

# मेधावियों के सम्मान से खिल उठे बच्चों के चेहरे, डायनेमिक इंग्लिश स्कूल मेपरीक्षा फल का वितरण

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** कैंट थाना अंतर्गत फुलवरिया क्षेत्र स्थित डायनेमिक इंग्लिश स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं मेधावी छात्र-सम्मान समारोह का भव्य आयोजन आज मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया, जिससे पूरा परिसर उत्साह और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। हुनर देख गदगद हुए अभिभावक कार्यक्रम के दौरान जैसे ही बच्चों के हाथों में उनके परीक्षा परिणाम आए, अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चों द्वारा वर्ष भर की गई कड़ी मेहनत और उनके प्रदर्शन को देखकर मौजूद अभिभावकों ने विद्यालय के शिक्षण स्तर और बच्चों के टैलेंट की जमकर सराहना की। कई अभिभावकों ने भावुक होते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का शैक्षणिक माहौल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। सर्वप्रथम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैंट थाना प्रभारी शिवाकांत मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि महामंत्री सेंट्रल बार आशीष सिंह द्वारा सर्वप्रथम दीप ज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस दौरान फुलवरिया चौकी इंचार्ज दीक्षा पांडे ने मिशन शक्ति फेस 5 के तहत बच्चों को जागरूक किया। इस क्रम में बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। कक्षा 1 के छात्र प्रथम काव्य वर्मा

द्वितीय भाग्यश्री, तृतीय सिद्धि सिंह एवं कक्षा 2 के प्रथम आकाश सिंह, द्वितीय करण सोनकर,तृतीय नियति गुप्ता,एवं कक्षा 3 के अदिति पाल,द्वितीय संस्कार मौर्य, तृतीय संवि चौहान रहे। बच्चों का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ। सत्यम शिवम सुंदरम गाने पर नृत्य की प्रस्तुति छोटी बच्ची मोहिनी शर्मा ने जब किया तो अभिभावकों द्वारा तालिया की गर्गाराहाट विद्यालय परिसर में गुजरने लगी। मुख्य अतिथि शिवाकांत मिश्रा ने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए बताया कि,छोटे से प्रांगण में बच्चों की अद्भुत प्रतिभा देख कर बहुत अच्छा लगा। उन्होंने छात्रा मोहिनी की प्रस्तुति पर ?1000 का नगद पुरस्कार दिया। इस अवसर पर अतिथि आशीष सिंह ने बताया कि विद्यालय भले ही छोटे हो मगर उसका हौसला बहुत बड़ा है। उन्होंने सभी छोटे बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं विद्यालय प्रबंधन दिलीप श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज में बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन शबाना खातून और अलका तिवारी ने दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती मधु पाल,दिनेश कुमार दिनेश कुमार सिंह,संजय कुमार शर्मा,रेनू कुमारी,रूपा राजवीर,भरत जी,अंजली मोर्य,रीना त्रिपाठी,रागिनी पटेल,वंदना शर्मा,कंचन तिवारी,पूनम सिंह,अनु शर्मा,प्रतिमा राय, अलका तिवारी,अनिल कुमार सहित आदि अध्यापक गण उपस्थित थे।

# जिला सड़क सुरक्षा बैठक संपन्न, कई महत्वपूर्ण विषय पर किया गया विचार

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सत्येन्द्र कुमार,जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में (आईआरएडी) इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस के आधार पर दुर्घटना आंकड़ों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने प्रमुख दुर्घटना स्थलों एवं उनके कारणों की समीक्षा की। दुर्घटनाओं के मुख्य कारण पर चर्चा करते हुए अधिकांश दुर्घटनाएं पेट्रोल पंप, रेस्टोरेंट/ढाबे, चौराहे, अंडर पास , मुख्य मार्ग म सम्मिलित होने वाली सर्विस लेन एवं सड़क के मर्जिंग प्वाइंट के आसपास हो रही हैं। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य मार्गों पर बिना समुचित सर्विस लेन के संचालित पेट्रोल पंपों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा एन एच ए आर एवं पी डब्लू डी को ऐसे पेट्रोल पंपों/सीएनजी स्टेशनों की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध सीजिंग की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन तथा गंभीर मामलों में निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। उन्होंने विद्यालय वाहनों की सुरक्षा के संबंध में जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देशित किया कि वे सभी विद्यालयों को स्पीड गवर्नर, लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस , सीट बेल्ट आदि आवश्यक फिटमेंट की चेकलिस्ट उपलब्ध कराएं तथा 100% अनुपालन सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) आलोक वर्मा, एडीसीपी ट्रैफिक अंशुमान मिश्रा, ए.आर.टी.ओ सुधांशु रंजन,अखिलेश पाण्डेय सहित स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों को 48 घंटे में मिलेगा गेहूँ का भुगतान, प्रशासन ने व्यवस्थाएं कीं दुरुस्त

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** जिले में गेहूँ खरीद को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है और किसानों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के लिए ठोस व्यवस्थाएं लागू कर दी गई हैं। जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देशन में खाद्य विभाग एवं संबंधित एजेंसियां समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं, जिससे किसानों को उनकी उपज का मूल्य पारदर्शी और शीघ्र प्राप्त हो सके।

खाद्य विपणन अधिकारी मोनिका माहेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन की गेहूँ खरीद नीति के तहत किसानों को उनके गेहूँ का भुगतान अधिकतम 48 घंटे के भीतर सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जाएगा। इसके लिए ई-उपार्जन पोर्टल और पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसानों के बैंक खातों का सत्यापन कार्य तेजी से कराया जा रहा है, ताकि भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो। इसके लिए राजस्व विभाग भी पूरी तरह से सक्रिय है।

उन्होंने बताया कि जिले में 30 मार्च से गेहूँ खरीद प्रारम्भ हो चुकी है और इसके लिए 84 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण हैं और संबंधित अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मण्डियों में आ रही नई फसल में नमी की मात्रा निर्धारित मानक 12 प्रतिशत से अधिक, लगभग 20-22 प्रतिशत पाई जा रही है। ऐसे में किसानों के हित में मानक अनुरूप गेहूँ की ही खरीद की जाएगी, जिससे उन्हें उचित मूल्य मिल सके। अनुमान है कि आगामी 3-4 दिनों में नमी का स्तर कम होने पर खरीद प्रक्रिया और अधिक गति पकड़ेगी।

# छह अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस मनाए जाने को लेकर जिला कार्यशाला का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** भाजपा जिला कार्यालय में मंगलवार को 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस मनाए जाने को लेकर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला दौरान पार्टी स्थापना दिवस के मौके पर 5 से 12 अप्रैल तक कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार कर पार्टी पदाधिकारी, सदस्य के अलावा विभिन्न मोर्चा के अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा और संचालन महामंत्री प्रकाश अनुरागी ने किया।

भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला कार्यशाला में बताया गया कि 5 अप्रैल को जिला कार्यालय पर सजावट के साथ ध्वजारोहण किया जाएगा, 7 अप्रैल को रंगोली और सजावट कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जबकि 8 व 9 अप्रैल को जिला स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन होगा इसके साथ 7 से 12 अप्रैल तक ग्राम बस्ती संपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिसमें भाजपा की नीति और योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया जाएगा। कार्यशाला दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जो सभी वर्गों, सभी जातियों को साथ लेकर 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर कार्य करता है और जो कहता है, उसे पूरा करता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गर्व का विषय है। हम विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के कार्यकर्ता हैं और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। कार्यकर्ताओं के समर्पण और सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के कारण भाजपा आज जनजन की पार्टी बन चुकी है।

# मिस एंड मिसेज़ फेस ऑफ़ द ईयर प्रतियोगिता संपन्न




अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** इंक्रेडीबल फाउंडेशन के तत्वाधान मे मिस एंड मिसेज़ फेस ऑफ़ द ईयर प्रतियोगिता छोटे बच्चो का फैशन शो का आयोजन रविवार को मंडुवाडीह स्थित एक होटल परिसर मे आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता मे वाराणसी एवं आश पास के क्षेत्रों की कुल 25 मॉडलो ने भाग लिया। शो से पूर्व 27 एवं 28 मार्च को यशोभि ओझा, प्रियंका मिश्रा व शाहिद मर्चेंट कोरियोग्राफर ने सभी मॉडलो को 3 राउंड के लिए प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ इस शो की डायरेक्टर पूजा मिश्रा, वन्दना सिंह,डॉ ध्वनि जायसवाल एवं साक्षी पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया

फेमस फैशन डिज़ाइनर राकेश थावानी के साड़ियों को पहन मॉडलो फ़िल्मी गीतों पर रैम्प वॉक कर उपस्थित निर्णायको को मन्त्र मुग्ध कर दिया। इस प्रतियोगिता मे कुल 3 राउंड था जिसमे साड़ी राउंड, फंकी व गाउन राउंड शामिल थे। फैशन शो में 3 राउंड शो के बाद निर्णायको द्वारा पूछे गए प्रश्न के आधार पर मिस मे अनु तिवारी विनर प्रिया मिश्रा प्रथम रनरप व मिसेज़ मंजू यादव जूनियर वर्ग मे विनर सीनियर वर्ग मे विनर शीलू त्रिपाठी को चुना गया मेकअप आर्टिस्ट मे जागृति सोनी व बेबी सरोज की टीम ने सभी को मेकअप किया। निर्णायको मे मुख्य रूप से वन्दना सिंह, के.के. गुप्ता, साक्षी पाण्डेय, विश्वजीत अग्रहरि शामिल थे।

## मेधावी छात्रों का सम्मान, प्रतिभाओं को मिला मंच

**वाराणसी।** सुसुवाही स्थित नवनीता कुंअर पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 'आरोहण 2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री राजेश कुमार राय, उप प्रबंधक श्री प्रवीण राय, प्रधानाचार्य डॉ.दिवाकर राय एवं समन्वयकों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रधानाचार्य डॉ. दिवाकर राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार और अनुशासन की आधारशिला है। उप प्रबंधक प्रवीण राय ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।समारोह में विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। मोस्ट प्रोमाइजिंग, बेस्ट न्यू इंटरेस्ट, कैलीग्राफी, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत, नृत्य एवं ग्रुप स्टूडेंट पुरस्कार तेजस, प्रियांशी, सार्थक, भव्य, हिमांशु, वैष्णवी, अनुष्का, आस्था, लक्ष्य, सृष्टि एवं संवि को दिए गए। अंत में वरिष्ठ समन्वयक असीम कुमार घोषाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# धूमधाम से मनाया गया हजरत मलक हसन शाह रहमतुल्लाह अलैहे का उर्स

- मजार परिसर में लंगर का किया गया आयोजन, लोगों ने शिरकत कर तबर्रुख का उठाया लुत्फ

फैजान अली



**महोबा।** हजरत मलक हसन शाह रहमतुल्लाह अलैहे का उर्स मुबारक धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार को मराज ए अकदस पर अकीदमंदों ने चादर चढ़ाई और इसके बाद फातिहा में शामिल होकर मन्नते मानी। हजरत मलक अरब हसन शाह बाबा कमेटी व अन्य अकीदतमंदों ने मजार परिसर में लंगर का आयोजन किया, जिसमें में लोगों ने शिरकत कर तबर्रुख का लुत्फ उठाया। इस मौके पर पुरुषो के साथ साथ महिलाओं की भी भीड़ जुटी, जिन्होंने पूरे दिन मजार पर बैठक हाजिरी दी। उर्स के चलते सारा दिन मजार परिसर में लोगों का तांता लगा रहा।

मुस्लिम समुदाय के सूफी हजरत मलक हसन शाह रहमतुल्लाह अलैहे के उर्स के मौके पर मोहल्ला बजरिया से अकीदमंदों ने चादर जुलूस सादगी के साथ निकाला गया, जुलूस में शामिल लोग नरा ए तकबीर अल्लाहो अकबर की सदाएं बुलंद करते हुए चल रहे थे। चादर जुलूस प्रमुख मार्गो से होता हुआ शहर की ईदगाह के समीप स्थित मजार परिसर पहुंचा, जहां पर अकीदत के साथ मजार पर चादर चढ़ाई गई और इसके बाद अकीदमंदों ने मजार पर फूल, इत्र लगाया और मन्नते मानी। मौलाना व हाफिजों ने फातिहा पढ़ी और इसके बाद दुआएं की गई, बाद में बुलंद आवाज में सलाम पेश किया गया। फातिहा के मौके पर अकीदमंदों की भारी भीड़ जुटी। उर्स के मौके पर मुस्लिमों के अलावा हिन्दू भाइयों ने भी शिरकत की।

कमेटी के लोगों ने बताया कि पहले से ही उर्स की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। मजार परिसर की साफ सफाई कर सारे इंतजाम किए गए थे, जिससे जिले के अलावा बाहर से आने वाले अकीदमंदों को किसी भी तरह की परेशान न उठानी पड़ी। सोमवार को रात नौ बजे संदर हुआ और फिर मंगलवार को मजार परिसर में लंगर का आयोजन किया गया, जिसके लिए देगे चढ़ाई गई और फातिहा के बाद आए हुए सभी लोगों को बैठाकर तबर्रुख खिलाया गया। इससे पूर्व सुबह कुरान ख्वानी हुई, जिसमें मदरसों में पढ़ने वाले बच्चे, हाफिज व अन्य लोगों ने कुरान की तिलावत की गई।

## व्यावसायिक एवं घरेलू गैस सिलेंडर संकट की खबरें निराधार, 2 दिनों में 27 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति

**अलीगढ़।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कमी को लेकर फैल रही खबरों पर जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट आंकड़ों के साथ स्थिति साफ कर दी है। विभाग के अनुसार जिले में कमर्शियल एवं डोमेस्टिक गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि में निर्बाध आपूर्ति की जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वर्तमान में ऑयल कंपनियों द्वारा ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों की बुकिंग और आपूर्ति प्रणाली सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुकिंग के बाद अधिकतम 45 दिनों और नगरीय क्षेत्रों में 25 दिनों के भीतर उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जा रही है।

## खंड शिक्षा अधिकारी की बेटी के द्वारा पीसीएस परीक्षा पास करने पर राज किशोर शुक्ल ने खुशी जताई

**फर्रुखाबाद।** खंड शिक्षा अधिकारी फर्रुखाबाद की बेटी ने उत्तीर्ण की पीसीएस परीक्षा - लखीमपुर खीरी निवासी स्मृति श्रीवास्तव ने पीसीएस 2024 की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया। स्मृति ने एम?एससी कैमिस्ट्री के साथ बीएड डिग्री प्राप्त कर पीसीएस परीक्षा की तैयारी कर सफलता प्राप्त की। उन्हें ज्वाइंट कमिश्नर जीएसटी बनाया गया। बताते चलें कि स्मृति श्रीवास्तव के पिता राजीव श्रीवास्तव फर्रुखाबाद में खंड शिक्षा अधिकारी पद पर कार्यरत हैं। बेटी की पीसीएस परीक्षा में सफलता पर उतर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल, अध्यक्ष अवनीश चौहान, अमित मिश्रा, मुन्ना लाल यादव, देवेंद्र यादव, राजेश यादव, राकेश यादव, निर्देश गंगवार, अश्विनी चतुर्वेदी, उपेंद्र गंगवार, विकास गंगवार, श्याम सिंह, सुशील माथुर आदि ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप – मुख्य अभियंता / निर्माण /अयोध्या / उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द ई–निविदाएँ दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के BSB-PBH-LKO खंड पर, Dy CE/C/AY के अधीन, LC संख्या 118/C (954.447), 129/C (970.635), 136/C (979.702) और 140/C (948.670) के स्थान पर RUB का प्रावधान। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 2418.88 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 48,37,800.00 |
| 5 | ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनॉक 23.04.2026 को 11.30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनॉक 23.04.2026 को समय 11.30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनॉक 02.04.2026 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनॉक 09.04.2026 से 23.04.2026 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या 255–टेण्डर/ उप मुख्य अभियंता / निर्माण -अयोध्या/लखनऊ, दिनॉक 30.03.2026 1083/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**RECRUITMENT NOTICE**

**B.S.N.V.P.G. COLLEGE (K.K.V.), LUCKNOW**

Applications are invited for Three Assistant Professor (Contractual) in BBA (International Business), Three in BCA and Three in B.Sc. (Computer Science) on fixed salary. Qualifications are as per Lucknow University Act. & Statutes. The college administration has right to cancel or withheld the advertisement in part or full at any stage. Apply latest by 01-05-2026 with attested copies of testimonials and relevant documents to the Principal, B.S.N.V.P.G. College, Lucknow in the prescribed form available on college website : bsnvpgcollege.ac.in Note:- Candidates are required to submit the Rs. 500/- cash at the time of submitting the hard copy of application in the college office. Applications will not be accepted if sent through any other means/mail.

Ref.no.:BSNVPGC/Meemo/2025-2026
Dated: 28.03.2026

PROF. SANJAI MISRA
PRINCIPAL

# भाजपा की स्थापना दिवस की तैयारियो को लेकर बैठक संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** आवास विकास कॉलोनी स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में आगामी 6 अप्रैल पार्टी के स्थापना दिवस के संदर्भ में तैयारी बैठक संपन्न हुई जिसमें सभी नवनियुक्त पदाधिकारी मंडलों के अध्यक्ष एवं मोर्चा के अध्यक्ष शामिल हुए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया हर वर्ष की भांति 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाता है यह स्थापना दिवस एक सेवा भाव के रूप में मनाया जाएगा 6 अप्रैल 1980 को स्थापित हुई भारतीय जनता पार्टी जिसने अपनी राजनैतिक पारी में विषम परिस्थितियों के बावजूद भी जन कल्याण और जन सेवा के संकल्प के मंत्र के साथ अपनी विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाया है। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस स्थापना दिवस के कार्यक्रम को पूरे हर्ष और उल्लास के साथ जनपद में मनाने का कार्य करेंगे। संगठन की योजना के अंतर्गत 5, 6 व 7 अप्रैल को जिला कार्यालय को फूलों,लाइटिंग एवं रंगोली द्वारा सजाया जाएगा। 6 अप्रैल के दिन ही पार्टी मुख्यालय पर ध्वज फहराने एवं मिष्ठान वितरण किया जाएगा इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी वरिष्ठ नेता एवं विचार परिवार के लोग आमंत्रित किए जाएंगे। कार्यालय पर पार्टी की विकास यात्रा से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएगी एवं उद्बोधन होगा। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में पार्टी का ध्वज फहराएंगे एवं प्रत्येक बूथ पर पार्टी के प्रेरक महापुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे इसके साथ ही बूथ पर ही 6 एवं 7 अप्रैल को प्राथमिक सदस्य सक्रिय सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर स्थापना दिवस के कार्यक्रम को मनाने का कार्य करेंगे साथ ही भाजपा की विचारधारा पर संगोष्ठी आयोजित करेंगे।

जिला स्तर पर 8 व 9 अप्रैल तारीख के मध्य सक्रिय सम्मेलन आयोजित होंगे। 7 अप्रैल से 12 अप्रैल के मध्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गांव एवं बस्तियों में भ्रमण करके केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यो एवं योजनाओं का प्रचार करेंगे एवं जिस गांव में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता समाज के बुद्ध जीवी एवं गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित होगा लाभार्थियों से संपर्क करके प्रदेश एवं केंद्र सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों पर व्यापक चर्चा करेंगे। यह सभी कार्यक्रम सोशल मीडिया विभाग एवं आईटी सेल विभाग द्वारा सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर पोस्ट किया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों के लिए कार्यक्रम संयोजकों की नियुक्ति की गई है एवं कार्यक्रम स्थलों एवं तारीखों का चयन करके सभी पदाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा भाजपा की स्थापना के बाद उसकी विकास यात्रा की बारे में संपूर्ण जानकारी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कहा भारत एक समृद्ध और सशक्त राष्ट्र बनाने में भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार का महत्वपूर्ण योगदान है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर भारत विकास के नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है। स्थापना दिवस का अवसर प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए एक महत्वपूर्ण दिवस होता है जिसको पूरे उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। इस बैठक का संचालन जिला महामंत्री गोपाल राठौर ने किया।

# पोर्टल पर भरना होगा प्रत्येक स्कूल वाहन का विवरण, अनफिट वाहन होंगे सीज

- 1 से 15 अप्रैल तक चलेगा विशेष चेकिंग अभियान

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत के अनुसार फर्रुखाबाद जनपद के समस्त विद्यालयों को परिवहन विभाग तथा शिक्षा विभाग द्वारा विकसित पोर्टल पर प्रत्येक स्कूल वाहन का विवरण भरना होगा। इसके साथ ही उन्हें एक शपथ पत्र भी अपलोड करना होगा, जिसमें पोर्टल पर भरे गए वाहनों की सत्यता प्रमाणित करनी होगी। पोर्टल पर प्रत्येक वाहन का विवरण उसकी फिटनेस, परमिट,प्रदूषण प्रमाण पत्र तथा बीमा की वैधता अंकित होगी। ड्राइवर के ड्राइविंग लाइसेंस एवं ड्राइवर के चरित्र सत्यापन का विवरण भी अपलोड किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठकों की सूचना आदि का विवरण भी भरा जाएगा,जो विद्यालय यह विवरण नहीं भरेंगे , उनके विरुद्ध संबंधित शिक्षा बोर्ड द्वारा कार्यवाही की जाएगी।

जनपद फर्रूखाबाद में विद्यालयों के नाम 486 वाहन पंजीकृत हैं। वर्तमान में 130 वाहनों की फिटनेस समाप्त हो गई है, जिनमें से 33 वाहन 15 वर्ष से अधिक पुराने हैं, जबकि स्कूली वाहनों की आयु सीमा 15 वर्ष है। 218 वाहनों के परमिट समाप्त है। शासन के निर्देशानुसार दिनांक 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक स्कूली वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाया जायेगा, जिसके अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी अनफिट स्कूल वाहनों को पुलिस एवं परिवहन विभाग सीज करे तथा बीएसए तथा डीआईओएस ऐसे स्कूलों के विरूद्ध मान्यता समाप्त कराने तथा एफआईआर कराने की कार्यवाही करायें। अतः ऐसे सभी विद्यालय संचालक जिनके वाहन नष्ट हो गए हैं एवं संचालन में नहीं है, उनके पंजीयन प्रमाण पत्र निरस्त कराना सुनिश्चित करें तथा बिना फिटनेस संचालित वाहनों की फिटनेस कराना सुनिश्चित करें ताकि कार्रवाई से बचा जा सके।

# दर्जनों बटुकों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार, सनातन परंपराओं का दिया संदेश

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामनगरी स्थित माधव सेवा सदन के पवित्र परिसर में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के तत्वावधान में विप्र बटुकों का निशुल्क सामूहिक यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार भव्य रूप से संपन्न हुआ। चैत्र मास के पुण्य अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, अभिभावक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के बीच दर्जनों बटुकों का उपनयन संस्कार सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम में परिषद के प्रदेशाध्यक्ष पंडित दिलीप राम त्रिपाठी मुख्य यजमान के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में वर्णित 16 संस्कारों में यज्ञोपवीत संस्कार का विशेष महत्व है। यह संस्कार बालक के जीवन में शिक्षा, अनुशासन और ब्रह्मचर्य की शुरुआत का प्रतीक होता है।

समारोह के संरक्षक एवं माधव सेवा सदन के पीठाधिपति जगद्गुरु स्वामी रामानुजाचार्य जी महाराज के सानिध्य में पूरा कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार के पश्चात बालक को वेद अध्ययन का अधिकार प्राप्त होता है तथा उसे संयमित जीवन, गुरु के सानिध्य में रहकर ज्ञानार्जन और नैतिक मूल्यों का पालन करने की प्रेरणा दी जाती है।कार्यक्रम का संचालन आचार्य वीरेन्द्र कुमार वैदिक के आचार्यत्व में हुआ, जिसमें आचार्य बृजेश कुमार पाण्डेय, आचार्य रवींद्र कुमार मिश्र, आचार्य नारायण जी महाराज, आचार्य दाशारथी, डॉ. श्याम नारायण मिश्र, आचार्य राधेश्याम मिश्र, आचार्य कृष्णानंद मिश्रा, पंडित जितेंद्र तिवारी सहित कई विद्वान आचार्यों ने वैदिक रीति से संस्कार सम्पन्न कराया।



इस अवसर पर आचार्यों ने बटुकों को धर्म, आचार-विचार और संस्कारों की महत्ता से अवगत कराते हुए अनुशासित जीवन जीने तथा समाज व धर्म के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित रामानुज तिवारी, कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित धर्मदत्त पाठक, राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम शास्त्री, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महंत क्षीरेश्वर दत्त मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत ओमप्रकाश मिश्र, सदस्य जय प्रकाश तिवारी, वीरेंद्र प्रसाद पाठक दो जय गुरुदेव शुक्ल राधा रमण त्रिपाठी दिलीप मिश्र मुकेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।समारोह में उपस्थित अभिभावकों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलता है। अंत में सभी बटुकों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# विविध कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा मनाएगी स्थापना दिवस

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 6 अप्रैल को स्थापना दिवस वृहद स्तर पर मनाने की तैयारी के तहत सहादतगंज स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की।

बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री ने बताया कि 5 अप्रैल को कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा तथा 6 अप्रैल को पार्टी ध्वज फहराया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर भी पार्टी का ध्वज लगाएंगे। साथ ही पार्टी की विचारधारा, विकास यात्रा और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक ले जाकर व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

महानगर अध्यक्ष ने बताया कि 7 से 12 अप्रैल तक स्वच्छता अभियान, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान और लाभार्थी संपर्क अभियान जैसे कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि कार्यक्रमों का सफल आयोजन कर सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।बैठक में अभिषेक मिश्र, डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, अभियान संयोजक बाल कृष्ण वैश्य, शैलेन्द्र कोरी, स्वामी परमानंद मिश्र, रामप्रीत वर्मा, तिलकराम मौर्या, हरभजन गौड, रवि शर्मा, अरविन्द सिंह, शिवम्त शुक्ला, सर्वज्ञ सिंह, प्रदीप यादव, चारों मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्री, पार्टी पार्षद सहित महानगर कमेटी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## भंडारे का साथ भागवत कथा का समापन, भक्ति, सेवा और परंपरा का दिखा अदभुत संगम

**मवई, अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** मवई ब्लॉक अंतर्गत गायत्री नगर पटरंगा में आयोजिका शशि मिश्रा के आवास पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को समापन हुआ। समापन अवसर पर कन्या पूजन, बंदर भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान गांव का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।सात दिनों तक चली इस कथा में कथा व्यास पं0 उमेश शास्त्री ने भागवत महात्म्य का विस्तार से वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव, बाल लीलाएं, पूतना, अघासुर, बकासुर तथा कंस वध, गोपियों के विरह प्रसंग और श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की भावपूर्ण कथाओं का रसास्वादन कराया। अंतिम दिवस की कथा में उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन है, जो मनुष्य को सत्य, प्रेम और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करती है।कथा व्यास पं0 शास्त्री ने भंडारे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ÷भंडारा सेवा, त्याग और समर्पण की भावना का प्रतीक है। प्रसाद ग्रहण करने से न केवल आत्मिक शांति मिलती है, बल्कि समाज में आपसी सद्भाव और एकता भी मजबूत होती है।

## बकरी खेत में जाने पर विवाद, आठ पर मुकदमा दर्ज

**मवई -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर में खेत में बकरी चले जाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर पांच महिलाओं समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जबकि छह लोगों का शांति भंग की धारा में चालान किया गया है।थानाध्यक्ष सुरेश कुमार पटेल के अनुसार, एक पक्ष की शोभावती पत्नी सुग्गन रावत ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र मुकेश व अमरेश बकरी चरा रहे थे, तभी बकरी खेत में जाने की बात पर अनीता शर्मा, उनकी पुत्रियां सलोनी व पायल, दिवाकर व उसकी पत्नी ने मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया।वहीं दूसरे पक्ष की अनीता शर्मा ने भी तहरीर देकर आरोप लगाया कि खेत में बकरी जाने की शिकायत करने पर अंब्रेश व रितेश ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। चौकी प्रभारी रामदास नगर आयुष यादव ने दोनों पक्षों के छह लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई करते हुए चालान किया है।

## पीड़ित परिवार से मिले पूर्व मंत्री पवन पांडेय, निष्पक्ष जांच व मुआवजे की मांग

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** ग्रामसभा बैसिंग निवासी 32 वर्षीय राजू यादव की संदिग्ध मृत्यु के मामले में पूर्व मंत्री व विधायक तेज नारायण पांडे 'पवन' ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने मामले को अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील बताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि परिजनों द्वारा लगाए गए हत्या के आरोप सत्य हैं तो दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और आमजन का कानून व्यवस्था पर विश्वास बना रहे।पूर्व मंत्री ने बताया कि मृतक के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनके पालन-पोषण की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए, जिससे उनके भविष्य को सहारा मिल सके।उन्होंने आश्वासन दिया कि इस दुखद घड़ी में वह पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

## नन्हे आरुष ने कविता प्रतियोगिता में मारी बाजी, प्रथम स्थान हासिल

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** गुरु नानक एजुकेशनल सोसाइटी में आयोजित कविता प्रतियोगिता में एलकेजी के छात्र आरुष पाठक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से विद्यालय व परिवार में खुशी का माहौल है।

आरुष के पिता अपूर्व पाठक ने बताया कि उसे बचपन से ही कविता पढ़ने व सुनाने में विशेष रुचि है। विद्यालय के शिक्षकों ने भी उसकी प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षिका पूजा यादव, साधना शर्मा, सिलम पांडे, नेहा विश्वकर्मा व मंजू ने भी आरुष को शुभकामनाएं दीं।

# जाम से राहत को अतिक्रमण हटाओ अभियान, चालान व जब्ती की कार्रवाई



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जाम से निजात दिलाने के लिए अयोध्या पुलिस ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। एसपी ट्रैफिक एपी सिंह के नेतृत्व में एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी श्रेयस त्रिपाठी, नगर कोतवाल अश्वनी पांडेय व नगर निगम प्रवर्तन दल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की।चौक से फतेहगंज तक सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाते हुए दुकान के बाहर खड़ी गाड़ियों का चालान किया गया। साथ ही बाहर रखे सामान को जब्त कर लिया गया। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि अब रोस्टर बनाकर नियमित रूप से अभियान चलाया जाएगा। अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होगी। व्यापार मंडल के सहयोग से समस्या का स्थायी समाधान कराने की बात कही गई।

# वार्षिकोत्सव में छात्र -छात्राओं ने बिखेरा प्रतिभा का रंग

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उसरू स्थित गुरु नानक एकेडमी गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रांगण में रिपोर्ट कार्ड डे के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गुरु नानक एजुकेशन सोसाइटी का 15वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं ने ऐतिहासिक एवं सामाजिक विषयों पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के सीईओ अमनदीप सिंह विशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्र -छात्राओं के उत्साहवर्धन के साथ उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्र -छात्राओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज, आचार्य चाणक्य, कलिंग युद्ध, नारी शक्ति मिशन, गुरु-शिष्य परंपरा तथा सम्राट अशोक के जीवन पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। देशभक्ति एवं सामाजिक जागरूकता से ओतप्रोत इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर अतिथियों द्वारा छात्र- छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए तथा मेधावी छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अभिभावकों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिन्होंने छात्र -छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।विद्यालय प्रबंधन की सुसंगठित व्यवस्था के बीच संपन्न हुए इस कार्यक्रम में अनुशासन व गरिमा बनी रही। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन छात्राओं की प्रतिभा निखारने एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

# कविता मौर्या बनीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नियुक्ति पत्र पाकर बढ़ाया गांव व माता-पिता का मान

*अवधनामा संवाददाता*

**रूदौली (अयोध्या)।** रूदौली-मवई क्षेत्र में आयोजित आंगनबाड़ी चयन एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कोटरा के गांव हसनामऊ की निवासी कविता मौर्या ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर चयनित होकर अपने परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया।बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान में रूदौली ब्लॉक सभागार में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में कविता मौर्या को अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विधिवत नियुक्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नियुक्ति पत्र प्राप्त करते समय उनका उत्साह और गर्व देखने लायक था।कविता मौर्या ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है, जिससे उनके माता-पिता और गांव हसनामऊ में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि कविता की यह उपलब्धि अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि आलोक चंद्र ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समाज की नींव होती हैं, जो बच्चों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।खंड विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश मिश्रा ने भी अपने संबोधन में कहा कि सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर कविता मौर्या को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।गांव में खुशी का माहौलकविता मौर्या के चयन की खबर जैसे ही हसनामऊ पहुंची, गांव में खुशी का माहौल बन गया। परिजनों और ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कविता मौर्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार और शिक्षकों को दिया और कहा कि वह अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगी।

इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार का, बल्कि पूरे रूदौली क्षेत्र का गौरव बढ़ा है।

## कलश स्थापना के साथ नवदिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ

**बीकापुर-अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के पातूपुर शुक्लहिया में कलश स्थापना के साथ नव दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का भक्ति पूर्ण वातावरण में शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस श्री अयोध्या धाम से पधारे कथा प्रवाचक मानस मर्मज्ञ पं. रामचंद्र मिश्रा रामायणी ने श्रीरामचरितमानस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक दिव्य सागर है, जिसकी प्राप्ति कर्म, ज्ञान, भक्ति और समर्पण मार्ग से संभव है।कथा के दौरान याज्ञवल्क्य-भारद्वाज संवाद तथा सती संशय प्रसंग पर भी विस्तार से व्याख्यान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान पं. श्यामधर शुक्ला व विद्या शुक्ला सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे, हिमांशु गर्ग गोत्री, अंकित महाराज, शनि दास जी महाराज, उमाशंकर उपाध्याय, नीरज शुक्ला, महावीर मिश्रा, परशुराम विश्वकर्मा, प्रभात मौर्य व अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कृष्ण सुदामा की जोड़ी देखने को मिला 30 साल के साथी को देखकर भावुक हुए पूर्व विधायक

**रूदौली (अयोध्या)। (अवधनामा संवाददाता)** मानवीय संवेदनाओं और पुराने रिश्तों की मिसाल पेश करते हुए पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री अब्बास अली ज़ैदी रुश्दी मियां एक बार फिर चर्चा में हैं। लगभग 30 वर्षों पुराने अपने साथी से मिलने पहुंचकर उन्होंने न केवल दोस्ती की मिसाल कायम की, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि सच्चे रिश्ते समय और परिस्थितियों से परे होते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रुदौली क्षेत्र के उसरहा तेर निवासी बाबा दीन यादव उर्फ भल्लर जी इन दिनों कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। बीमारी के कठिन दौर में भी उनके मन में अपने पुराने साथी रुश्दी मियां के प्रति स्नेह और लगाव जरा भी कम नहीं हुआ। उन्होंने अपने परिवार से इच्छा जताई कि उनकी बीमारी की सूचना रुश्दी मियां तक पहुंचाई जाए, ताकि वह एक बार उन्हें देख सकें।

जैसे ही रुश्दी मियां को अपने पुराने मित्र की गंभीर बीमारी की जानकारी मिली, उन्होंने बिना देर किए उनके घर पहुंचकर हालचाल जाना। इस दौरान दोनों की मुलाकात भावुक क्षणों से भर गई, जिसे देखकर मौजूद लोगों ने 'कृष्ण-सुदामा' की जोड़ी की याद ताजा होने की बात कही।

रुश्दी मियां ने न केवल अपने मित्र का हौसला बढ़ाया, बल्कि उनके परिजनों को भी हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ÷हम जिस लायक हैं, हर समय आपके साथ खड़े हैं। इलाज में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

# प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की पहचान है होली-ईद मिलन समारोहः मनकेश्वर पांडे

## रोटरी क्लब के आयोजन में होली गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सोमवार की देर शाम नगर के एक हाल में रोटरी क्लब द्वारा होली एवं ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोटेरियन, गणमान्य लोग, महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आगामी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मनकेश्वर पांडे रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में गोरखपुर एवं सिसवा रोटरी क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चार्टर्ड प्रेसिडेंट विंध्यवासिनी सिंह ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं मंचासीन कराया गया। अपने संबोधन में मनकेश्वर पांडे ने कहा कि होली और ईद जैसे पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब न केवल सेवा कार्यों में अग्रणी है, बल्कि समाज में लोगों को जोड़ने का भी महत्वपूर्ण कार्य करता है।

रोटरी क्लब अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए क्लब की गतिविधियों और सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब स्थापना के बाद से लगातार जनहित में कार्य कर रहा है, जिससे जनपद में इसकी अलग पहचान बनी है।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। नेहा चौहान और उनकी टीम ने होली गीतों से माहौल को रंगीन बना दिया, जिस पर रोटेरियन जमकर झूमे। वहीं बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहा।

कार्यक्रम का संचालन देवेश पांडे व पंकज मौर्या ने संयुक्त रूप से किया। अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# होली मिलन समारोह सम्पन्न, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

*अवधनामा संवाददाता*

**गोशाईगंज-अयोध्या।** रंगों का पर्व होली आपसी भेद भाव मिटाने के साथ ही सभी के दिलों को जोड़ता है,जिस दिन समाज अपनी ताकत पहचान लेगा उस दिन एक जुटता अपने आप में लोगो को स्वयं दिखाई पड़ने लगेगी!उक्त बातें सोमवार को गोशाईगंज बाजार से सटे मडहा पुल समीप लक्ष्मी मैरेज लॉन में गोशाईगंज जायसवाल समाज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज से पधारे कुंवर नरेंद्र बहादुर सिंह ने कही समाजसेवी श्री प्रकाश जायसवाल की अध्यक्षता एवं रूबी जायसवाल व मृत्युंजय जायसवाल के संयुक्त संचालन मे आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथा प्रवक्ता राधेश शास्त्री के बैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप मे अयोध्या धाम से पधारे महेश जयसवाल, मुन्ना जायसवाल, रत्नेश जायसवाल, नीरज जायसवाल, अयोध्या नगर निगम के पार्षद अन्नू जायसवाल, बृजेन्द्र जायसवाल, जगदीश जायसवाल, गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद श्री मती आरती जयसवाल, मीनाक्षी, नीलम, डॉ रत्ना जायसवाल, निक्की, सीमा, मोनी ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र पर माल्यार्पण एवं धूप दीप प्रज्वलित कर किया समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक एवं म्यूजिकल कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मनमोह लिया।कार्यक्रम मे पधारे नीरज जायसवाल ने ऐसे कार्यक्रमों को हर साल आयोजित किए जाने पर बल दिया कार्यक्रम के सफल आयोजन पर गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति (रजि0) की अध्यक्ष श्रीमती आरती जयसवाल ने नगर अध्यक्ष-राम प्रकाश जायसवाल सोनू,उपाध्यक्ष-रवि जायसवाल गुड्डू एवं उनकी टीम को साधुवाद देते हुए मोमेंटो भेट कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मनोनीत सभासदों को उपजिलाधिकारी ने दिलाई शपथ

## नगर पंचायत चौक में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** स्थित चौक नगर पंचायत में मंगलवार को मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने नवनियुक्त सभासद यंत्री मधेशिया, अशोक विश्वकर्मा एवं माला देवी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने नवनियुक्त सभासदों का स्वागत करते हुए कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है और सरकार नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्वच्छता, पेयजल, सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई तथा सभासदों से जनसमस्याओं के त्वरित समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के प्रतिनिधि जगदीश मिश्रा ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता और सरकार के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं, इसलिए उन्हें ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ओम प्रकाश ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नगर पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अशोक पटेल, वरिष्ठ नेता राजेंद्र पटेल, चेयरमैन संगीता देवी, चेयरमैन प्रतिनिधि अजय मधेशिया सहित कई जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में नगर पंचायत के सभासद, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# शोहरतगढ़ में लूट की साजिश नाकाम, चार शातिर बदमाश गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** थाना शोहरतगढ़ पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लूट की योजना बना रहे गिरोह का भंडाफोड़ कर चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस और दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर मंगलवार रात करीब 8:45 बजे बाणगंगा बैराज के पास घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ा गया। जांच में सामने आया कि सभी आरोपी किसी बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह व एसओजी टीम ने संयुक्त रूप से सफलता हासिल की।

पुलिस ने जिन चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें रियाज अहमद उर्फ अकील अहमद (39 वर्ष) निवासी खुनुवा बाजार, शिवकुमार चौहान उर्फ मनगाठू (26 वर्ष) निवासी ठकुरा खुर्द, कौशल मिश्र (22 वर्ष) निवासी खड़कुईया तथा अखिलेश गड़ेरिया (25 वर्ष) निवासी कपिलवस्तु (नेपाल) शामिल हैं।आरोपियों के कब्जे से एक देशी तमंचा (315 बोर), एक जिंदा कारतूस तथा दो पल्सर मोटरसाइकिल (नंबर यूपी 55ﮍ ङ्क 0262 और यूपी 56 5942) बरामद की गई हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेज दिया है।

इस कार्रवाई में थाना शोहरतगढ़ पुलिस व एसओजी टीम के कई अधिकारी और जवान शामिल रहे, जिनके संयुक्त प्रयास से गिरोह को पकड़ने में सफलता मिली। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# शिक्षक भले ही सेवा से सेवानिवृत्त हो जाएं, लेकिन समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी हमेशा रहती है बनी : नेता प्रतिपक्ष

- माता प्रसाद जायसवाल कॉलेज में प्रधानाचार्य रमाकांत द्विवेदी को विदाई दी
- सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह, स्टाफ और लोगों ने उपहार देकर किया सम्मानित

**एजाज़ सिद्दीक़ी**

**इटवा सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को माता प्रसाद जायसवाल इंटर कॉलेज इटवा में प्रधानाचार्य रमाकांत द्विवेदी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के साथ-साथ कई शिक्षक व क्षेत्र के लोगों ने प्रधानाचार्य रमाकांत द्विवेदी को मालाएं पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित विदाई दी।

विद्यालय में प्रधानाचार्य रमाकांत द्विवेदी के विदाई में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक भले ही सेवा से सेवानिवृत्त हो जाएं, लेकिन समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी हमेशा बनी रहती है। उन्होंने विदाई के क्षणों को भावुक बताया। कहा कि ये नियम है कि जो आया उसे जाना है सरकारी नौकरियों में समय निर्धारित है कि 62 वर्ष में रिटायर होना है मैं तो 84 वर्ष का हूं विधायक हूं फिर 2027 का चुनाव भी लड़ूंगा। इस दौरान उनके अच्छे व्यवहार और सेवा कार्यों की प्रशंसा की गई। शिक्षकों ने द्विवेदी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके व्यवहार से किसी को कोई परेशानी नहीं हुई और उन्होंने हमेशा समय पर विद्यालय पहुंचकर अपना कार्य किया। रमाकांत द्विवेदी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने विद्यालय को अपनी सर्वोत्तम सेवाएँ दी हैं। यदि कोई कमी रह गई हो तो वे क्षमा चाहते हैं। इस कार्यक्रम में यशोदा देवी कन्या इंटर कालेज की प्रिंसिपल रंजना पाण्डेय, एस वाई डी पी नीरज द्विवेदी, अशोक कुमार, सद्दाम लिपिक, संजीव जायसवाल लिपिक मो0 वसी अहमद अवधेश कुमार रवि शंकर मिश्र दिलीप कुमार तौकिर आलम खान अजय कुमार श्याम नंदन शुक्ल राजकुमार रवि नंदन शेष नरायण माणि देवेन्द्र कुमार द्विवेदी दिनेश कुमार, दारा तिवारी सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# बलरामपुर फाउंडेशन ने दी 30 महिलाओं को सिलाई मशीन

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** कटरा बाजार क्षेत्र के स्थित बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड इकाई मैजापुर में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना (उत्तर प्रदेश सरकार) के अंतर्गत सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती गरिमा भूषण एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी करनैलगंज सुश्री नेहा मिश्रा उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की 30 महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि गरिमा भूषण ने अपने संबोधन में कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और सिलाई जैसे कौशल को अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे इस कौशल को आगे बढ़ाते हुए अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करें, जिससे एक मजबूत आत्मनिर्भर श्रृंखला तैयार हो सके। विशिष्ट अतिथि एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं अपनी मेहनत और हुनर के बल पर आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। उन्होंने बलरामपुर फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था लगातार महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर रही है, जो सराहनीय पहल है। इकाई प्रमुख संदीप अग्रवाल ने बताया कि मिल क्षेत्र में सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 250 महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें मशीनें वितरित की जा चुकी हैं, जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं।इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी, उप महाप्रबंधक पी. के. प्रभात, सौरभ गुप्ता, बालेंद्र सिंह, संजय मिश्र, राज नारायण पाण्डेय, श्री प्रकाश सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय जलवायु परिवर्तन पर संवेदीकरण कार्यशाला संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** सामाजिक संस्था गौतम बुद्ध जागृति समिति, द्वारा संचालित एवं रोहिणी नीलेकनी फिलोंथरोपिस फाउंडेशन एवं पानी संस्थान से सहायतित मौसम परियोजना के अंतर्गत संस्था कार्यालय उसका बाजार में पंचायत वार्ड सदस्यों का एक दिवसीय जलवायु परिवर्तन पर संवेदीकरण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे संस्था सचिव श्रीधर पाण्डेय ने मुख्य रूप से ग्राम पंचायत विकास कार्ययोजना पर विस्तृत जानकारी साझा किये।

उन्होने बताया गया कि यह पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने की प्रक्रिया है। इसमें मौसम और परिस्थितियों के अनुसार स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता दी जाती है। इसमें पंचायत स्तर पर संसाधन जुटाने, विकास कार्यों की मॉनिटरिंग और मूल्यांकन करने, ग्राम सभा की भूमिका और प्रभावी बैठको का आयोजन करना होता है 7 इससे पंचायत की योजनाएँ अधिक प्रभावी बनेंगी, विकास कार्यों में पारदर्शिता आएगी,ग्रामीण विकास में समुदाय की भागीदारी बढ़ेगा 7 इसी क्रम में क्लाइमेट वारियर लीड सुनील कुमार ने ग्राम पंचायत विकास कार्ययोजना को जलवायु के मुद्दे से जोड़कर बताया कि जलवायु परिवर्तन से हमारे खेती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जैसे बारिश देर-से या तेज़ होना , सूखा-बाढ़ की आवृत्ति बढ़ना, फसल-चक्र बिगड़ना। गर्मी से गेहूँ-जैसी रबी फसलों की उपज घटना, कीट-रोगों का दबाव बढ़ना , सिंचाई की माँग बढ़ना, भूजल स्तर गिरना, वर्षा पैटर्न बदलने से सिंचाई पर दबाव, खारे पानी का बढ़ना चावल, मक्का जैसी फसलों की उत्पादकता क्षेत्र-विशेष घट-बढ़ सकती है गर्म माहौल में नए रोगजनक फैलते हैं एवं निरंतर लागत बढ़ती है।

# जिला जज, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** जनपद न्यायाधीश दुर्ग नारायण सिंह, जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन तथा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से शिव नाडर फाउंडेशन द्वारा अशिक्षित लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से चलाये जा रहे कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इसके बाद बंदियों को पढ़ने के लिए पुस्तकालय किट का वितरण किया गया इसके साथ ही सभी अधिकारियों ने जेल में बंद दिव्यांग बंदियों को व्हील चेयर, वैशाखी तथा अन्य उपकरण का वितरण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कारागार अस्पताल में जाकर वहां पर भर्ती कैदियों से मुलाकात किया, साथ ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिला बन्दियों वार्ता की, उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास वकील नहीं है तो बता दीजिए वकील की व्यवस्था करा दी जायेगी। निरीक्षण के दौरान सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा अंकिता सिंह, जेल अधीक्षक मृत्युंजय कुमार पाण्डेय, डिप्टी जेलर, कारागार डॉक्टर, नगर कोतवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फर्जी दस्तावेज़ से संपति हड़पने का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अंबेडकर नगर।** फर्जी दस्तावेज बनाकर संपत्ति हड़पने का आरोप, सात लोगों पर मुकदमा दर्ज जलालपुर, अंबेडकरनगर। तहसील जलालपुर क्षेत्र के थाना कटका अंतर्गत ग्राम रामापुर (मसमूले नूरपुर कलां) निवासी सत्यनारायण शुक्ल की शिकायत पर पुलिस ने फर्जीवाड़ा कर संपत्ति हड़पने के आरोप में सहायक विकास अधिकारी सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई। प्रार्थी के अनुसार, उनके छोटे भाई रामप्रकाश शुक्ल का निधन 13 फरवरी 2024 को हो गया था। उनकी शादी ऊषा किरण से हुई थी, लेकिन वर्ष 2010 में न्यायालय के आदेश से दोनों का तलाक हो चुका था और उनकी कोई संतान नहीं थी।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रार्थी के फुफेरे भाई राधेश्याम उर्फ राधिका प्रसाद और उनकी पत्नी कृष्णा देवी ने साजिश के तहत रामप्रकाश शुक्ल की संपत्ति हड़पने की योजना बनाई। इसके लिए संतोष शुक्ला और प्रीति रानी को रामप्रकाश शुक्ल तथा कथित 'गंगोत्री देवी' का पुत्र-पुत्री दिखाते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कराए गए, जबकि 'गंगोत्री देवी' नाम की किसी महिला का अस्तित्व ही नहीं है।

पुलिस ने इस मामले में संतोष शुक्ला (निवासी संत नगर, बुराड़ी, नई दिल्ली), प्रीति रानी (निवासी संत नगर, बुराड़ी, नई दिल्ली), सुमित कुमार शुक्ल, राजितराम, रवीन्द्र प्रताप (सभी निवासी ग्राम रामापुर), सुरजीत मौर्य (ग्राम पंचायत अधिकारी) तथा सुनील कुमार श्रीवास्तव (सहायक विकास अधिकारी, ब्लॉक भियांव) के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

आरोप है कि इन सभी ने मिलकर काल्पनिक 'गंगोत्री देवी' के नाम से फर्जी अभिलेख तैयार कराए और करीब 26 वर्ष बाद बिना ग्राम सभा की खुली बैठक के अवैध रूप से परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करा दिया, जो नियमों के विपरीत है। कोतवाली प्रभारी अजय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही।

## भाजपा सरकार पर कांग्रेस ने साधा निशाना

**मालीपुर (अंबेडकरनगर)।** बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट और राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री ने अपनी नई राजनीतिक पार्टी के गठन के बाद पहली बार मालीपुर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला और आगामी चुनाव लड़ने के साथ सरकार बनाने का दावा भी किया।

यह कार्यक्रम कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा के आवास पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय समर्थक और राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समर्थकों को संबोधित करते हुए अग्निहोत्री ने कहा कि वर्तमान समय में देश का जनतंत्र कमजोर हो रहा है और जनप्रतिनिधियों का प्रभाव लगातार घटता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम जनता, विशेषकर सामान्य वर्ग की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सनातन परंपरा से जुड़े लोगों के राष्ट्रीय अधिकारों की उपेक्षा हो रही है, जिसके मद्देनजर राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का गठन किया गया है।

# फव्वारा तिराहे के पास कूड़ा डंपिंग प्वॉइंट बनाने से व्यापारियों में आक्रोश



**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** जनपद मुख्यालय के व्यस्त फव्वारा तिराहे के निकट अचानक बनाए गए कूड़ा डंपिंग पॉइंट ने स्थानीय व्यापारियों और आसपास के निवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कूड़े से निकलने वाली तेज दुर्गंध और मक्खियों के कारण दिनभर परेशानी बनी रहती है, जबकि कूड़े की उठान करीब 12:00 बजे तक हो पाती है। इस समस्या से हजारों राहगीर तो मुंह ढककर गुजर जाते हैं, लेकिन व्यापारियों की मजबूरी है—पेट पालने के लिए उन्हें इसी दुर्गंध भरे माहौल में दुकानें संभालनी पड़ रही हैं।

स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि फव्वारा तिराहा इलाका दिन भर चहल-पहल से भरा रहता है। यहां सैकड़ों दुकानें हैं और हजारों लोग आते-जाते हैं। लेकिन अब कूड़े के ढेर के कारण वातावरण इतना प्रदूषित हो गया है कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। मक्खियां चारों तरफ भिनभिना रही हैं, जिससे खाने-पीने की दुकानों पर भी असर पड़ रहा है। एक व्यापारी ने गुस्से में कहा, 'प्रशासन ने जहां चाहा वहां कूड़ा डालने का पॉइंट बना दिया। हमने प्रभारी अधिशासी अधिकारी से शिकायत की तो सिर्फ आश्वासन मिला, कोई ठोस निस्तारण नहीं हुआ। 'व्यापारियों का कहना है कि कूड़े की गाड़ियां देर रात तक कचरा नहीं उठातीं, जिससे दिन भर दुर्गंध फैली रहती है। इससे न सिर्फ स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है, बल्कि व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। ग्राहक भी इस इलाके से दूर रहने लगे हैं। राहगीरों की स्थिति और भी दयनीय है—वे नाक पर रुमाल या स्कार्फ रखकर तेजी से निकलते दिख रहे हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन ने बिना किसी सोच-विचार के व्यस्त इलाके में डंपिंग पॉइंट बना दिया, जबकि शहर में कई उपयुक्त खाली जगहें उपलब्ध हैं। प्रभारी अधिशासी अधिकारी से वार्ता के बाद केवल आश्वासन दिया गया कि समस्या जल्द सुलझा ली जाएगी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। व्यापार मंडल और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही डंपिंग पॉइंट को हटाया या शिफ्ट नहीं किया गया तो वे बड़े स्तर पर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## गैस एजेंसी पर महिला के साथ अभद्रता और मारपीट, पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई

**बांसी सिद्धार्थनगर।** थाना मिश्रौलिया अंतर्गत ग्राम मांझारिया की निवासनी एक महिला के साथ गैस एजेंसी पर अभद्रता, छेड़खानी और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता अनीता पुत्री रामजीत ने इस संबंध में थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।घटना का विवरणः शिकायत के अनुसार, पीड़िता अनीता दिनांक 29 मार्च को दोपहर लगभग 4:30 बजे चेतिया स्थित ॥.क्ष गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर लेने गई थी। वहां गैस एजेंसी की मालकिन के पति हरिश्चंद्र और उनके अन्य कर्मचारियों ने सिलेंडर देने की बात को लेकर पीड़िता से कहा-सुनी शुरू कर दी।पीड़िता का आरोप है कि जब उसने विरोध किया, तो हरिश्चंद्र और उसके कर्मचारियों ने उसके साथ अभद्रता की और उसका दुपट्टा खींचकर उसके सम्मान को ठेस पहुंचाई। इतना ही नहीं, आरोपियों ने गैस सिलेंडर (बाटला) उठाकर महिला के पैर पर मार दिया, जिससे वह चोटिल हो गई। जाते-जाते आरोपियों ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़िता ने बताया कि इस पूरी घटना का वीडियो भी मौजूद है, जिसे साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। आरोपियों के इस अमर्यादित व्यवहार से क्षुब्ध होकर पीड़िता ने थाना मिश्रौलिया में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## भरत चरित्र से मिली त्याग, समर्पण और धर्म की प्रेरणा, गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** मंगलवार को तमकुहीराज के रामलीला मैदान में श्रीहनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित अमृतमयी श्रीराम कथा के सप्तम दिवस का वातावरण भक्ति और भावनाओं से सराबोर रहा। अयोध्या धाम से पधारी सुप्रसिद्ध कथा वाचिका साध्वी स्मिता दीदी ने भगवान श्रीराम के वनवास और भरत चरित्र की अत्यंत मार्मिक कथा सुनाई, जिसे सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। पूरे पंडाल में 'जय श्रीराम' के जयघोष से भक्ति का अद्भुत संचार हो उठा। साध्वी स्मिता दीदी ने भरत के त्याग, भाई के प्रति अटूट प्रेम और धर्म निष्ठा को समाज के लिए आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि भरत ने सत्ता और वैभव को ठुकराकर अपने बड़े भाई श्रीराम के प्रति जो समर्पण दिखाया, वह आज के समय में भी हर व्यक्ति के लिए अनुकरणीय है। भरत चरित्र हमें सिखाता है कि सच्चा धर्म वही है, जिसमें स्वार्थ नहीं बल्कि कर्तव्य और प्रेम सर्वोपरि हो। उन्होंने आगे कहा कि श्रीराम का वनवास केवल एक घटना नहीं, बल्कि जीवन की कठिनाइयों में धैर्य, मर्यादा और सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पधारे अयोध्या के श्री हनुमानगढ़ी के महंत पूज्य श्री राजू दास ने कथा वाचिका द्वारा सनातन शिक्षा, संस्कृति और श्रीरामचरितमानस के प्रसार के उद्देश्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ हिंदुत्व को मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, 'हिंदुत्व केवल एक विचार नहीं, बल्कि हमारी सनातन पहचान और जीवन जीने की पद्धति है। जब तक हम अपने धर्म, संस्कृति और संस्कारों पर गर्व करते रहेंगे, तब तक कोई भी शक्ति हमें कमजोर नहीं कर सकती।' उन्होंने श्रीहनुमान जी के सेवा, शक्ति और भक्ति के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को सनातन धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन दिखाई दिए। कथा के माध्यम से जहां एक ओर लोगों को जीवन जीने की प्रेरणा मिली, वहीं दूसरी ओर हिंदू संस्कृति और परंपराओं के प्रति गर्व की भावना भी प्रबल हुई। इस आयोजन ने स्पष्ट कर दिया कि श्रीराम और भरत के आदर्श आज भी समाज को एकजुट करने और धर्म के पथ पर अग्रसर करने में सक्षम हैं।

# मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान श्री हरिराम शर्मा पब्लिक इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**इटवा सिद्धार्थनगर।** श्री हरिराम शर्मा पब्लिक इंटर कॉलेज सादड़ी खुनियाव में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व वैज्ञानिक भारत सरकार व एसोसिएटेड कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी टोंगा डॉक्टर बेगराज सिंह जी ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा जरूरी है लेकिन उससे ज्यादा परिवार और विद्यालय का कर्तव्य होना चाहिए कि प्रत्येक बच्चा संस्कारवान बने बच्चों के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है क्योंकि यह उनके व्यक्तिगत विकास उज्जवल भविष्य और एक अच्छा इंसान बनने के नीव रखती हैं शिक्षा बच्चों के आत्मविश्वास सही निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक कौशल विकसित करती है जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाती है कार्यक्रम के मुख्य उद्घाटन करता उपनिदेशक राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय भारत सरकार के डॉक्टर रघुवीर शर्मा जी ने कहा बच्चों को जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण सीख देने में स्कूल की भूमिका प्रशंसनीय है उन्होंने स्टाफ को बधाई दी और बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और विद्यालयों के प्रयासों की सराहना की कॉलेज के संस्थापक राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक श्री हरिराम शर्मा ने कहा कि भविष्य वही रखेंगे जिनके पास ज्ञान के साथ-साथ कौशल भी होगा आज के समय में केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व संवाद कौशल निर्णय क्षमता टेक्नोलॉजी ज्ञान और समस्या समाधान जैसे कौशल विकसित करना समय की मांग है और इन कौशलों का रास्ता स्कूलों से होकर गुजरता है हमारा कॉलेज कौशल विकास की अग्रणी पंक्ति में है कॉलेज में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया इस दौरान प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिए गए जिससे छात्रों का उत्साहवर्धन हुआ और उनमें आगे बढ़ने की प्रेरणा जगी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ ठाकुर प्रसाद चौबे दिल्ली ने बच्चों को अनुशासन में रहने की सलाह दी मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉ बलराम त्रिपाठी ने किया।

# ब्लॉक खुनियाँव के भरहिया चौराहा पर भव्यता के साथ मनाई गई सम्राट अशोक जयंती

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** मौर्य एकता परिषद के तत्वावधान एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख मनोज मौर्य के नेतृत्व में ब्लॉक खुनियाँव के भरहिया चौराहा पर 'देवानांप्रिय' सम्राट अशोक महान की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस भव्य कार्यक्रम में हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ा, जहाँ वक्ताओं ने सम्राट अशोक के जीवन दर्शन और सामाजिक एकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के आयोजक और पूर्व ब्लॉक प्रमुख मनोज मौर्य ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, 'ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आपसी भाईचारे के प्रतीक हैं। आज समय की मांग है कि हम बेटियों को बेटों के समान शिक्षा दें। महिलाओं के प्रति हमें अपना नजरिया बदलना होगा, क्योंकि वे आज हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं। मुख्य अतिथि डॉ. प्रोफेसर अरविंद मौर्य ने सम्राट अशोक के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका शासनकाल लोक कल्याणकारी योजनाओं का स्वर्ण युग था। उन्होंने समाज के हर तबके के उत्थान के लिए कार्य किया, जो आज भी प्रेरणादायी है।विशिष्ट अतिथि डॉ. हंसराज कुशवाहा ने युवाओं और किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जब समाज का हर व्यक्ति अंत्योदय (अंतिम व्यक्ति के उदय) की भावना से काम करेगा और अपने क्षेत्र का नेतृत्व संभालेगा, तभी देश और प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा।

कार्यक्रम का कुशल संचालन बालजी मौर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ध्रुवचंद्र मौर्य, ग्राम प्रधान बलराम मौर्य, ग्राम प्रधान मुकेश, पूर्व प्रधान चंद्रिका प्रसाद मौर्य, पूर्व ग्राम प्रधान शिवकुमार, डॉ. सत्येंद्र मौर्य और अखिलेश मौर्य उपस्थित रहे।साथ ही राकेश मौर्य, ग्राम प्रधान विजय, राजेंद्र प्रसाद, डॉ. बजरंगी चौधरी, मनोज गौतम, सुधीर चौरसिया, दीपक यादव, शिक्षक तुलसीराम, हरिभजन, रामप्रकाश मौर्य और एडवोकेट तुलसीराम मौर्य सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

## शान्ती समझौते की बात शुरू

ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के दौरान साऊदी अरब तुर्किये और इजिप्ट के मन्त्री इस्लामाबाद पहुंचे। एक दिन पहले अमेरिका के विदेश मन्त्री ने भरोसा जताया था कि युद्ध कुछ हफ्तों में समाप्त हो जायेगा। एशिया में अमेरिकी सैनिको की बढ़ती मौजूदगी की चिन्ताओं को खारिज करते हुये कहा थल सेना की जरूरत नहीं पड़ेगी।

ईरान ने अमेरिका से सीधी बातचीत करने से इनकार कर दिया है। मतलब अब दोनो की बीच संवाद के लिये कोई तीसरा पक्ष सामने आयेगा। अमेरिका ने समझौते के लिये जो शर्ते रक्खी है ईरान ने इनकार कर दिया है। इस सम्बन्ध में साऊदी अरब का रूख अहम होगा। खबर है कि वह ईरान पर अमेरिकी हमले के समर्थन में था। अब ईरान समथित हूती विद्रोही भी जंग में शामिल हो गये है। इससे हालात और जटिल हो गये है। हालाकि इस्राइल कह रहा है वह कई मोर्चो पर लड़ने को तैयार है। पर अब हालात पहले से अलग बन गये है। लेबनान हिजबुल्ला के साथ टकराव जारी है। गाजा में भी बड़े पैमाने पर सैन्य संसाधन लगे हुये है। ऐसे में इस्राइल पर दबाव और बढ़ेगा। दुनिया पर इस युद्ध का बुरा असर दिख रहा है। ट्रम्प दिखाने की कोशिश कर रहे है कि हामुर्ज स्टेऊट बन्द होने से अमेरिका पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लेकिन अमेरिका में गैस के दाम 35 प्रतिशत बढ़ गये है। जबकि योरोप में 80 प्रतिशत तक बढ़ गये है। लोगो का कहना है यह कोई मामूली बात नहीं है कि ट्रम्प को सत्ता संभाले साल भी नहीं हुये। तीसरी नो किंग रैली का सामना करना पड़ रहा है। इस बार ट्रम्प विरोधी प्रदर्शन पूरे अमेरिका के अलावा योरोप के कई देशों में भी हुये है।

इस्राइल और अमेरिका शान्ती प्रस्ताव पर भरोसा करने के बजाय सब समझते हुये भी लड़ाई के रास्ता चुना है। ट्रम्प के इस फैसले की कीमत दुनिया चुका रही है। तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से गरीब मुल्क सबसे ज्यादा परेशानी झेल रहे है। फर्टीलाइजर की कमी की वजह से वैश्विक खाद्य संकट पैदा होने का खतरा बढ़ गया है। कई देशो सहित भारत के ग्रोथ रेट में कमी आने का खतरा बढ़ गया है। बेहतर होगा युद्ध जल्द रूके और इसका रास्ता बातचीत के बीच निकले। युद्ध के क्या नतीजे होते है दुनियां देख चुकी है। दुनियां को होशियार हो जाना चाहिये।

मेरी दुनियां में न पूरब है न पश्चिम है।
सारे इनसान सिमट आये खुली बाहों में।।
आसमा इनका ज़मी इनकी जमाना इनका।
है कई इनके जहां मेरे जहां से आगे।।
इन्हें कलियां न कहो ये है चमन साज सुनो।
मेरी आवाज़ सुनो प्यार का राज सुनो।।

## सामाजिक यथार्थ के रिमझिम छींटे : भीगते सावन की कथा-यात्रा

**देवेंद्रराज सुथार**

सुरेश सौरभ कृत 'भीगते सावन' कथा-संग्रह में संकलित एकादश कथा-रचनाएँ तत्कालीन सामाजिक परिदृश्य, मानवीय सम्बन्धों की जटिल तन्तुओं एवं जीवन की बहुआयामी विविधताओं का सूक्ष्म एवं यथार्थपरक चित्रांकन प्रस्तुत करती हैं। यह संकलन मात्र कथा-समुच्चय नहीं, अपितु मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक यथार्थ एवं जीवन के विभिन्न स्तरों का सूक्ष्म एवं संवेदनशील आख्यान है। इन कथाओं में भाषिक सौन्दर्य, शिल्पगत परिपक्वता एवं कथ्यगत गाम्भीर्य पाठकों को न केवल चिन्तन-मनन हेतु प्रेरित करता है, अपितु उन्हें गहन आत्मावलोकन की दिशा में भी अग्रसर करता है।

इन कथाओं की भाषा में आंचलिकता एवं सहजता का अद्भुत समायोजन दृष्टिगोचर होता है। रचनाकार ने भावाभिव्यक्ति की सटीकता हेतु सरल, सजीव एवं बोधगम्य भाषा का प्रयोग किया है। यह भाषा एक ओर जहाँ पाठकों को पात्रों एवं उनके संघर्षों से तादात्म्य स्थापित करने में सहायक है, वहीं दूसरी ओर कथानक की गहनता में प्रवेश करने का मार्ग प्रशस्त करती है। अनेक कथाओं में भावुकता एवं संवेदनशीलता की प्रधानता दृष्टिगोचर होती है, जो पात्रों की मनःस्थिति एवं समाज के परिवर्तनशील स्वभाव को अभिव्यक्त करने में सार्थक सिद्ध होती है।

कथाओं का शिल्प-विधान उत्कृष्टतम है, जिसमें सहजता एवं प्रवाहमयता का अद्वितीय सन्तुलन परिलक्षित होता है। प्रत्येक कथा का आरम्भ पाठकों को एक विलक्षण जगत में प्रवेश कराता है तथा उनका समापन न केवल कथानक को पूर्णता प्रदान करता है, अपितु पाठकों के मानस-पटल पर अनेकानेक प्रश्न एवं चिन्तन के बीजारोपण में भी सफल होता है। रचनाकार ने प्रतीकात्मकता का कौशलपूर्ण प्रयोग किया है, जो कथाओं को यथार्थवादी स्वरूप प्रदान करते हुए भी उन्हें दार्शनिक एवं गूढ़ार्थपूर्ण आयाम प्रदान करता है।

कथ्यगत दृष्टिकोण से ये कथाएँ गहन सामाजिक एवं मानवीय समस्याओं को उद्घाटित करती हैं। 'एक था ठठेरा' में पारम्परिक शिल्प-कौशल के महत्व एवं औद्योगीकरण की चुनौतियों का हृदयस्पर्शी चित्रांकन है। यह कथा कला एवं अनुभव की अपरिहार्यता को रेखांकित करती है। 'विश्वास लौट आया' आधुनिक जीवन की व्यस्तताओं एवं पारिवारिक सम्बन्धों की उपेक्षा के मध्य उत्पन्न द्वन्द्व को प्रस्तुत करती है। यह आख्यान मानवीय सम्बन्धों की श्रेष्ठता को रेखांकित करती है, जो भौतिक सफलता की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण है।

'भीगते सावन' एवं 'औलाद के आँसू' जैसी कथाएँ मानवीय संवेदनाओं, पारिवारिक सम्बन्धों एवं भावनात्मक संश्लेषण को गाम्भीर्य पूर्वक प्रस्तुत करती हैं। 'भीगते सावन' में वर्षा का स्वरूप केवल बाह्य दृश्य ही नहीं, अपितु आन्तरिक भावनाओं का प्रतीक है। तत्समान, 'औलाद के आँसू' सम्बन्धों में विश्वास की महत्ता एवं मिथ्याचरण के परिणामों को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करती है। 'रैली' एवं 'आतंकी' जैसी कथाएँ समकालीन समाज की विसंगतियों, राजनीतिक स्वार्थपरता एवं आतंकवाद के दुष्प्रभावों को उद्घाटित करती हैं। 'रैली' में आदिवासी समुदाय के शोषण एवं उनकी सरलता का चित्रांकन है, जो राजनीतिक अवसरवादिता को निरावृत करता है। साथ ही, 'आतंकी' कहानी आतंकवाद के कारण बाल-मानस पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों एवं मानवीय मूल्यों के क्षरण की ओर ध्यानाकर्षण करती है। 'प्रकाश चला गया' एवं 'पटाक्षेप' जैसी कथाएँ सामाजिक एवं व्यवस्थागत क्रूरता को उजागर करती हैं। ये कथाएँ पुलिस-तन्त्र, प्रशासनिक व्यवस्था एवं समाज के उन स्याह पक्षों को प्रकाश में लाती हैं, जो सामान्य मानव-जीवन को दुर्वह बना देते हैं।

इन कथाओं का पठन-पाठन इसलिए आवश्यक है क्योंकि ये पाठकों को परिवेशगत यथार्थ से साक्षात्कार कराती हैं। ये कथाएँ केवल मनोरञ्जन अथवा भावुकता के निमित्त नहीं रचित हैं, अपितु समाज एवं व्यक्तित्व के गहन पक्षों पर चिन्तन-मनन हेतु प्रेरित करती हैं। इन कथाओं में निहित संवेदनाएँ, पात्रों की द्विविधाएँ एवं सामाजिक समस्याओं की प्रस्तुति हमें यह अवबोध कराती हैं कि जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों का पर्याय नहीं, अपितु सम्बन्धों, संवेदनाओं एवं मानवीय मूल्यों की प्राथमिकता जरूरी है। सुरेश सौरभ की कथाएँ मानवीय दृष्टिकोण से अनन्य हैं। ये कथाएँ हमें श्रेष्ठतर समाज की परिकल्पना का व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करती हैं। इनकी भाषा, शिल्प-विधान एवं कथ्य न केवल प्रभावोत्पादक हैं, अपितु पाठकों के मानस-पटल पर एक स्थायी प्रभाव अंकित करते हैं। इस संकलन का अध्ययन इसलिए अपरिहार्य है क्योंकि यह हमारे कालखण्ड एवं समाज का दर्पण है, जो हमें हमारी उत्तरदायित्वों एवं मानवीय मूल्यों का स्मरण कराता है। सुधा जुगरान जैसी वरिष्ठ कथाकार ने इस संग्रह में भूमिका लिखकर महनीय कार्य किया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**एक गंभीर संरचनात्मक संकट को समझने की करें तो,भारत की जेल व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या है,क्षमता से अधिक भीड़। कई राज्यों में जेलों की ऑक्यूपेंसी दर 150 प्रतिशत से लेकर 200 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। उदाहरण के तौर पर, दिल्ली की जेलों में 200 प्रतिशत तक कैदी भरे हुए हैं, जबकि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में यह आंकड़ा 150 प्रतिशत से अधिक है। इस भीड़ का सबसे बड़ा कारण है विचाराधीन कैदियों की अत्यधिक संख्या। आंकड़ों के अनुसार, भारत के लगभग 73.5 प्रतिशत कैदी ऐसे हैं जिनका अभी दोष सिद्ध नहीं हुआ है और वे केवल ट्रायल का इंतजार कर रहे हैं।**

# जेलों में मौतें, अव्यवस्थाएं-सलाखों के पीछे भी असुरक्षित जीवन

वैश्विक स्तरपर आधुनिक लोकतांत्रिक समाज में जेल का उद्देश्य केवल अपराधी को दंडित करना नहीं, बल्कि उसे सुधारना और पुनर्वास के लिए तैयार करना भी होता है। परंतु जब जेलें स्वयं ही भय,बीमारी और उपेक्षा का केंद्र बन जाएं,तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हम वास्तव में न्याय कर रहे हैं या एक और अन्याय को जन्म दे रहे हैं? सलाखों के पीछे भी सेफ नहीं? यह केवल एक भावनात्मक प्रश्न नहीं, बल्कि कठोर वास्तविकता का दर्पण है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के अनुसार, कैदियों से उनका स्वतंत्रता का अधिकार तो छीना जा सकता है, लेकिन उनका जीवन, स्वास्थ्य और गरिमा का अधिकार नहीं। इसके बावजूद भारत सहित दुनियाँ के कई देशों में जेलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित नेल्सन मंडेला नियम (यू एन स्टैंडर्ड मिनिमम् रूल्स फॉर द ट्रीटमेंट ऑफ़ प्रिजनर्स) स्पष्ट रूप से कहते हैं कि कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्हें पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पानी,स्वास्थ्य सुविधाएं और मानसिक स्वास्थ्य सहायता मिलनी चाहिए। लेकिन व्यवहारिक धरातल पर इन सिद्धांतों और वास्तविकता के बीच गहरी खाई दिखाई देती है। जेलें, जो सुधार गृह मानी जाती हैं,अक्सर प्रताड़ना, हिंसा और उपेक्षा के केंद्र बन जाती हैं। यह स्थिति केवल विकासशील देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि विकसित देशों में भी कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती रही हैं।



किशन भावनानी



साथियों बात अगर हम भारत में जेलों की भीड़ः एक गंभीर संरचनात्मक संकट को समझने की करें तो,भारत की जेल व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या है,क्षमता से अधिक भीड़। कई राज्यों में जेलों की ऑक्यूपेंसी दर 150 प्रतिशत से लेकर 200 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। उदाहरण के तौर पर, दिल्ली की जेलों में 200 प्रतिशत तक कैदी भरे हुए हैं, जबकि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में यह आंकड़ा 150 प्रतिशत से अधिक है। इस भीड़ का सबसे बड़ा कारण है विचाराधीन कैदियों की अत्यधिक संख्या। आंकड़ों के अनुसार, भारत के लगभग 73.5 प्रतिशत कैदी ऐसे हैं जिनका अभी दोष सिद्ध नहीं हुआ है और वे केवल ट्रायल का इंतजार कर रहे हैं। यह स्थिति न्यायिक प्रणाली की धीमी गति और मामलों के लंबित रहने का सीधा परिणाम है।

साथियों बात अगर हम विचाराधीन कैदीः न्याय से पहले सजा? इसको समझने की करें तो,विचाराधीन कैदी वह होते हैं जिन्हें अभी अदालत ने दोषी नहीं ठहराया है, फिर भी वे वर्षों तक जेल में बंद रहते हैं। यह स्थिति निर्दोषता की धारणा (प्रेसम्प्शन ऑफ़ इनोसेंस) के सिद्धांत के विपरीत है। न्यायिक देरी के कारण कई कैदी अपने संभावित सजा से अधिक समय जेल में बिता देते हैं। यह न केवल उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़ा करता है।जेलों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय है। डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों के लगभग 30-40 प्रतिशत पद खाली हैं। दिल्ली जैसी जगहों पर प्रति 200 कैदियों पर केवल एक डॉक्टर उपलब्ध है।इसका परिणाम यह होता है कि गंभीर बीमारियों का समय पर इलाज नहीं हो पाता। अस्वच्छता और भीड़भाड़ के कारण टीबी, एचआईवी और हेपेटाइटिस जैसी संक्रामक बीमारियां तेजी से फैलती हैं। वर्ष 2024 के पहले नौ महीनों में भारत में न्यायिक हिरासत में 1,558 मौतें दर्ज की गई,यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं, बल्कि एक गंभीर मानवीय संकट का संकेत है।इन मौतों के पीछे मुख्य कारण हैं,बीमारियां, आत्महत्याएं और चिकित्सा सुविधाओं की बहुत हद तक कमी।

साथियों बात अगर हम छत्तीसगढ़ का मामलाः एक राज्य, कई सवाल इसको समझने की करें तो छत्तीसगढ़ की जेलों में पिछले चार वर्षों में 285 कैदियों की मौत का मामला पूरे देश को झकझोर देने वाला है। इनमें से 90 मौतें केवल 2022 में हुई और 66 मौतें जनवरी 2025 से जनवरी 2026 के बीच दर्ज की गई। राज्य सरकार ने इन मौतों के पीछे आत्महत्या और गंभीर बीमारियों को कारण बताया है।इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने जेलों में भीड़भाड़, डॉक्टरों की कमी और प्रशासनिक लापरवाही को संभावित कारण बताया है। यदि ये आरोप सही पाए जाते हैं,तो यह मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन माना जाएगा।

साथियों बात अगर हम न्यायपालिका की सक्रियताः सुधार की दिशा में कदम को समझने की करें तो हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जेलों की स्थिति पर ताजा आंकड़े प्रस्तुत करने का निर्देश 26 मई 2026 तक सबमिट करने को दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने जेलों कीक्षमता भीड़भाड़ और महिला कैदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत विवरण मांगा है।यह कदम दर्शाता है कि न्यायपालिका इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है। विशेष रूप से महिला कैदियों और उनके साथ रहने वाले बच्चों की स्थिति पर ध्यान देना एक सकारात्मक पहल है, क्योंकि यह वर्ग अक्सर नीति निर्माण में उपेक्षित रह जाता है।

साथियों बात अगर हम मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्याएंः अदृश्य संकट इसको समझने की करें तो जेलों में मानसिक स्वास्थ्य एक बड़ा लेकिन अनदेखा मुद्दा है। भीड़भाड़, पारिवारिक दूरी, सामाजिक कलंक और अनिश्चित भविष्य कैदियों को मानसिक रूप से कमजोर बना देता है। यही कारण है कि जेलों में आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।ग्लोबल प्रिजन ट्रेंड्स 2025 रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में जेलों के भीतर आत्महत्या और हिंसा के मामलों में वृद्धि हुई है। यह केवल एक देश की समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर जेल सुधार की आवश्यकता को दर्शाता है।

साथियों बात अगर हम संचार और मानवीय संपर्कः एक नई पहल इसको समझने की करें तो, कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए संचार के साधनों को बढ़ाना आवश्यक है। इसी दिशा में भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा एक प्रस्ताव लाया गया है, जिसमें कैदियों को अपने परिवारजनों से मुफ्त वीडियो और ऑडियो कॉल के माध्यम से संवाद करने की अनुमति देने की बात कही गई है।यह पहल कैदियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखने और उनके सामाजिक संबंधों को बनाए रखने में मदद कर सकती है। आधुनिक तकनीक का उपयोग जेल सुधार के लिए एक प्रभावी माध्यम बन सकता है।

# क्या मुश्किल है ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने में?

**ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्तमान में उत्तराखंड के ग्रामीण इलाकों में लगभग 250 से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 60 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कार्यरत हैं। इसके अलावा उप-केंद्रों की संख्या भी हजारों में है, जो गांव-स्तर पर बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। पिछले पांच वर्षों में संस्थागत प्रसव दर में वृद्धि हुई है और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में गिरावट आई है।**

उत्तराखंड के दूर-दराज़ पहाड़ी गांव दिखने में जितने सुंदर होते हैं, वहां का जीवन उतनी ही जटिल और चुनौतीपूर्ण होती है। ऊँचे-ऊँचे पहाड़ और घुमावदार रास्तों के बीच सीमित संसाधनों के साथ यहां के लोगों का जीवन अपनी रफ्तार से चलता है। वैसे तो यहां के दूर दराज गांवों में लगभग सभी बुनियादी सुविधाओं का अभाव दिख जाता है, लेकिन जब बात स्वास्थ्य सुविधाओं की आती है, तो यह मुश्किल पहाड़ जैसी बड़ी नजर आती है। खासकर महिलाओं, किशोरियों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आज भी यहां के कई ग्रामीण क्षेत्रों में एक संघर्ष की तरह है। हालांकि बीते कुछ वर्षों में इस दिशा में काफी सुधार भी हुए हैं, लेकिन अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है।



कविता बिष्ट

बागेश्वर जिले के गरुड़ ब्लॉक स्थित जवाड़ा स्टेट गांव इसका एक जीवंत उदाहरण है। यह गांव आबादी के लिहाज़ से बड़ा है, लेकिन यहाँ कोई समुचित अस्पताल सुविधा उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों को इलाज के लिए लगभग 15 किमी दूर बैजनाथ अस्पताल जाना पड़ता है। यह दूरी सुनने में भले छोटी लगे, लेकिन पहाड़ी रास्तों, सीमित परिवहन और खराब मौसम के बीच यह सफर किसी चुनौती से कम नहीं होता। खासकर रात के समय या आपातकालीन स्थिति में जब एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाती है, तब यह दूरी कई बार जीवन और मृत्यु के बीच का मामूली फासला बन जाती है।




इसका सबसे अधिक असर महिलाओं और किशोरियों पर पड़ता है। गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच और प्रसव के लिए दूर जाना पड़ता है, जिससे उनका स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाता है। किशोरियों को माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं के लिए भी बैजनाथ या जिला अस्पताल बागेश्वर तक जाना पड़ता है। कई बार सामाजिक झिझक और दूरी के कारण वे इलाज ही नहीं करवा पाती, जिससे उनकी समस्याएं और गंभीर हो जाती हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी यह स्थिति समान रूप से चुनौतीपूर्ण है।

हालांकि, अगर पिछले पांच वर्षों पर नज़र डालें तो उत्तराखंड के ग्रामीण स्वास्थ्य तंत्र में कुछ सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिले हैं। राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्तमान में उत्तराखंड के ग्रामीण इलाकों में लगभग 250 से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 60 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कार्यरत हैं। इसके अलावा उप-केंद्रों की संख्या भी हजारों में है, जो गांव-स्तर पर बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। पिछले पांच वर्षों में संस्थागत प्रसव दर में वृद्धि हुई है और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में गिरावट आई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आशा कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी सेवाओं ने गांव-गांव तक स्वास्थ्य जागरूकता पहुंचाई है। टीकाकरण अभियान और पोषण कार्यक्रमों ने बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वर्ष 2026-27 के बजट में केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए लगभग 90,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया है, जिसमें ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया है। वहीं उत्तराखंड सरकार ने भी अपने बजट में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए करीब 4,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। इसमें ग्रामीण अस्पतालों के उन्नयन, नए स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना और चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता पर ध्यान दिया गया है। नई योजनाओं के तहत 'आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर' को और मजबूत किया जा रहा है, जिससे गांव स्तर पर ही प्राथमिक उपचार और जांच की सुविधा उपलब्ध हो सके।

मोबाइल हेल्थ यूनिट्स और डिजिटल हेल्थ मिशन के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं और किशोरियों के स्वास्थ्य पर केंद्रित कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

फिर भी, जवाड़ा स्टेट जैसे गांवों की स्थिति यह दर्शाती है कि केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन भी उतना ही जरूरी है। अगर इस गांव में एक बेहतर सुविधा वाला अस्पताल स्थापित किया जाए, तो न केवल जवाड़ा स्टेट बल्कि इसके आसपास के मेगडी स्टेट, रोल्याना, छत्यानी और कुलवान जैसे गांवों के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। इससे समय पर इलाज संभव होगा, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी और लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा।

यह केवल स्वास्थ्य सुविधा का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह समानता और गरिमा का प्रश्न भी है। जब एक महिला को अपने स्वास्थ्य के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, तो यह केवल उसकी शारीरिक परेशानी नहीं होती, बल्कि यह उसके अधिकारों की भी अनदेखी होती है। एक सशक्त समाज वही होता है, जहाँ हर व्यक्ति को बुनियादी सुविधाएं समान रूप से उपलब्ध हों, चाहे वह किसी भी भौगोलिक क्षेत्र में क्यों न रहता हो।

उत्तराखंड के पहाड़ों में अब बदलाव की हवा चल रही है। सड़कें बन रही हैं, डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ रही है और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है। लेकिन इस बदलाव को जमीनी हकीकत में बदलने के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता है। जवाड़ा स्टेट जैसे गांवों की आवाज़ को सुनना और उनकी जरूरतों के अनुसार योजनाएं बनाना ही असली विकास होगा।

# एक राजनीतिक बहस का अंत और मुस्लिम रहनुमाओं की खामोशी...

**इस रिपोर्ट में कहा गया कि मुसलमानों के बीच भारी जातिगत भेदभाव है और मुस्लिम समुदाय के भीतर जो अतिपिछड़ी जातियां हैं, उनकी हालत हिन्दू दलितों से भी बदतर है और इसी आलोक में इस कमीशन ने उनके लिए 10 फीसदी आरक्षण की सिफारिश की। साथ ही, इस कमीशन ने 1950 प्रेसिडेंशल आर्डर को हटाने की भी सिफारिश की क्योंकि कमीशन का मानना था कि यह अध्यादेश धार्मिक आधार पर लोगों की सामाजिक-शैक्षणिक-आर्थिक स्थिति की सच्चाई को देखे बिना भेदभाव करता है।**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ़ कर दिया कि हिन्दू, बौद्ध, सिक्ख धर्म के अलावा किसी भी अन्य धर्म के लोगों को शिड्यूल कास्ट (अनुसूचित जाति) का दर्जा नहीं दिया जा सकता। अव्वल तो यह खबर कहीं सुर्ख़ियाँ भी न बटोर सकी, दूसरा ये कि सोशल मीडिया पर भी इस बारे में कहीं कुछ ख़ास बहस सुनाई नहीं दे रही हैं। हालांकि, यह सुप्रीम कोर्ट का निर्णय है और आलोचना का सवाल ही पैदा नहीं होता। लेकिन, एक इस निर्णय पर एक समालोचनात्मक नजर तो डाली ही जा सकती है। मसलन, इस निर्णय के पीछे संविधान के क्या प्रावधान रहे और इस निर्णय के बाद मुस्लिम समुदाय समेत उनके कथित रहनुमाओं की क्या प्रतिक्रिया रही।



शशि शेखर

सबसे पहले, यह जानना दिलचस्प होगा कि भारत के मुसलमान ईडब्लूएस आरक्षण का लाभ लेते हैं। यानी, वे सवर्ण मुसलमान है। भारत के मुसलमान ओबीसी आरक्षण का लाभ लेते हैं, यानी वे पिछड़े मुसलमान हैं। भारत के मुसलमान एसटी आरक्षण का लाभ (करगिल-लक्षद्वीप में) लेते हैं, यानी वे शेड्यूल ट्राइब भी हैं। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय ने साफ़ कर दिया है कि उन्हें एससी का स्टेट्स नहीं दिया जा सकता। हालांकि, यह व्यवस्था पहले से संविधान में मौजूद है। राष्ट्रपति के आदेश 1950 के अनुसार मूल संविधान में सिर्फ और सिर्फ हिन्दू धर्म के लोगों को ही अनुसूचित जाति (एससी) स्टेट्स दिए जाने की बात की गयी थी। हालांकि, बाद में केंद्र सरकार ने संशोधन के जरिये इस लिस्ट में सिक्ख और बौद्ध धर्म को भी जोड़ दिया। जब वीपी सिंह प्रधानमंत्री बने तब उन्होंने इस सूची में बौद्ध दलितों को भी शामिल किया, जिन्हें नव बौद्ध कहा गया। इससे पहले सिख दलितों को भी इस सूची में शामिल कर लिया गया था। इसके बाद इस लिस्ट से बाहर रह गए थे मुस्लिम, ईसाई, जैन और पारसी।

मनमोहन सिंह सरकार ने जब सच्चर कमेटी बनाई थी तब इस कमेटी ने जो रिपोर्ट दी, वह मुस्लिम समुदाय की बदतर सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक स्थिति को बताती थी। इसके बाद, मनमोहन सिंह सरकार ने ही रंगनाथ मिश्रा कमीशन का गठन किया, जिसने 2007 में अपनी रिपोर्ट दी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि मुसलमानों के बीच भारी जातिगत भेदभाव है और मुस्लिम समुदाय के भीतर जो अतिपिछड़ी जातियां हैं, उनकी हालत हिन्दू दलितों से भी बदतर है और इसी आलोक में इस कमीशन ने उनके लिए 10 फीसदी आरक्षण की सिफारिश की। साथ ही, इस कमीशन ने 1950 प्रेसिडेंशल आर्डर को हटाने की भी सिफारिश की क्योंकि कमीशन का मानना था कि यह अध्यादेश धार्मिक आधार पर लोगों की सामाजिक-शैक्षणिक-आर्थिक स्थिति की सच्चाई को देखे बिना भेदभाव करता है। यह रिपोर्ट संसद में 2009 के शीतकालीन सत्र में पेश हुई थी और तब से अभी तक यह अदालत में लंबित थी। केंद्र सरकार ने सिख धर्म या बौद्ध धर्म के अतिरिक्त अन्य धर्मों के धर्मान्तरित दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा दिये जाने से संबंधित प्रश्नों की जांच करने के लिए तीन सदस्यीय बालाकृष्णन कमेटी भी बनाई थी। बहरहाल, इस मुद्दे पर अब सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आ चुका है। बहरहाल, आरक्षण की यह महाबहस अब ख़त्म हो चुकी है। लेकिन मुसलमानों के कथित रहनुमाओं की इस बारे में क्या प्रतिक्रिया रही, यह शायद ही किसी को पता हो।



दूसरी अहम् बात कि क्या सिख धर्म, बौद्ध धर्म में जाति व्यवस्था हैं? फिर किस आधार पर मूल प्रावधान में संशोधन कर सिख और बौद्ध धर्म को इस व्यवस्था में शामिल किया गया? जाहिर हैं, ऐसा इसलिए किया गया होगा या किया जाना चाहिए था, क्योंकि वाकई उस धर्म के एक तबके (धर्मान्तरित लोगों समेत) की सामाजिक-शैक्षणिक- आर्थिक-सांस्कृतिक हालात बेहतर नहीं थे और उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए उन्हें विशेष सहायता दिए जाने की जरूरत थी? फिर एक सवाल उनलोगों से किया जाना चाहिए, जो कहते थे कि मुसलमानों या ईसाईयों को इस लिस्ट में शामिल किए जाने से हिन्दू दलितों की हकमारी होगी? तो क्या सिख और बौद्धों को एससी स्टेट्स देने से हिन्दू शेड्यूल कास्ट के लोगों की हकमारी हुई? वैसे लोग क्या इसका समर्थन करते हैं या विरोध?

एक और अहम् तथ्य कि क्या भारत के मुसलमानों में जाति प्रथा नहीं है और क्या उन जातियों के बीच भेदभाव नहीं है? भले सैद्धांतिक तौर पर आप जाति प्रथा न होने की बात कह सकते हैं। लेकिन, बिहार के हालिया जाति सर्वेक्षण में जो आंकड़े जारी हुए, उनमें तो बाकायदा मुसलमानों की जातियां बताई गयी हैं। आखिर ये जातियां कैसे तय हुई, जबकि इस्लाम में जाति का उल्लेख ही नहीं है। तो इन विरोधाभासी तथ्यों के बीच, क्या मुस्लिम समुदाय के स्वघोषित रहनुमाओं को आगे आ कर कम से कम इन विरोधाभासों पर तो सफाई देनी चाहिए थी। उन्हें यह तो साफ़ करना ही चाहिए था कि भारतीय मुसलमानों के बीच जाति है या नहीं। लेकिन क्या किसी ने ऐसी कोई कोशिश की? अगर जाति सच्चाई नहीं है तो फिर कैसे, जैसाकि इस लेख के पहले हिस्से में ही बताया जा चुका है, मुसलमान ईडब्ल्यूएस, ओबीसी और एसटी आरक्षण ले रहे हैं?

कुछ लोगों की यह चिंता जायज दिख सकती है कि अगर मुसलमानों को एससी स्टेट्स दिया जाता तो उनकी राजनीतिक भागीदारी बढ़ जाती (संसद-विधानसभा के सीट आरक्षित हो जाते उनके लिए)। लेकिन, यह भी तो मानना ही होगा कि आप अपनी आबादी के एक बड़े हिस्से की कमजोर सामाजिक-शैक्षणिक-आर्थिक स्थिति की अनदेखी करते हुए, राष्ट्र को संपूर्ण विकास के रास्ते पर नहीं ले जा सकते। आरक्षण किसी को इसलिए नहीं दिया जाता कि यह किसी का जन्मजात अधिकार है। बल्कि यह समाज के उस हिस्से को मुख्यधारा से जोड़ने और कदम से कदम मिला कर राष्ट्र को आगे बढाने में सहायक बनने के लिए दिया जाता है। क्या इसी आधार पर ईडब्लूएस आरक्षण नहीं दिया गया। क्या यह नहीं माना गया कि सामान्य वर्ग का भी एक हिस्सा आर्थिक आधार पर कमजोर हो चुका है और उसे आगे लाने के लिए आरक्षण की मदद चाहिए? जाहिर है, इसके पीछे ऐसी ही सोच थी, तभी तो सुप्रीम कोर्ट ने ईडब्लूएस आरक्षण को वैधता प्रदान की। एक अंतिम बात। आरक्षण की समीक्षा की बात करने वाले अक्सर यह कहते हैं कि आरक्षण जाति या धर्म के आधार पर नहीं दिया जाना चाहिए। चलिए, आपकी बात सही है।

# आईएएस रिंकू सिंह राही का इस्तीफा, लगाए गंभीर आरोप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कैडर के 2023 बैच के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें काम करने का अवसर नहीं दिया गया और संवैधानिक व्यवस्था के समानांतर एक अलग सिस्टम चल रहा है। वे वर्तमान में राजस्व परिषद से संबद्ध चल रहे हैं।

इससे पहले वे शाहजहांपुर में वे एसडीएम के पद पर तैनात थे और वहां वकीलों के एक प्रदर्शन के दौरान धरनास्थल पर उनके उठक-बैठक करने का वीडियो वायरल हुआ था। इस घटना के बाद सरकार ने उन्हें अटैच कर दिया था और तब से उन्हें नई पोस्टिंग नहीं मिली थी। राही ने उचित माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे इस्तीफे में कहा है कि एसडीएम रहते हुए की गई कार्रवाई के

**बोले- मुझे समाज कल्याण विभाग की सेवा में भेज दें**



बाद उन्हें साइडलाइन कर दिया गया। उनका कहना है कि उन्हें वेतन तो मिल रहा था, लेकिन जनसेवा का मौका नहीं मिल पा रहा था। उन्होंने अपने इस्तीफे को नैतिक निर्णय बताया है। वहीं, अपने तकनीकी त्याग पत्र में लिखा है कि मुझे पहले की तरह समाज कल्याण विभाग की सेवा में भेजने की कृपा करें।

यहां बता दें कि वर्ष 2009 में मुजफ्फरनगर में समाज कल्याण अधिकारी रहते हुए एक बड़े घोटाले को उजागर करने के बाद उन पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें उन्हें सात गोलियां लगी थीं। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वह बच गए और बाद में उन्होंने अपनी लड़ाई जारी रखी। समाज कल्याण विभाग में सेवा में रहते हुए ही उनका 2023 में आईएएस सेवा में चयन हुआ था।

मैं अत्यंत विनम्रतापूर्वक यह मार्गदर्शन चाहता हूं कि मेरी इस प्रार्थना के विचाराधीन रहते हुए, जिसमें मैंने भारतीय प्रशासनिक सेवा से त्यागपत्र देकर सामाजिक कल्याण विभाग में अपने पूर्व कनिष्ठ पद पर पुनः कार्यभार ग्रहण करने की इच्छा व्यक्त की है। मुझे आईएएस एसोसिएशन से निष्कासन प्राप्त करने की प्रक्रिया क्या है। यह अनुरोध मैं इस कारण कर रहा हूं कि एसोसिएशन द्वारा मेरे जैसे कनिष्ठ अधिकारियों के नैतिक एवं कर्तव्यनिष्ठ चिंताओं के प्रति लगातार उदासीनता प्रदर्शित की गई है।

# पुलिस का जागरूकता अभियान तेज, महिलाओं को किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित 'मिशन शक्ति अभियान 5.0' के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद फतेहपुर में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जिले के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीम और एंटी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मंगलवार को अभियान के तहत जनपद के बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं, बालिकाओं और आमजन को जागरूक किया गया। इस दौरान टीमों ने महिलाओं

**एसपी अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में सभी थानों पर चला अभियान**

के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम, उनके अधिकारों की रक्षा और आत्मरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही ग्राम चौपालों का आयोजन कर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया गया और उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण का भरोसा दिलाया गया। पुलिस टीमों ने लोगों को बताया कि किसी भी आपात स्थिति में वे महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098 और साइबर हेल्पलाइन 1930 का उपयोग कर सकते हैं।

# छह अप्रैल को भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, स्थापना दिवस पर भव्य आयोजन की तैयारी



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस (6 अप्रैल) को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को जेल रोड स्थित पार्टी कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने की। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा वर्षभर में मनाए जाने वाले छह प्रमुख पर्वों में स्थापना दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसे हर वर्ष उत्साह और उल्लास के

**जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां**

साथ मनाया जाता है। इस बार भी 6 अप्रैल को पूरे जिले में इसे भव्य रूप से मनाने की तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं जिला मुख्यालय पर एक संगोष्ठी का आयोजन होगा, जिसमें पार्टी के महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी और वक्ताओं द्वारा संगठन के इतिहास, विकास तथा 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने जानकारी दी कि कार्यक्रम को सफल और प्रभावी बनाने के लिए महामंत्री सुशीला मौर्या को जिला संयोजक तथा जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी और लवकुश मौर्या को सहसंयोजक बनाया गया है। बैठक में पुष्पराज पटेल, पंकज त्रिवेदी, उदय लोधी, अपर्णा सिंह गौतम, मधुराज विश्वकर्मा, विमलेश पांडेय, अरिमर्दन सिंह, सुनीता गुप्ता, रेखा सरोज, ओम मिश्रा, राजबहादुर पासवान, विवेक श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह, गौरव शुक्ला, ज्योति प्रवीण, उमेश गुप्ता, अखिलेश कुमार सहित सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे हैं।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का आंदोलन तेज



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ भवन में विभिन्न शिक्षक संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक विस्तार के साथ-साथ शिक्षकों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से मान सिंह यादव को जिला संयोजक तथा अरुण कुमार शर्मा को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। इसके साथ ही संयुक्त घटक संगठनों के जिला अध्यक्षों को पदेन सह

**13 अप्रैल को मशाल जुलूस का ऐलान**

संयोजक बनाया गया। मीडिया प्रभारी के रूप में विपिन श्रीवास्तव और उदित नारायण को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में शिक्षकों ने आरटीई एक्ट 2009 की अधिसूचना से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपे जाने का कड़ा विरोध जताया। वक्ताओं ने इसे अन्यायपूर्ण और नियम विरुद्ध बताते हुए कहा कि इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्णय लिया गया कि इस मुद्दे को लेकर जिला स्तर से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक आंदोलन चलाया जाएगा।

# शादी का झांसा, शोषण के विरुद्ध पीड़िता ने एसपी को दिया प्रार्थना पत्र

**फतेहपुर।** जिले के हथगांव थाना क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर आर्थिक शोषण और दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार उसके पिता की वर्ष 2018 में मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद उसकी मां ने उसकी शादी हथगांव थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी युवक दुरबीन से तय कर दी थी। शादी तय होने के बाद आरोपी युवक का पीड़िता के घर आना-जाना लगातार बना रहा। इसी दौरान उसने भरोसा जीतकर शादी का वादा किया। पीड़िता का आरोप है कि युवक ने अपनी बहन की शादी का हवाला देते हुए उसकी मां से 2 लाख रुपये ले लिए और कहा कि बाद में अपनी शादी में यह रकम कम कर दी जाएगी। लेकिन बहन की शादी होने के बाद जब पीड़िता और उसकी मां ने युवक से शादी की बात कही।

# सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और घायलों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा संचालित 'सड़क सुरक्षा मित्र' कार्यक्रम का शुभारंभ फतेहपुर जनपद में किया गया। उत्तर प्रदेश के चयनित 28 जिलों में शामिल फतेहपुर में इस योजना के प्रथम चरण के तहत एआरटीओ कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में एआरटीओ प्रवर्तन रनजीत सिंह एवं आरआई कृष्णा सिंह ने नेहरू युवा केंद्र द्वारा प्रशिक्षित पांच स्वयंसेवकों–शिवम, अनिल कुमार, कौशल कुमार, निखिल सिंह और जुनैद गजाली–को हेलमेट, टॉर्च और फर्स्ट एड बॉक्स प्रदान कर सम्मानित



किया। अधिकारियों ने इन युवाओं को सड़क दुर्घटनाओं के दौरान तत्काल सहायता पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों में होने वाली मृत्यु दर को कम करना है। 'गोल्डन ऑवर' यानी दुर्घटना के तुरंत बाद के समय में यदि घायलों को समय पर इलाज मिल जाए तो कई कीमती जानें बचाई जा सकती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए युवाओं को प्रशिक्षित कर इस अभियान से

**एआरटीओ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 5 स्वयंसेवकों को मिला सम्मान**

जोड़ा जा रहा है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी दुर्घटना में मदद करने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वारा अनावश्यक पूछताछ नहीं की जाएगी। बल्कि ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने के साथ सम्मानित भी किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग आगे आकर मानवता का परिचय दें। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने विश्वास जताया कि नेहरू युवा केंद्र के इन प्रशिक्षित वॉलंटियर्स के माध्यम से जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और दुर्घटनाओं में कमी लाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर आकाश सहित आरटीओ कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### 17 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों का किया गया लोकार्पण

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** मुख्यमंत्री द्वारा लोक भवन लखनऊ से आंगनवाड़ी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु बड़े स्तर पर योजनाओं का शुभारंभ किया गया, जिसमें 69,804 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियो, मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन, 2 लाख से अधिक ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस का



वितरण, 18,440 कार्यकत्रियों, सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र तथा 450 रुपए करोड़ की लागत से 3,170 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों एवं 140 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण, शिलान्यास शामिल रहा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का जनपद जालौन में सजीव प्रसारण विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किया गया, जहां सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार जल शक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सहभागिता की।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** 7 विकास खण्ड रामपुरा अंतर्गत पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जगम्मनपुर में वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण एवं विदाई समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# मनरेगा घोटाला: प्रधान सहित पांच पर मुकदमा दर्ज, नौ लाख से अधिक गबन का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**उरई ( जालौन)।** जनपद के विकास खंड रामपुरा व कुठौन्द थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हुसेपुरा सुरई में मनरेगा योजना के तहत वित्तीय अनियमितता और सरकारी धन के गबन का मामला सामने आया है। जांच में करीब 9.02 लाख रुपये के दुरुपयोग की पुष्टि होने के बाद ग्राम प्रधान सहित पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जिलाधिकारी कार्यालय के आदेश संख्या 3045/अभि0-मनरेगा/2025-26 दिनांक 21 फरवरी 2026 के अनुपालन में कराई गई जांच में यह खुलासा हुआ कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर अनियमितताएं की गईं। मनरेगा लोकपाल की जांच में पाया गया कि जॉब कार्डों में हेराफेरी कर फर्जी नामों के आधार पर भुगतान निकाला गया, जिससे सरकारी खजाने को लाखों



रुपये का नुकसान पहुंचा।

इस मामले में ग्राम रोजगार सेवक अंकित दीक्षित, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी सुनील कुमार एवं उदयनारायन दोहरे, तकनीकी सहायक जलील बक्स सिद्दीकी तथा ग्राम प्रधान गीता देवी को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी आरोपितों के खिलाफ कुठौन्द थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5) और 316(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रशासन के अनुसार, संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है और आरोपियों की भूमिका का विस्तृत परीक्षण किया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान यदि अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है, तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। गबन की गई धनराशि की वसूली भी सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही जिले की अन्य ग्राम पंचायतों में भी मनरेगा कार्यों की समीक्षा और जांच तेज किए जाने के संकेत दिए गए हैं।

इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में प्रशासनिक सतर्कता बढ़ी है। स्थानीय स्तर पर लोग भी मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा।

# रेलवे में एक अप्रैल से शुरू होगी आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था

**लखनऊ।** ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे कवच सिस्टम (स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली) लगाने का काम बुधवार एक अप्रैल से शुरू करने जा रहा है। रेलवे की ओर से पूर्वोत्तर रेलवे को 213 कवच सिस्टम आवंटित भी कर दिए गए हैं। रेलवे के अधिकारी ने बताया कि सबसे पहले सीतापुर-बुढ़वल रेल रूट पर स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली विकसित की जाएगी। इस सुविधा से ट्रेन हादसों का खतरा काफी कम हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर बाराबंकी से छपरा के बीच टावर लगाने का काम भी तेजी से चल रहा है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि छह महीने में ट्रायल भी हो जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे को मिले 213 कवच में से गोरखपुर लोको शेड को 60, गोंडा लोको शेड को 95 और सैदपुर लोको शेड को 58 उपकरण दिए गए हैं। जानकारों का कहना है कि पूर्वोत्तर रेलवे का बाराबंकी से गोरखपुर होकर छपरा रेल रूट जल्द ही कवच से लैस होगा।

# निर्माण कार्यों की प्रगति पर डीएम लगाई फटकार

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सीएमआईएस पोर्टल पर दर्ज एक करोड़ रुपये से अधिक लागत की कुल 293 परियोजनाओं की प्रगति का गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी कार्यदायी संस्थाएं परियोजनाओं को समयबद्ध, गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि बिना पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहने वाले परियोजना प्रबंधकों एवं अधिशासी अभियंताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने उ0प्र0 प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन द्वारा कराए जा रहे जिला कारागार उरई, मेडिकल कॉलेज में 50 बेड क्रिटिकल केयर यूनिट तथा तहसील उरई के अनावासीय भवन निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। संबंधित कार्यदायी संस्था



**293 बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा, गुणवत्ता व समयबद्धता पर जीरो टॉलरेंस**

के उच्चाधिकारियों को जवाबदेह ठहराते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। राजकीय निर्माण निगम द्वारा नर्सिंग कॉलेज निर्माण कार्य में विलंब पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित परियोजना प्रबंधक एवं अधिशासी अभियंता के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी क्रम में उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) द्वारा संचालित जलापूर्ति योजनाओं, पुलिस आवास निगम द्वारा थाना रेंढर एवं थाना गोहन में बनाए जा रहे भवनों तथा राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ द्वारा ग्राम बंधा व गढ़ेला में गो-संरक्षण केंद्रों के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। कार्यों में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई और भविष्य में संबंधित संस्था को कार्य आवंटित न किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बैंकिंग व्यवस्था पर डीएम का सख्त एक्शन

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में डीसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक कर जनपद की बैंकिंग गतिविधियों एवं विभिन्न ऋण योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि जनपद के 12 बैंकों का ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेशियो) अत्यंत कम है, जिसमें विशेष रूप से एसबीआई, पीएनबी एवं आईडीबीआई बैंक का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया। साथ ही किसानों को ऋण वितरण में भी अपेक्षित रुचि नहीं ली जा रही है। इस पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए भारतीय रिजर्व बैंक को कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद का सीडी रेशियो राष्ट्रीय औसत 60 प्रतिशत तक लाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# शैक्षिक परिदृश्य में, क्रियात्मक शोध की भूमिका महत्वपूर्ण: डॉ रूचि

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सैदपुर के शोध एवं नवाचार प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्रियात्मक शोध कार्यशाला मंगलवार को सम्पन्न हुई।

शोध कार्यशाला का शुभारम्भ 30 मार्च को मुख्य वक्ता डॉ रूचि दुबे (इलाहाबाद विश्वविद्यालय), डॉ प्रतीक उपाध्याय (के.एन.पी.जी. कॉलेज, ज्ञानपुर, भदोही) एवं डॉ कल्पनाथ सोनकर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की उपस्थिति में हुआ। कार्यशाला के प्रथम दिवस के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ प्रतीक उपाध्याय ने शोध, शोध प्रकार एवं क्रियात्मक शोध की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। जबकि द्वितीय सत्र में डॉ रुचि दूबे ने बताया कि क्रियात्मक शोध शिक्षा में गुणवत्ता सुधार का एक प्रभावी एवं व्यावहारिक माध्यम है। यह शिक्षकों को अपनी कक्षा में उत्पन्न समस्याओं

**दो दिवसीय क्रियात्मक शोध कार्यशाला**

की पहचान कर उनके समाधान हेतु वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य, विशेषकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में, क्रियात्मक शोध की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने क्रियात्मक शोध की प्रक्रिया को विस्तृत रूप से वर्णित किया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस डॉ कल्पनाथ सोनकर असिस्टेंट प्रोफेसर बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय ने क्रियात्मक शोध रिपोर्ट लेखन को अति आवश्यक बताते हुए उसके विभिन्न विन्दुओं पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ सर्वेश कुमार राय अध्यक्ष शोध एवं नवाचार प्रकोष्ठ, डायट गाजीपुर के संयोजकत्व में आयोजित कार्यशाला में प्रकोष्ठ के सदस्य राजवंत सिंह एवं डॉ अर्चना सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

## देश की आधी आबादी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर व सशक्त हो

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** जनपद में सोमवार को 9 ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों व 503 ऑगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र भाजपा जिलाध्यक्ष माननीय काशीनाथ सिंह, जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग एवं मुख्य विकास अधिकारी आर जगत साई की गरिमामय उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सौपा गया। चयनित 9 नवीन ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों व 50 सहायिकाओं को प्रतीकात्मक नियुक्ति पत्र दिया गया। तथा 17 पूर्ण ऑगनबाड़ी केन्द्रों व बाल विकास परियोजना कार्यालय सहगोदाम शहाबगंज का लोकार्पण भी किया गया। शेष ऑगनबाड़ी सहायिकाओं के नियुक्ति पत्र का वितरण शीघ्र ही कर दिया जायेगा।

इस अवसर पर लखनऊ में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में प्रादेशिक स्तर पर आयोजित उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभागार में उपस्थित नव



चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं तथा स्मार्टफोन की लाभार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि सोमवार को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्रेरणा से देश की आधी आबादी को आगे बढने के लिए बहुत सारे अवसर मिल रहे हैं। पहली नौकरी अपने आप में अनूठी होती है जिससे हम भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं और उस नौकरी के माध्यम से हम अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं। सरकार का विजन है कि देश की आधी आबादी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर व सशक्त हो। सामाजिक स्तर पर आपकी जिम्मेदारी बहुत ही खास है। संभावित माताओं और छोटे-छोटे बच्चे जो देश का भविष्य हैं, के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी आपके हांथों में है। आप सबको अपने काम की पूरी जानकारी होनी चाहिए, जितना अच्छा आप सीखेंगे उतना ही अच्छा कर पायेंगे।

उन्होने कहा कि 17 पूर्ण ऑगनबाड़ी केन्द्रों व बाल विकास परियोजना कार्यालय सहगोदाम शहाबगंज का लोकार्पण भी किया गया। उनसे विभागीय कार्य की कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। जनपद के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर फर्नीचर सहित अन्य जरूरी उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें और बेहतर व उपयोगी बनाये जाने का प्रयास किया जा रहा है। आप सभी को जो स्मार्टफोन उपलब्ध कराये गये है, उनमें विभागीय एप्स की जानकारी व उनका संचालन अच्छे से सीख लें, इससे निश्चित रूप से आपको कार्य करने में आसानी होगी।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने भी सभी को शुभकामनाएं प्रेषित कीं और कहा कि आप सभी समाज की आधारशिला हैं। देश के भविष्य की नींव मजबूत करने का काम आपके हांथों में हैं। कुपोषण को लेकर हमारी सरकार सजग है और इसे खत्म करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आप सभी पूरी निष्ठा व लगन के साथ कार्य करें, उसमें किसी भी प्रकार की समस्या आए तो हमें अवगत कराएं। आपकी हर संभव मदद की जाएगी।

इस अवसर पर विधानसभा चकिया एवं मुगलसराय विधायक प्रतिनिधि, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीडीपीओ सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा नवचनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां व सहायिकाएं आदि मौजूद रहे।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का कड़ा पहरा, डीएम ने परखी सुरक्षा



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जालौन में चुनावी पारदर्शिता और सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद मुख्यालय स्थित ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी ने पूरी प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बना दिया।

निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस (प्रथम एवं द्वितीय) को विधिवत खोला गया और ईवीएम की लॉग-बुक का गहन परीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने रिकॉर्ड में आवश्यक टिप्पणियां भी दर्ज कीं, जिससे भविष्य में निगरानी और मजबूत हो सके। निरीक्षण के बाद डीएम ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष में लगे सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम का भी जायजा लिया। खास बात यह रही कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को लाइव फुटेज दिखाकर सुरक्षा व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया, जिससे भरोसे और पारदर्शिता को और मजबूती मिली। डीएम का सख्त संदेश जिला निर्वाचन अधिकारी ने साफ कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# डीवीके फाउंडेशन ने बीजीआईएस वृंदावन में आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए शुरू की विशेष छात्रवृत्ति योजना

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** डीवीके फाउंडेशन ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भक्तिवेदांत गुरुकुल एवं इंटरनेशनल स्कूल (बीजीआईएस), वृंदावन में एक महत्वपूर्ण छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत की है। यह विद्यालय उत्तर प्रदेश के अग्रणी आवासीय विद्यालयों में शामिल है और एजुकेशन वर्ल्ड 2024-25 रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम तथा देश के शीर्ष 10 बालक आवासीय विद्यालयों में स्थान प्राप्त कर चुका है।

फाउंडेशन की स्थापना उन प्रतिभाशाली छात्रों की सहायता के लिए की गई है जो आर्थिक अभाव के कारण बेहतर शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इस नई पहल के तहत डीवीके फाउंडेशन और बीजीआईएस के बीच हाल ही में एक समझौता हुआ है, जिसके अंतर्गत चयनित छात्रों को आर्थिक सहायता, अध्ययन सामग्री और प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

इन चयनित छात्रों को डीवी कपूर स्कॉलर÷ के रूप में जाना जाएगा। उन्हें पढ़ाई के दौरान किताबें, अध्ययन सामग्री, वर्दी, लैपटॉप और विभिन्न पुरस्कार उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

**योजना की मुख्य बातें-**

कक्षा 8, 9 और 11 के मेधावी छात्रों को प्रतिवर्ष 20 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

यह राशि विद्यालय की संस्तुति और फाउंडेशन की स्वीकृति के आधार पर प्रदान की जाएगी।

योजना शैक्षणिक सत्र 2025-26 से लागू हो चुकी है और छात्र कक्षा 12 तक इसका लाभ ले सकेंगे।

विद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार धनराशि का वितरण और प्रबंधन किया जाएगा। यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों के लिए बड़ा सहारा साबित होगी। बीजीआईएस में आईसीएसई/आईएससी बोर्ड के तहत शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। विद्यालय की स्थापना वर्ष 1976 में इस्कॉन के संस्थापक आचार्य ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद द्वारा की गई थी।

डीवीके फाउंडेशन ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए संदेश दिया कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं, मेहनत से अध्ययन करें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं।

विद्यालय प्रशासन ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से अधिक से अधिक जरूरतमंद छात्रों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिलेगा।

# पॉश कॉलोनी में धड़ल्ले से बिक रहा मादक पदार्थ

अवधनामा संवाददाता

■ पुलिस पर संरक्षण के आरोप

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ द्वारा अपराध और नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बावजूद मथुरा के थाना वृंदावन कोतवाली क्षेत्र की एक पॉश कॉलोनी में खुलेआम मादक पदार्थों की बिक्री होने का मामला सामने आया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, थाना वृंदावन क्षेत्र के अंतर्गत शीतल धाम नामक कॉलोनी इस अवैध कारोबार में एक महिला अवैध रूप से गुंडागर्दी और झूठे मुकदमे में फंसने की धमकी के साथ फ्लैट में रह रही है बताया जाता है मादक पदार्थ की तस्करी में बिहार पुलिस ने भी इसको भारी बारामदगी के साथ जेल भेजा था जो मुकदमा आज भी विचाराधीन बताया जाता है उत्तर प्रदेश के लिए विभिन्न जनपदों में इस महिला के विरुद्ध मादक पदार्थ तस्करी के मामले दर्ज बताए जाते हैं इस महिला के तार अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े हुए हैं। आरोप है कि पुलिस के कथित संरक्षण के चलते वह महिला बिना किसी डर के दबंगई के साथ इस धंधे को चला रही है। आस-पड़ोस के निवासी इस स्थिति से काफी परेशान हैं और कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगा रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस अवैध गतिविधियों से कॉलोनी का माहौल खराब हो रहा है और युवाओं पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बहाल हो सके।

## बुंदेलखंड सीबीएसई एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला

**उरई (जालौन)।** सीबीएसई एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल ने जनपद में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े एक गंभीर मुद्दे को उठाते हुए अवगत कराया कि उरई नगर में कई विद्यालय अपनी मान्यता से अधिक कक्षाओं का संचालन कर रहे हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को बताया कि उरई नगर सहित जनपद जालौन के विभिन्न क्षेत्रों में कई ऐसे विद्यालय संचालित हैं, जिन्हें केवल कक्षा आठ तक की मान्यता प्राप्त है, लेकिन वे अवैध रूप से कक्षा 9 एवं 10 की कक्षाएं ÷अटैचमेंट÷ के माध्यम से चला रहे हैं। यह न केवल शिक्षा विभाग के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ भी गंभीर खिलवाड़ है।

संगठन के पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि ऐसे विद्यालयों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का अभाव है।

# पुलिस की कार्रवाई मथुरा में देह व्यापार का भंडाफोड़

अवधनामा संवाददाता

■ चोटीवाला ढाबे से नो युवक युवतियाँ की गिरफ्तार

**मथुरा।** जनपद के थाना छाता क्षेत्र में नेशनल हाईवे-19 स्थित चोटी वाला ढाबा पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देह व्यापार के एक सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने पांच युवतियों और चार युवकों को आपत्तिजनक स्थिति में गिरफ्तार किया जबकि गिरोह का मुख्य सरगना दलाल मौके से फरार हो गया।

पुलिस को पिछले कुछ दिनों से लगातार सूचना मिल रही थी कि चौकी दौताना क्षेत्र के पास स्थित उक्त ढाबे पर अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सूचना की पुष्टि के बाद क्षेत्राधिकारी छाता भूषण वर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई।

पुलिस ने पहले फर्जी ग्राहक भेजकर पूरे मामले की पुष्टि की। इसके बाद बाहर तैनात टीम ने अचानक ढाबे पर छापा मार दिया। छापेमारी के दौरान मौके पर अफरातफरी मच गई।

पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद करते हुए पांच युवतियों और चार युवकों को हिरासत में लिया। सभी को कोतवाली छाता लाकर पूछताछ की जा रही है और उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान गिरोह का मुख्य संचालक (दलाल) मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा।

# भावी पीढ़ी के निर्माण में शिक्षकों की होती है अहम भूमिका : प्रतीक

अवधनामा संवाददाता

■ बलदेव में हुआ सेवानिवृत शिक्षकों का विदाई समारोह

**बलदेव (मथुरा)।** विकास खंड बलदेव के परिषदीय विद्यालयों से सेवानिवृत्ति हुए शिक्षकों का विदाई सम्मान समारोह ब्लॉक सभागार में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छवि पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर एवं भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तोमर ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर ने कहा कि सेवाकाल में शिक्षक बच्चों को शिक्षित करते हैं और सेवानिवृत्ति के बाद अपने अनुभवों से समाज को नई दिशा देते हैं। उन्होंने शिक्षकों को राष्ट्र का प्रहरी और समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि भावी पीढ़ी के निर्माण में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तोमर ने कार्यक्रम की सराहना की।

इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक गिर्राज प्रसाद इंचार्ज प्रधानाध्यापक, उ0 प्रा0वि0 महावन,उमेश तिवारी प्रधानाध्यापक प्रा0वि0 खेड़िया,सुरेश उपाध्याय प्रधानाध्यापक प्रा0वि0 नगला राय सिंह, देवेन्द्र सिंह इंचार्ज प्रधानाध्यापक उ0 प्रा0वि0 भूड़ा,महावीर सिंह इंचार्ज प्रधानाध्यापक उ0 प्रा0वि0 नगला लोका ,हाकिम सिंह प्रधानाध्यापक प्रा0वि0 खड़ैरा सभी को स्मृति चिन्ह ,सम्मान पत्र भेंट कर व स्वाफ़ा बांध कर विदाई दी गई। कार्यक्रम के अंत में सुसेंद्र मित्तल एवं रवेंद्र रावत ने उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## बांकेबिहारी मंदिर मार्ग पर करंट फैलने से दंपती झुलसे, मची अफरातफरी

**मथुरा।** श्रीबांकेबिहारी मंदिर मार्ग स्थित गली नंबर तीन के पास सोमवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब विद्युत खंभे पर लगे पैनल बॉक्स में अचानक करंट फैल गया। इस दौरान दर्शन करने आए एक दंपती इसकी चपेट में आ गए और करंट लगने से छटपटाकर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं में अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों और दुकानदारों ने तुरंत दंपती को पास की एक धर्मशाला में पहुंचाया, जहां मालिश आदि के बाद उनकी हालत सामान्य हुई।

बताया गया कि पन्ना धर्मशाला के पास लगे विद्युत खंभे के पैनल बॉक्स में शॉर्ट सर्किट होने से करंट फैल गया था। गली में भीड़ के बीच गुजर रहे दंपती का हाथ अचानक बॉक्स से टकरा गया, जिससे उन्हें करंट लग गया। घटना की सूचना मिलते ही दुकानदारों ने विद्युत निगम के अधिकारियों को अवगत कराया।

# हत्या के मामले में फरार अभियुक्त पर 82 सीआरपीसी की कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भटनी पुलिस ने हत्या के मुकदमे में फरार चल रहे अभियुक्त के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा की कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अंशुमन श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थाना भटनी में पंजीकृत मु0अ0सं0 67/2023 धारा 302, 306 एवं 498ए आईपीसी से संबंधित मामले में फरार चल रहे अभियुक्त सुनील प्रसाद पुत्र स्व. बन्धु प्रसाद निवासी बनकटा दीक्षित, थाना भटनी के विरुद्ध मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने मंगलवार को अभियुक्त के घर पहुंचकर नियमानुसार धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा की तथा ग्राम चौकीदार के माध्यम से मुनादी कराई। साथ ही अभियुक्त के घर एवं सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस चस्पा किया गया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि फरार अभियुक्त के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# देवरिया में पुरस्कार वितरण एवं दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** शहर के नेशनल पब्लिक स्कूल, सोडा के प्रांगण में पुरस्कार वितरण एवं दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री श्रुति शर्मा रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथियों में डॉ. जे.एन. पांडेय (शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ) सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्रबंध निदेशक संजय शंकर मिश्रा, निदेशक राजीव शंकर मिश्रा एवं प्रधानाचार्य मृदुला सिंह बघेल ने अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। यूकेजी के बच्चों का दीक्षांत संस्कृत मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ, वहीं एलकेजी व यूकेजी के बच्चों ने नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छात्राओं अदिति तिवारी, वान्या एवं वाणी ने प्रभावी भाषण प्रस्तुत किए। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। विभिन्न कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ?1100 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। पुरस्कार प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मुख्य अतिथि श्रुति शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन केवल पुरस्कार पाने का नहीं, बल्कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का उत्सव है। उन्होंने छात्रों को असफलताओं से सीख लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रबंध निदेशक संजय शंकर मिश्रा ने कहा कि शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम है। वहीं प्रधानाचार्य मृदुला सिंह ने छात्रों को निरंतर प्रयास और विनम्रता बनाए रखने की सीख दी। अंत में भटनी शाखा की प्रधानाचार्या अंजू मिश्रा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिकाओं प्रिया मिश्रा, खुशबू शुक्ला, अनुपमा कुशवाहा एवं छात्र विद्युभूषण मिश्रा व अर्पिता सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

# मथुरा में 47.39 करोड़ के 63 विकास कार्य स्वीकृत, सड़कों का जाल होगा मजबूत

अवधनामा संवाददाता

■ पहली किस्त में 11.84 करोड़ जारी, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सड़क व नाली निर्माण को मिलेगी रफ्तार

**मथुरा।** जनपद में विकास को नई गति देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत त्वरित आर्थिक विकास योजना में 63 महत्वपूर्ण कार्यों को मंजूरी दी है। इन सभी कार्यों पर कुल 4739.23 लाख रुपये (करीब 47.39 करोड़ रुपये) की लागत स्वीकृत की गई है जबकि प्रथम किस्त के रूप में 1184.00 लाख रुपये (करीब 11.84 करोड़ रुपये) जारी कर दिए गए हैं।

उक्त जिलाधिकारी सीपी सिंह ने देते हुए बताया कि स्वीकृत कार्यों में अधिकांश परियोजनाएं सड़क निर्माण, संपर्क मार्ग, इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण से जुड़ी हैं। छाता, बलदेव, गोवर्धन, नौहझील, मांट, राया, फरह और नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सड़क नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा।

छाता विधानसभा में ऐंच से हरियाणा सीमा तक सड़क निर्माण पर 63.65 लाख रुपये जबकि विशंभरा-महरौली से फालैन संपर्क मार्ग पर 127.60 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी तरह इकदंता मोड़ से नगला मियां तक सड़क निर्माण पर 99.91 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं।

**नगर निगम क्षेत्रों में भी बड़े काम-** मथुरा-वृंदावन नगर निगम के वार्डों में भी कई अहम कार्य स्वीकृत हुए हैं।

वार्ड 06 अडूकी में सड़क व नाली निर्माण- 46.99 लाख रुपये

वार्ड 36 जयसिंहपुरा में सड़क व नाली- 95.58 लाख रुपये

वार्ड 59 अवधपुरी कॉलोनी में लिंक गलियों का निर्माण- 136.43 लाख रुपये

पुष्प विहार कॉलोनी फेस-2 में सड़क व नाली- 152.99 लाख रुपये

ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क मार्गों का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क मार्गों और इंटरलॉकिंग सड़कों के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया है।

नगला तांगर से नगला देवकिशन तक सड़क- 96.05 लाख रुपये

पारसौली से यमुना एक्सप्रेसवे तक मार्ग- 92.61 लाख रुपये

लोरियापट्टी से नगला जीवन तक सड़क- 228.80 लाख रुपये (सबसे महंगी परियोजना)

देवीपुरा गुर्जर मार्केट से श्मशान तक मार्ग- 176.18 लाख रुपये।

हरियाणा व राजस्थान सीमा से जुड़े गांवों को जोड़ने के लिए कई संपर्क मार्ग बनाए जाएंगे, जिससे आवागमन आसान होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

**कुल आंकड़ों पर नजर**

कुल कार्यः 63, कुल स्वीकृत लागतः 47.39 करोड़ रुपये, प्रथम किस्त जारीः 11.84 करोड़ रुपये

जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा कराया जाएगा। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी परियोजना में लागत वृद्धि या देरी न हो। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि कार्य शुरू करने से पहले तकनीकी स्वीकृति और स्थल निरीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए तथा कार्यों की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जनपद मथुरा में इन विकास कार्यों के शुरू होने से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क मजबूत होगा, जिससे आवागमन सुगम होने के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

## एडेड माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत आउट सोर्स कर्मचारीयों की सेवा समाप्त

**मथुरा।** आगरा मंडल के एडेड माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत आउट सोर्स कर्मचारीयों की सेवा पुरानी एजेंसीका टेंडर अवधि समाप्त हो जाने के बाद एवं दो बार पुरानी एजेंसी का समय बढ़ाया गया था अब उस एजेंसी की अवधि समाप्त हो गई है। पुरानी एजेंसी द्वारा नियुक्त आउटसोर्सिंग कर्मचारी अब 07 अप्रैल 2026 तक ही कार्य कर सकेंगे। आगरा मण्डल में ऐडेड माध्यमिक विद्यालयों में आउटसोर्सिंग कर्मचारी केवल विद्यालय में 07 अप्रैल 2026 तक ही कार्य सकेंगे,इस आशय का आदेश मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा मण्डल आगरा आदरणीय डा मुकेश कुमार अग्रवाल ने मण्डल के समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों को जारी किया उन्होंने अपने आदेश दिनांक - 25 मार्च 2026 में स्पष्ट कहा है कि इस सम्बन्ध में नवीन टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत चयनित सेवा प्रदाता द्वारा पुनः नियमानुसार आउटसोर्सिंग पर्सन की व्यवस्था/तैनाती की जायेगी। संयुक्त शिक्षा निदेशक,आगरा मण्डल, आगरा, ने मण्डल के समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों को इस सम्बन्ध में अपने अपने जनपदों के सभी अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रबन्धक /प्रधानाचार्य व कार्यरत आउटसोर्सिंग पर्सन को अवगत कराने के भी निर्देश दिए हैं।

# राकेश टिकैत की गिरफ्तारी के विरोध में थानों का किया घेराव

■ पुलिस प्रशासन के बीच मचा हड़कप, किसानों ने जमकर की नारेबाजी

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उड़ीसा के भुवनेश्वर में किसानों की आवाज बुलंद करने पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को पुलिस द्वारा डिटेन किया गया है। जिस पर भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पूरे जिले की कोतवाली एवं थानों का घेराव किया। जिससे पुलिस महकमें मे हड़कंप मच गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ किसान नेता अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए जब देर रात राष्ट्रीय प्रवक्ता का मैसेज आया कि प्रशासन ने उनकी बात मान ली है, किसान नेता एवं कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया।

सोमवार की देर शाम जैसे ही जनपद के भाकियू नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को भुवनेश्वर में राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को डिटेल किए जाने की खबर मिली। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने अपने नजदीकी थाना एवं कोतवाली का घेराव करना शुरू कर दिया। नगर कोतवाली में शमीम सिद्दीकी, तालग्राम थाने में महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान एवं तिर्वा कोतवाली में तहसील कन्नौज अध्यक्ष उपेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में तथा कोतवाली कन्नौज में तहसील अध्यक्ष तिर्वा कुलदीप कुमार और कन्नौज जिलाध्यक्ष पुत्र सचिन ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि यह कार्रवाई लोकतंत्र और किसान आंदोलन की आवाज को दबाने का प्रयास है। हम साफ चेतावनी देते हैं कि यदि तत्काल रिहाई नहीं की गई तो लखनऊ से लेकर दिल्ली तक और देश के कोने-कोने में व्यापक आंदोलन खड़ा किया जाएगा। केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों यह समझ लें, चौधरी राकेश टिकैत का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तथा भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के कहने पर धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, राहुल कुमार, जीशान खान, शक्ति दीक्षित, मो. सहराज, सत्यम प्रजापति, असगर खान, मोशीन खान, अकील फारूकी, पवन माथुर, डॉ साजिद हुसैन, रिजवान अहमद, डबलू ठाकुर, इकबाल अहमद, गामा, अजय शेर, शाबान सिद्दीकी, अजीत यादव सहित आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पीड़िताओं की सुरक्षा में लापरवाही अक्षम्यः शैलजा

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष धनेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सिविल जज (सीडी) शैलजा मिश्रा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान मिश्रा ने कहा कि पीड़िताओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य है। उन्होंने समाज से भी पीड़ित महिलाओं के अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

सचिव ने केंद्र पर उपस्थित पीड़िताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरों में फ्रंट एवं साइड कैमरे बंद पाए गए, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए केंद्र प्रबंधक को तत्काल कमियों को दूर करने के सख्त निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र प्रबंधक नीतु भारती को निर्देशित किया कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता है, उनके मामलों को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को संदर्भित किया जाए, ताकि उन्हें समय पर न्यायिक सहायता मिल सके।

# मिशन शक्ति केंद्र में घरेलू विवाद में कराया समझौता

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्थानीय कोतवाली में नव स्थापित मिशन शक्ति केंद्र पर वर व वधु पक्ष के बीच चल रहे विवाद का सफलतापूर्वक आपसी समझौता कराया गया। काफी समय से दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था, जिसके चलते मामला मिशन शक्ति केंद्र तक पहुंचा।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विनेद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी व मिशन शक्ति अभियान प्रभारी /निरीक्षक चंद्रप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में मुख्य महिला आरक्षी शशिवाला व महिला आरक्षी सीमा भदौरिया नें आवेदक इरशाद पुत्र राशिद खान निवासी 60 फुटा रोड मंदिर वाली गली नंबर दो थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद के प्रार्थना पत्र पर आवेदक की बेटी के पति युसूफ पुत्र महफूज अहमद निवासी मोहल्ला अफसरी को बुलाकर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों को आपसी संवाद, धैर्य और समझदारी से विवाद सुलझाने के लिए प्रेरित किया गया। काफी देर तक चली बातचीत के बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति पर समझौते के लिए तैयार हो गए। दोनों पक्षों ने आपस में समझौता किया और काउंसलिंग कराकर सकुशल थाने से रवाना किया गया।

# डीएम ने डिजीटल लाईब्रेरी एवं गौशाला का निरीक्षण किया

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** मंगलवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने ग्राम पंचायत मतौली स्थित सचिवालय पंचायत भवन में संचालित डिजिटल लाइब्रेरी तथा गौ आश्रय स्थल अनौगी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डिजिटल लाइब्रेरी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुस्तकों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, वर्गीकरण एवं रजिस्टर सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए, ताकि पाठक अपनी आवश्यकता की पुस्तक सहजता से प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी में बच्चों, युवाओं एवं धार्मिक विषयों की उपयोगी पुस्तकों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आवश्यकता अनुसार नई पुस्तकों की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने पुस्तक निर्गमन हेतु विधिवत रजिस्टर संचालित कर इच्छुक पाठकों को निशुल्क पुस्तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। परिसर की रंगाई-पुताई कर स्वच्छ एवं आकर्षक वातावरण बनाए रखने तथा स्थानीय प्रबुद्धजनों की समिति गठित कर लाइब्रेरी के संचालन में सहयोग लेने को भी कहा। उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी युवाओं के लिए ज्ञानवर्धन का सशक्त केंद्र है, इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। गौ आश्रय स्थल अनौगी के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने गोवंश को गुड़, चना व केला खिलाया। आश्रय स्थल में 195 गोवंश संरक्षित पाए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि गोवंश के लिए छायादार वृक्षों का रोपण, स्वच्छ पेयजल की सतत उपलब्धता तथा केयरटेकरों की रोस्टरवार ड्यूटी सुनिश्चित की जाए। एक बछिया के पैर में चोट पाए जाने पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को तत्काल उपचार, कैल्शियम व आवश्यक दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित कर 3-4 दिनों में सुधार लाने के निर्देश दिए। आश्रय स्थल की बाउंड्री के आसपास शहतूत, बोगनवेलिया आदि पौधरोपण पर भी विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सरदुल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रकाश सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस के लिए पार्टी कार्यालय पर हुई बैठक

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी देवरिया जिला कार्यालय पर 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस मनाने के क्रम में जिला स्तरीय टीम की टीम बैठक आहूत हुई। अभियान को सफल बनाने के लिए जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे को जिला संयोजक एवं मण्डल प्रभारी सत्येन्द्र मणि त्रिपाठी और गिरजेश सिंह को अभियान का सहसंयोजक पार्टी ने बनाया है। इसके लिए 3 अप्रैल को जिला कार्यालय पर कार्यशाला होगी, जिसमें जिला प्रभारी, जिला पदाधिकारी गण, जिला स्तरीय समिति, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के प्रदेश एवं जिले के अध्यक्ष, माननीय सांसद विधायक एमएलसी जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष सम्मिलित होंगे।

इस दौरान बैठक की अध्यक्षता कर रहे अभियान के जिला संयोजक अजय कुमार दुबे ने कहा कि पार्टी की मंशा के अनुसार पार्टी का स्थापना दिवस जिला एवं मंडलों के बूथ पर हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाएगा।

# सेवानिवृत्त शिक्षक को उपहार भेंट कर दी गई यादगार विदाई



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** सेठ बासुदेव सहाय इंटर कॉलेज कन्नौज के सभागार में उप प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार यादव की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गयी। शैलेन्द्र कमार यादव ने इस विद्यालय में 1989 से अध्यापन कार्य प्रारम्भ किया। रसायन विज्ञान के योग्य प्रवक्ता के रूप में कन्नौज जनपद में अपनी पहचान बनाई। मंगलवार को आयोजित बिदाई समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र लाल सिंह ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक आदर्श अध्यापक के रूप में आपका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। एन सी सी प्रभारी विनोद कुशवाहा, सूर्य सिंह, शरद दीक्षित, राजेश कुमार, सूफ़्यान अहमद, आशीष त्रिवेदी, संजय सैनी, गोविंद राठौर सहित समस्त अध्यापकगणों व कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त हो रहे यादव के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ शिव सिंह कुशवाहा ने सेवानिवृत्त शिक्षक के जीवन अनुभव पर कविता पाठ किया।

अवधनामा

लखनऊ, बुधवार 01 अप्रैल 2026



# साल की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज बनीं शीतल देवी



**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी पैरा तीरंदाज शीतल देवी को साल का सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना गया है। शीतल देवी ने इस सम्मान के लिए आभार जताया है। शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने साल का सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना है। इस भारतीय तीरंदाज ने इस सम्मान के लिए दिल से आभार जताया है। वैश्विक शासी निकाय ने पिछले एक साल में इस खेल में उनके बेहतरीन प्रदर्शन और योगदान के लिए शीतल देवी को इस खिताब से सम्मानित किया है। शीतल देवी का यह पुरस्कार एक ऐतिहासिक सीजन की शानदार परिणति है, जिसमें उन्होंने ग्वांगजू में आयोजित वर्ल्ड आर्चरी पैरा चैंपियनशिप में अपना पहला विश्व खिताब जीता था।

**अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित हैं शीतल देवी**

शीतल देवी बिना हाथों के पैरा आर्चरी विश्व चैंपियनशिप जीतने वाली पहली महिला बनी थीं। उन्होंने कंपाउंड महिला व्यक्तिगत फाइनल में पैरालंपिक चैंपियन ओज्नुर क्यूर गिर्दी को हराया था। इसके अलावा उन्होंने महिला टीम स्पर्धा में रजत और मिश्रित टीम प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। शीतल देवी साल 2025 में बीबीसी इमर्जिंग एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय तीरंदाज बनीं थीं। यह सम्मान उन्हें पेरिस 2024 पैरालंपिक गेम्स में राकेश कुमार के साथ मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीतने के बाद मिला। शीतल देवी को 2023 में विश्व तीरंदाजी पैरा महिला ऑफ द ईयर और एशियाई पैरालंपिक समिति की सर्वश्रेष्ठ युवा एथलीट के रूप में भी मान्यता मिली है। साल 2024 में उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शीतल देवी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों के साथ नामित होना और अब वर्ल्ड तीरंदाजी द्वारा सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना जाना, यह अहसास बहुत ही खास है। मेरा दिल से आभार। धन्यवाद।

# पोलियो को मात देकर लगातार 4 स्वर्ण जीते

## देश की पहली खिलाड़ी जिन्होंने रचा इतिहास

**इंदौर।** बेंगलुरु के कोरामंगला स्टेडियम में आयोजित पैरा ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में मध्य प्रदेश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी सपना शर्मा ने अपनी स्वर्णिम सफलता का सिलसिला जारी रखते हुए एक बार फिर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। यह सपना शर्मा का लगातार चौथा नेशनल गोल्ड मेडल है, जिसके साथ ही वह देश की पहली ऐसी दिव्यांग खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने खेल जगत में यह विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है। इंदौर की रहने वाली सपना की इस ऐतिहासिक जीत ने न केवल उनके शहर बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 28 और 29 मार्च को किया गया था, जिसमें देशभर के लगभग 70 खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। फाइनल मुकाबले में सपना शर्मा ने अपनी बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पस्त कर दिया। कड़े मुकाबले में तेलंगाना

**चुनौतीपूर्ण**

**सपना शर्मा की सफलता की यह कहानी जितनी सुखद है, उनका सफर उतना ही चुनौतीपूर्ण रहा है।**

की ममता को रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि कृष्णवेणी ने कांस्य पदक हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान सपना का प्रदर्शन इतना प्रभावी रहा कि उन्होंने हर राउंड में अपना दबदबा बनाए रखा और स्वर्ण पदक पर अपना नाम दर्ज कराया।

सपना शर्मा की सफलता की यह कहानी जितनी सुखद है, उनका सफर उतना ही चुनौतीपूर्ण रहा है। दोनों पैरों में पोलियो होने के बावजूद सपना ने शारीरिक अक्षमता को कभी



अपने सपनों के आड़े नहीं आने दिया। ताइक्वांडो से पहले वह टेबल टेनिस में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और आर्म रेसलिंग में भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुकी हैं। उनकी यह यात्रा आर्थिक कठिनाइयों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच निरंतर अभ्यास की मिसाल है। सपना का मानना है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो शारीरिक बाधाएं सफलता का रास्ता नहीं रोक सकतीं।

सपना अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और कभी हार न मानने वाले जज्बे को देती हैं। वह किसी अन्य के बजाय अपनी खुद की जिंदगी और संघर्षों को अपना रोल मॉडल मानती हैं। उनके परिवार में पति संजय वर्मा और बेटी हनाया हैं, जो उनके इस कठिन सफर में हमेशा साथ खड़े रहे हैं। सपना का कहना है कि उन्होंने जो कुछ भी सीखा है, अपनी परिस्थितियों से ही सीखा है। वह उन सभी खिलाड़ियों से प्रेरणा लेती हैं जो विपरीत हालातों के बावजूद देश के लिए मेडल जीतकर लाते हैं।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा फहराने का है अगला लक्ष्य**

सपना शर्मा अब अपनी इस सफलता को अंतरराष्ट्रीय पटल पर ले जाना चाहती हैं। वह पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी हैं, हालांकि कई बार आर्थिक कारणों से वह चयन होने के बाद भी विदेशी दौरों पर नहीं जा सकीं। लेकिन इन असफलताओं ने उन्हें और अधिक मजबूत बनाया है। अब उनका एकमात्र लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के लिए अधिक से अधिक स्वर्ण पदक जीतना और देश का गौरव बढ़ाना है। वह कहती हैं कि वह गिरकर संभलने और हर बार पहले से अधिक मजबूत होकर उभरने में विश्वास रखती हैं।

# लिएंडर पेस की कहानी

# टेनिस में भारत को पहला ओलंपिक पदक दिलाया, टूटी कलाई से जीता कांस्य


















**भारतीय खेल इतिहास में कुछ कहानियां सिर्फ जीत की नहीं होतीं, बल्कि इंसानी हिम्मत, जज्बे और मानसिक ताकत की मिसाल बन जाती हैं। लिएंडर पेस का 1996 अटलांटा ओलंपिक में जीता गया कांस्य पदक ऐसी ही एक कहानी है, जिसमें शरीर हार मान चुका था, लेकिन दिमाग ने हार स्वीकार नहीं की।**

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस की बात हो और लिएंडर पेस का नाम न आए, ऐसा शायद ही कभी होता है। पेस को दुनिया के सबसे सफल डबल्स खिलाड़ियों में गिना जाता है और उनकी उपलब्धियां उन्हें भारतीय खेल इतिहास के सबसे बड़े दिग्गजों में शामिल करती हैं। अंतरराष्ट्रीय मंच पर पेस की चमकदार उपलब्धियों ने भारतीय टेनिस को नई पहचान दिलाई। खास तौर पर 1996 अटलांटा ओलंपिक में जीता गया उनका कांस्य पदक न सिर्फ ऐतिहासिक था, बल्कि इसने भारत में टेनिस की नई पीढ़ी को भी प्रेरित किया। उनकी इसी सफलता से प्रेरित होकर आगे चलकर सोमदेव देववर्मन, रोहन बोपन्ना जैसे खिलाड़ियों ने सिंगल्स और डबल्स टेनिस में अपना करियर बनाया और देश का नाम रोशन किया।

**क्यों चर्चा में हैं लिएंडर पेस?**

पूर्व टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस पश्चिम बंगाल 2026 के चुनावों से पहले भाजपा में शामिल हो गए हैं। मंगलवार को दिल्ली मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और सुकांत मजूमदार की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा का दामन थामा। पेस साल 2021 से तृणमूल कांग्रेस से जुड़े हुए थे।

पश्चिम बंगाल में 294 विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनावों से पहले लिएंडर पेस का भाजपा में शामिल होना तृणमूल कांग्रेस के लिए बड़ा झटका भी माना जा रहा है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान लिएंडर पेस से मिले थे और इस मुलाकात में सौमिक भट्टाचार्य भी शामिल हुए थे। तभी से ऐसी अटकलें लगा जा रही थीं कि पेस जल्द ही भाजपा से जुड़ सकते हैं। पेस को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने फूलों का एक बुके और भाजपा की सदस्यता वाली पर्ची देकर पार्टी में स्वागत किया।

**पिता और मां भी रहे एथलीट**

17 जून 1973 को कोलकाता में जन्मे पेस एक ऐसे परिवार से आते हैं, जहां खेल और ओलंपिक की विरासत पहले से मौजूद थी। उनके पिता वेस पेस 1972 म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा थे, जबकि उनकी मां जेनिफर पेस 1980 एशियाई बास्केटबॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम की कप्तान रही थीं। ऐसे माहौल में पले-बढ़े पेस के लिए खेल सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि उनके जीवन का हिस्सा था।

**1996 अटलांटा ओलंपिक में कांस्य जीतने की कहानी**

पेस ने महज 18 साल की उम्र में 1992 बार्सिलोना ओलंपिक के जरिए ओलंपिक मंच पर कदम रखा। हालांकि, सिंगल्स में वह पहले ही दौर में बाहर हो गए, लेकिन डबल्स में अपने साथी रमेश कृष्णन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। यही वह शुरुआत थी, जिसने आने वाले वर्षों में एक महान करियर की नींव रखी। भारतीय खेल इतिहास में कुछ पल ऐसे होते हैं, जो हमेशा के लिए अमर हो जाते हैं। लिएंडर का 1996 अटलांटा ओलंपिक में जीता गया ब्रॉन्ज ऐसा ही एक ऐतिहासिक क्षण है। इस उपलब्धि ने न सिर्फ 44 साल बाद भारत को व्यक्तिगत ओलंपिक पदक दिलाया, बल्कि पेस को ओलंपिक टेनिस में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय और एशियाई खिलाड़ी बना दिया।

**चार साल की तैयारी और अद्भुत समर्पण**

इस जीत के पीछे सिर्फ प्रतिभा नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत थी। पेस ने 1992 बार्सिलोना ओलंपिक के बाद ही अटलांटा के लिए तैयारी शुरू कर दी थी। उन्होंने खासतौर पर ऊंचाई वाले इलाकों में खेलना शुरू किया, ताकि स्टोन माउंटेन टेनिस सेंटर जैसी परिस्थितियों में खुद को ढाल सकें। अटलांटा ओलंपिक में पेस की एंट्री किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं थी। उस समय उनकी विश्व रैंकिंग 126वीं थी और उन्हें वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली थी। लेकिन उन्होंने इस मौके को पूरी तरह भुनाया। उन्होंने ओलंपिक डॉट कॉम को दिए एक इंटरव्यू में बताया था, %मैंने चार साल सिर्फ अटलांटा की तैयारी में लगाए। मैंने ऐसे टूर्नामेंट खेले, जहां ऊंचाई ज्यादा थी, ताकि वहां की परिस्थितियों के अनुसार खुद को तैयार कर सकूं।

**शुरुआती राउंड से पहले मिला था झटका**

ड्रॉ में पेस का सामना दुनिया के दिग्गज पीट सैम्प्रास से होना था, जो उस दौर के सबसे खतरनाक खिलाड़ियों में से एक थे। सभी ने इसे पेस के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया। लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था। सैम्प्रास के हटने के बाद रिची रेनेबर्ग उनकी जगह आए। पेस ने इस अवसर का पूरा फायदा उठाया और तीन सेटों में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में अपनी मजबूत शुरुआत की। पेस बताते हैं, %जब मैं अटलांटा पहुंचा, तो मुझे लगा कि यहां कुछ जादुई होने वाला है। इसे शब्दों में समझाना मुश्किल है, लेकिन कुछ अलग महसूस हो रहा था।

**जोन में पहुंचे पेस, बदल गई कहानी**

पेस का सबसे यादगार मुकाबला ब्रॉन्ज मेडल मैच था, जिसमें उनका सामना फर्नांडो मेलिगिनी से हुआ। मैच आसान नहीं था। पेस पहला सेट हार चुके थे और दूसरे सेट में 1-2 से पीछे होने के साथ ब्रेक पॉइंट का सामना कर रहे थे। यहीं से कहानी ने ऐसा मोड़ लिया, जिसे पेस आज भी जादुई मानते हैं। वह बताते हैं, पहला सेट हारने के बाद और जब मैं दूसरे सेट में 1-2 पर 30-40 से पीछे था, तभी कुछ जादुई हुआ। मैं उस जोन में चला गया, जहां खिलाड़ी को खुद नहीं पता चलता कि वह क्या कर रहा है। पेस बताते हैं कि अगले 45 मिनट उनके लिए किसी ट्रांस जैसे थे यानी एक ऐसी मानसिक स्थिति जिसमें व्यक्ति को पता नहीं चलता कि उसके चारों ओर क्या हो रहा है। पेस बताते हैं, मुझे याद ही नहीं कि उन 45 मिनट में क्या हुआ, क्योंकि मैं पूरी तरह जोन में था।

**टूटी कलाई के साथ खेलकर जीता मेडल**

इस कहानी को और खास बनाता है पेस का दर्द। सेमीफाइनल में हार के बाद उनकी कलाई में गंभीर चोट आई थी। डॉक्टरों ने उसे हार्ड कास्ट में बांध दिया था और वह करीब 24 घंटे उसी हालत में रहे, लेकिन ब्रॉन्ज मेडल मैच के दिन उन्होंने दर्द को पीछे छोड़ दिया। वह बताते हैं, %सेमीफाइनल में हारने के बाद मेरी कलाई 24 घंटे के लिए कास्ट में थी, लेकिन जब मैं ब्रॉन्ज मेडल मैच खेलने उतरा, तब मुझे एहसास हुआ कि उस दिन सब कुछ दिमाग पर निर्भर था, शरीर पर नहीं।% यही वजह थी कि पेस ने दर्द के बावजूद वापसी की, मैच को पलटा और इतिहास रच दिया।

**देश के लिए खेलने का जुनून बना ताकत**

पेस के लिए यह मैच सिर्फ व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं था। यह पूरे देश की उम्मीदों का बोझ भी था। वह बताते हैं, जब आप करोड़ों लोगों के लिए खेलते हैं, चाहे वह डेविस कप हो या ओलंपिक, तो वह भावना बिल्कुल अलग होती है। यही भावना उन्हें हर मौके पर आगे बढ़ाती रही और अंततः उन्होंने भारत को वह पदक दिलाया, जिसका देश दशकों से इंतजार कर रहा था।

**आज भी याद किया जाता है वह जादुई पल**

पेस का यह मेडल आज भी भारतीय खेल इतिहास के सबसे गौरवपूर्ण पलों में गिना जाता है। वह आज भी ओलंपिक में टेनिस का मेडल जीतने वाले इकलौते भारतीय खिलाड़ी हैं। यह उपलब्धि उन्हें एक अलग ही मुकाम पर खड़ा करती है। उन्होंने कहा, जब मैं उस पल को याद करता हूं, तो आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। अपने देश के लिए खेलना, अपने लोगों के लिए जीतना, यह किसी भी व्यक्तिगत जीत से कहीं ज्यादा बड़ा होता है।

**पेस के पदक ने युवाओं को किया प्रेरित**

यह मेडल आज भी कोलकाता स्थित उनके घर में रखा है, जहां यह उनके पिता वेस पेस के 1972 ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडल के साथ सजा है। यह सिर्फ एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे देश की विरासत बन चुका है।उनकी यह जीत सिर्फ एक मेडल नहीं थी, बल्कि देश के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक बन गई। यह पदक भारतीय टेनिस के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ। इसने न सिर्फ भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के खिलाड़ियों को भी प्रेरित किया। पेस की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि मजबूत इच्छाशक्ति और कड़ी मेहनत से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।

# फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे फेम डकोटा जॉनसन को हाथ मिलाना पड़ा महंगा, प्रोजेक्ट से हुईं बाहर

**मुंबई।** अमेरिकी अभिनेत्री डकोटा जॉनसन अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने बताया है कि उन्हें एक शिष्टाचार वाली बात की वजह से एक प्रोजेक्टर में नहीं लिया गया। हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री डकोटा जॉनसन अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने एक ऑडिशन से जुड़ा हैरान कर देने वाला किस्सा सुनाया है। उनके मुताबिक एक बार वह एक फिल्म के लिए ऑडिशन देने गई थीं। उनके शिष्टाचार वाली बात की वजह से उन्हें प्रोजेक्ट से बाहर कर दिया गया।

हिट्स रेडियो के साथ बातचीत में जॉनसन ने एक ऐसे कॉलबैक ऑडिशन को याद किया जिसमें उन्हें सेलेक्ट नहीं किया गया। हालांकि उन्होंने उस प्रोजेक्ट का नाम नहीं बताया। उन्होंने बताया कि कैसे वह कमरे में गईं और टीम का अभिवादन किया। इस



बात को वह एक सामान्य बातचीत मान रही थीं। हालांकि यह दूसरे पक्ष के लिए असमान्य बात थी।

उस पल को याद करते हुए अभिनेत्री ने कहा, मैं कमरे में गई, मैंने सबसे हाथ मिलाया और अपना परिचय दिया। सीन पूरा करके वहां से निकलने के बाद मुझे पता चला कि इस तरीके को उस तरह से नहीं लिया गया जैसा मैंने सोचा था। इस पर मिली प्रतिक्रिया काफी अजीब थी।

अभिनेत्री ने आगे कहा मुझे जो फीडबैक मिला, वह यह था कि क्योंकि मैं कमरे में जाकर सबसे मिली और हाथ मिलाया, इसलिए मैं बहुत ज्यादा अकड़ू लग रही थी। उन्हें लगा कि मैं खुद को बहुत बड़ा समझ रही थी।

इस फीडबैक ने एक्ट्रेस को उलझन में डाल दिया। उन्होंने कहा कि मुझे यह समझ ही नहीं आ रहा था कि एक साधारण सी बात को इतना नकारात्मक तरीके से कैसे लिया जा सकता है।

उन्होंने कहा, मैं सोच में पड़ गई कि क्या? मुझे वह काम इसलिए नहीं मिला क्योंकि उन्हें लग रहा था कि मैं अकड़ दिखा रही थी? इस घटना पर सोचते हुए, जॉनसन ने कहा मैंने तो बस शिष्टाचार का पालन किया था।

डकोटा जॉनसन फिल्म फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे में काम करने के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस अपनी नई फिल्म स्पलिस्टविले का प्रमोशन कर रही हैं। इस फिल्म में जॉनसन ने जूली का किरदार निभाया है।

# मां के निधन के 13वें दिन मनीष मल्होत्रा से मिलने पहुंचे सितारे



**मुंबई।** फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की मां गरिमा मल्होत्रा का निधन 19 मार्च को हुआ था। आज उनके निधन को पूरे 13 दिन हो चुके हैं। मनीष की मां के निधन के बाद कई सेलेब्स आज उनसे मिलने पहंचे हैं।

94 साल की उम्र में मनीष मल्होत्रा की मां गरिमा मल्होत्रा का निधन हुआ था। 20 मार्च को मुंबई में उनका अंतिम संस्कार किया गया। आज मनीष की मां के निधन को पूरे 13 दिन हो चुके है। इस दुख भरी घड़ी में कई बॉलीवुड सेलेब्स उनसे मिलने घर पहुंचे हैं।

**वरुण धवन**

मनीष मल्होत्रा की मां के निधन को आज पूरे 13 दिन हो चुके हैं। आज वरुण धवन फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के घर उनसे मिलने पहुंचे हैं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वरुण के अलावा उनके पिता डेविड धवन और पत्नी नताशा दलाल भी मनीष से मिलने पहुंची हैं।

**करीना कपूर और करिश्मा कपूर**

करीना कपूर खान और करिश्मा कपूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की काफी अच्छी दोस्त हैं। आज करीना और करिश्मा एक साथ मनीष से मिलने उनके घर पहुंचीं। दोनों बहने सिंपल लुक में नजर आईं। जिनका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

**खुशी कपूर**

वरुण, डेविड, नताशा, करीना और करिश्मा कपूर के अलावा खुशी कपूर भी मनीष मल्होत्रा से मिलने उनके घर पहुंची हैं। इस दौरान खुशी के चेहरे पर उदासी साफ नजर आ रही है।

## 62 साल की मीनाक्षी शेषाद्रि ने री-क्रिएट किया 'शहंशाह' का गाना

**मुंबई।** 90 के दशक की चर्चित एक्ट्रेस में से एक मीनाक्षी शेषाद्रि एक बार फिर चर्चा में हैं। 62 साल की उम्र में वह बॉलीवुड में वापसी करना चाहती हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर भी मीनाक्षी शेषाद्रि एक्टिव रहती हैं। हाल ही में उनका एक डांस वीडियो खूब वायरल हुआ। इस पर फैंस ने भी रिएक्शन दिए हैं। 'दामिनी' जैसी हिट फिल्म का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि अचानक फिल्मी दुनिया से दूर हो गई थीं। कुछ वक्त पहले ही एक्ट्रेस अचानक बॉलीवुड में वापस नजर आईं। फिल्मी दुनिया में वापसी की इच्छा भी वह जाहिर कर चुकी हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना एक डांस वीडियो पोस्ट किया, जिसे देखकर फैंस ने खूब तारीफ की। फैंस को 90 के दशक का दौर याद आ गया है। अपने इंस्टाग्राम पेज पर मीनाक्षी शेषाद्रि ने अमिताभ बच्चन की फिल्म 'शहंशाह' का गाना 'हे यू' री-क्रिएट किया था। 62 साल की उम्र में भी इस गाने पर वह गजब का डांस कर रही हैं।

# भाजपा ने असम में झोंकी पूरी ताकत



**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों का एलान हो चुका है। कौन सा दल किस मुद्दे के सहारे जनता के बीच जा रहा है? किस राज्य में कौन सा गठबंधन या रणनीति अधिक कारगर साबित होगी? अलग-अलग राज्यों में विधानसभा चुनाव से जुड़े सभी अपडेट्स यहां पढ़ें... तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बीच जांच एजेंसियां पूरी तरह सतर्क नजर आ रही हैं। इसी क्रम में चुनाव आयोग की फ्लाइंग स्क्वॉड टीम ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एम. के. स्टालिन के वाहन की थंजावुर में जांच की। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई चुनाव आचार संहिता के तहत नियमित जांच प्रक्रिया का हिस्सा थी। चुनाव के दौरान सभी वाहनों और गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके। भारत के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया है। उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सबरीमाला स्वर्ण गुम होने के मामले को लेकर केरल की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार करते हुए सवाल उठाया कि इस मामले का आरोपी उनके घर तक कैसे पहुंच गया। दरअसल, राहुल गांधी ने चुनावी प्रचार के दौरान सत्तारूढ़ CPI(रू) सरकार पर निशाना साधा था। इसके जवाब में विजयन ने कहा कि विपक्ष को आरोप लगाने से पहले तथ्यों पर ध्यान देना चाहिए। यह मुद्दा अब चुनावी माहौल में एक बड़ा राजनीतिक विवाद बनता जा रहा है, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगा रहे हैं।

असम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आयोजित रैली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आजादी के बाद से सीमा क्षेत्रों के गांवों को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सीमा से सटे गांवों को देश के पहले गांव के रूप में देखा है और उनके विकास को प्राथमिकता दी है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि सीमावर्ती इलाकों का विकास राष्ट्रीय सुरक्षा और स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने इन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को जोरहाट में भाजपा उम्मीदवार हितेंद्र नाथ गोस्वामी के समर्थन में आयोजित रैली में कहा कि असम में भाजपा की सरकार ने राज्य का विकास सुनिश्चित किया और उसकी सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को सुरक्षित रखा।

फडणवीस ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम और पूरे उत्तर-पूर्व क्षेत्र के साथ सौतेली मां जैसा व्यवहार किया, जिससे राज्य उपेक्षित और विकास में पीछे रह गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य को विकास का केंद्र बनाया गया। कांग्रेस सरकारों के समय असम में घुसपैठ चरम पर थी। लोगों को इसके खिलाफ आंदोलन करना पड़ा और कई लोग शहीद हुए, लेकिन असम की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ।

## वैश्विक संघर्षों पर दलाई लामा ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** दलाई लामा ने वैश्विक संघर्षों के बीच शांति की अपील की है। उन्होंने पाम संडे पर पोप के संदेश का समर्थन करते हुए कहा कि हिंसा का कोई समाधान नहीं है। केवल बातचीत और आपसी सम्मान से ही स्थायी शांति संभव है। पश्चिम एशिया में जारी ईरान-इस्राइल, अमेरिका और यूरोप में रूस-यूक्रेन के बीच जारी जंग के बीच तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। साथ ही उन्होंने पाम संडे के मौके पर पोप की ओर से की गई शांति की अपील समर्थन किया है। दलाई लामा ने कहा कि हथियारों को डाल देने और हिंसा को पूरी तरह छोड़ देने की यह पुकार उनके विचारों से गहराई को छू गई। दलाई लामा ने जोर देकर कहा कि दुनिया के सभी प्रमुख धर्मों की मूल शिक्षा एक ही है। चाहे वह ईसाई धर्म हो, बौद्ध धर्म, इस्लाम, हिंदू धर्म या यहूदी धर्म हो, सभी महान आध्यात्मिक परंपराएं हमें प्यार और करुणा का पाठ पढ़ाती हैं। इन सभी धर्मों में सहनशीलता और आत्म-अनुशासन को सबसे ऊपर रखा गया है।

# सूरत के घर में लगी भीषण आग, जिंदा जलकर 5 लोगों की मौत



**गुजरात।** गुजरात के सूरत शहर में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक तीन मंजिला मकान में भीषण आग लगने से चार महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब परिवार के लोग घर के भीतर साड़ियों की पैकिंग का काम कर रहे थे। गुजरात के सूरत शहर में बड़ा हादसा हुआ है। यहां के लिंबायत इलाके में एक तीन मंजिला मकान में आग लगने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में चार महिलाएं और एक छोटा बच्चा शामिल है। यह हादसा मंगलवार सुबह करीब 10 बजे मीठी खाड़ी इलाके में हुआ। पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

पुलिस के अनुसार, जिस मकान में आग लगी वहां साड़ी पैकिंग का काम होता था। हादसे के समय परिवार के सदस्य फोम शीट की मदद से साड़ियों को पैक कर रहे थे। छुट्टी का दिन होने के कारण घर में पैकिंग का काफी सारा सामान और फोम जमा था। इसी दौरान अचानक आग लग गई और देखते ही देखते पूरे कमरे में काला धुआं भर गया। उप पुलिस आयुक्त कानन देसाई ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। कमरे के अंदर धुआं ही धुआं भरा था। लोग अंदर फंसे लोगों का दम घुटने लगा। गंभीर हालत में सभी को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि बिजली के बोर्ड में स्पार्क होने की वजह से आग लगी होगी। बोर्ड के पास ही फोम की शीट रखी हुई थी, जिसमें रसायनों का इस्तेमाल होता है। आग पकड़ते ही इस फोम से जहरीली गैस और भारी धुआं निकलने लगा। इसी जहरीले धुएं की चपेट में आने से परिवार के सदस्य बेहोश हो गए और उनकी मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए लोग मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे और सूरत में साड़ी पैकिंग का काम करते थे। मृतकों की पहचान शहनाज बेगम अंसारी (65), हुसा बेगम अंसारी (18), शबीना अंसारी (28), परवीन अब्दुल अंसारी (19) और सुभान अली अंसारी (4) के रूप में हुई है। घटना के समय घर के पुरुष काम पर बाहर गए हुए थे। स्थानीय निवासी यूनुस खान ने बताया कि आग बहुत तेजी से फैली क्योंकि घर के अंदर फोम और साड़ियों के ढेर लगे थे। आग लगते ही परिवार के लोग जान बचाने के लिए पीछे के कमरे की ओर भागे, लेकिन वहां भी जहरीला धुआं पहुंच गया। फोम में मौजूद केमिकल के कारण धुएं ने सबको अपनी चपेट में ले लिया। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# ओडिशा में किसान नेता राकेश टिकैत की गिरफ्तारी नहीं हुई, पुलिस आयुक्त ने खारिज किया दावा



**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में किसान नेता राकेश टिकैत की गिरफ्तारी की बात को पुलिस ने खारिज कर दिया है। पुलिस ने बताया कि टिकैत सरकारी गेस्ट हाउस में ठहरे हुए हैं और आज शाम में ओडिशा से रवाना हो जाएंगे।

ओडिशा में किसान नेता राकेश टिकैत की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कटक के पुलिस कमिश्नर ने राकेश टिकैत की गिरफ्तारी की बात को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि राकेश टिकैत सरकारी गेस्ट हाउस में ठहरे हैं और आज शाम को ओडिशा से रवाना हो जाएंगे। इससे पहले टिकैत की गिरफ्तारी की बात सामने आई थी। कटक के पुलिस आयुक्त सुरेश देव दत्ता सिंह ने बताया कि किसान नेता राकेश टिकैत एक किसान संगठन के आमंत्रण पर एक रैली में शामिल होने ओडिशा आए थे। भुवनेश्वर में उनकी गिरफ्तारी की बात पूरी तरह से गलत है। टिकैत एक सरकारी गेस्ट हाउस में ठहरे हैं और अभी भी वहीं हैं। वे जब भी चाहें यहां से जा सकते हैं। उनकी फ्लाइट आज शाम में है, लेकिन वे उससे पहले भी जा सकते हैं। उन्हें हिरासत में नहीं लिया गया है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि किसानों की रैली 31 मार्च को होनी थी, लेकिन अब एक दिन पहले ही यह रैली हो गई है। रैली के कुछ आयोजकों को जरूर हिरासत में लिया गया है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि टिकैत के साथ ही लोकसभा सांसद सुधाकर सिंह की भी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। प्रोटोकॉल के तहत उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई गई है। भुवनेश्वर में किसानों विभिन्न मुद्दों को लेकर बीती 22 मार्च से आंदोलन कर रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं को भी भुवनेश्वर में सोमवार को होने वाले पैदल मार्च के लिए ओडिशा आमंत्रित किया गया था। जिसके बाद किसान नेता राकेश टिकैत भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ भुवनेश्वर पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। पुलिस राकेश टिकैत को लेकर थाने पहुंची और इसके बाद उन्हें गेस्ट हाउस भेज दिया गया।

# बिना पसंदीदा अपशब्दों का प्रयोग किए 90 मिनट तक दिया भाषण, कांग्रेस का गृहमंत्री अमित शाह पर तंज



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधता। कांग्रेस ने कहा उन्होंने लोकसभा में एक चमत्कार कर दिखाया। उन्होंने 90 मिनट तक बिना एक बार भी अपने पसंदीदा अपशब्द का इस्तेमाल किए उग्र भाषण दिया। विपक्षी दल का यह कटाक्ष गृह मंत्री अमित शाह की उस घोषणा के एक दिन बाद आया है। इसमें उन्होंने कहा था कि माओवादियों के सर्वोच्च निकाय और केंद्रीय ढांचे को लगभग पूरी तरह से ध्वस्त कर दिए जाने के बाद देश नक्सलियों से मुक्त हो गया है। इसके साथ ही कहा कि कांग्रेस ने उग्रवादियों की हिंसा के लंबे दौर को समाप्त करने के लिए कुछ नहीं किया है। लोकसभा में देश को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से मुक्त करने के प्रयासों पर बहस हुई। इसका जवाब देते हुए गृह मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कई बार सार्वजनिक रूप से नक्सल समर्थकों के साथ देखा गया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से माओवादियों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण वीडियो भी पोस्ट किए। गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ÷कल लोकसभा में गृह मंत्री ने चमत्कार कर दिखाया। उन्होंने 90 मिनट तक जमकर भाषण दिया और एक बार भी अपने पसंदीदा अपशब्द का इस्तेमाल नहीं किया, जिसे पहले कई बार रिकॉर्ड से हटाना पड़ा था। कांग्रेस नेता रमेश ने इस महीने की शुरुआत में एक्स को टैग करते हुए अपनी पोस्ट में गृह मंत्री पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा था कि लोकसभा में उनके की ओर से बोले गए उनके पसंदीदा शब्दों में से एक को हटा दिया गया है। लोकसभा अध्यक्ष पद से ओम बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव को निचले सदन में तीखी बहस के बाद खारिज कर दिए जाने के बाद गृह मंत्री अमित शाह पर यह कटाक्ष किया गया था। बहस का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी के इस दावे को खारिज कर दिया कि उन्हें सदन में बोलने की अनुमति नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सत्रों के दौरान अक्सर विदेश में रहते थे और जानबूझकर चर्चाओं में शामिल नहीं होते थे क्योंकि वे बोलना नहीं चाहते थे। दो दिन तक चली बहस के अंत में जब गृह मंत्री अपना भाषण समाप्त कर रहे थे, तब विपक्षी सदस्य सदन के वेल में जाकर विरोध प्रदर्शन करने लगे और नारे लगाने लगे। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह की कुछ टिप्पणियों के लिए माफी की मांग की थी, जिन्हें उन्होंने अपमानजनक बताया था। सोमवार को लोकसभा में अपने संबोधन में शाह ने कांग्रेस को निशाना बनाते हुए दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1970 के दशक में तत्कालीन अविभाजित आंध्र प्रदेश में हुए चुनाव में नक्सलियों का समर्थन स्वीकार किया था।

## नालंदा के शीतला मंदिर में भगदड़, नौ की मौत; पीएम मोदी और सीएम की तरफ से मुआवजों का एलान

**नालंदा।** मंगलवार को सुबह नालंदा से भारी अमंगल की सूचना आई। जहां पूरा प्रशासनिक तंत्र राष्ट्रपति के नालंदा दौरे की तैयारियों में व्यस्त था, वहीं जिले के शीतला देवी मंदिर में भगदड़ से नौ लोगों की जान चली गई। पीएम मोदी ने राष्ट्रीय राहत कोष से मुआवजे का एलान किया है। राज्य सरकार ने भी आर्थिक मदद की घोषणा की है। इधर पूरा प्रशासनिक तंत्र नालंदा में राष्ट्रपति के दौरे की व्यवस्था में लगा था, उधर जिले के बिहारशरीफ से बुरी खबर सामने आ गई। बिहार शरीफ स्थित मघड़ा स्थित माता शीतला माता के मंदिर में मंगलवार को भारी भीड़ के बीच भगदड़ मच गई। अचानक मची इस भगदड़ में नौ महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि छह से लोग घायल हो गए।

# पश्चिम एशिया संकट में भारत बन सकता है बेहतर मध्यस्थ



**यरूशलम।** पश्चिम एशिया संघर्ष में मध्यस्थता की भूमिका निभाने की कोशिश भले ही पाकिस्तान जोर-शोर कर रहा है। लेकिन उसके दावों की हवा निकलती दिख रही है। दरअसल, इस संघर्ष में शामिल इस्राइल का साफ कहना है कि आतंकवाद से जूझ रहा पाकिस्तान इसमें सफल नहीं होगा और भारत उससे बेहतर मध्यस्थ बन सकता है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अब दूसरे महीने में पहुंच चुका है और इसी बीच इस्राइल के विदेश मंत्रालय की विशेष दूत फ्लेर हसन-नहूम ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष शुरू से ही एक मल्टी-फ्रंट यानी कई मोर्चों वाला क्षेत्रीय युद्ध बन गया था और इस्राइल ने इसमें सैन्य रूप से काफी बढ़त हासिल की है। यरुशलम से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि 7 अक्तूबर को दक्षिण से हमास ने हमला किया, जिसे उन्होंने ईरान का समर्थन प्राप्त संगठन बताया। इसके अगले ही दिन उत्तर दिशा से भी हमला हुआ, जिससे यह साफ हो गया कि इस्राइल को एक साथ कई मोर्चों पर लड़ना पड़ रहा है।

पाकिस्तान की संभावित मध्यस्थता पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद की समस्या से जूझ रहा है और वह इस मामले में ज्यादा सफल नहीं होगा। वहीं भारत की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के सभी देशों के साथ अच्छे संबंध हैं और वह पाकिस्तान से बेहतर मध्यस्थ साबित हो सकता है।

अमेरिका की भूमिका पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमेशा बातचीत का मौका दिया है, लेकिन ईरान की जिद के कारण समझौता नहीं हो पाया। उन्होंने इस रणनीति को सही बताते हुए कहा कि एक तरफ बातचीत का रास्ता खुला रखना चाहिए और दूसरी तरफ जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई जारी रखनी चाहिए। फ्लेर हसन-नहूम ने दावा किया कि पिछले एक महीने में इस्राइल ने विरोधी ताकतों को काफी कमजोर कर दिया है। उनके मुताबिक, ईरान से जुड़े रॉकेट लॉन्च सिस्टम का करीब 80त्न हिस्सा नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि विरोधी पक्ष की नौसेना और शीर्ष सैन्य व राजनीतिक नेतृत्व को भी भारी नुकसान पहुंचा है। इसके साथ ही उन्होंने ईरान के अंदर अस्थिरता और अव्यवस्था का भी दावा किया, जहां नेतृत्व में दरारें और भगदड़ जैसी स्थिति बताई जा रही है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी हालत में ऐसे देश को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती, जो खुले तौर पर विनाश की बात करता हो।

## कनाडा में भारतीय मूल के युवक की गोली मारकर हत्या

**ओटावा।** कनाडा में भारतीय मूल के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस को शक है कि यह हमला गैंगवार से जुड़ा हो सकता है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। फिलहाल हमलावरों की तलाश जारी है। कनाडा के सरे शहर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान जसमन सेखों के नाम से हुई है, जिसकी उम्र 27 साल बताई जा रही है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला संगठित अपराध यानी गैंगवार से जुड़ा हो सकता है। पुलिस को शक है कि हमलावरों ने सोची-समझी साजिश के तहत इस वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के मुताबिक, घटना सलीवन हाइट्स के एक टाउनहाउस कॉम्प्लेक्स में हुई। चश्मदीदों के मुताबिक, एक काली एसयूवी ने जसमन का पीछा किया।

# अमेरिका में वर्क वीजा नियमों में बड़ा बदलाव




**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने H-1B और अन्य वर्क वीजा के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म ढ्ढ-129 के नियमों में बदलाव किया है। 1 अप्रैल 2026 से केवल नया फॉर्म (एडिशन 02/27/26) ही स्वीकार होगा। नए नियमों के तहत अब कंपनियों को कर्मचारी की पढ़ाई, अनुभव और वेतन के स्तर की सटीक जानकारी देनी होगी। अमेरिकी नागरिकता और आप्रवासन सेवा (यूएससीआईएस) ने फॉर्म आई-129 से जुड़े नियमों में बड़े बदलाव किए हैं। ये नए नियम 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगे। इस बदलाव के बाद, अगर कोई आवेदन पुराने फॉर्म (01/20/25 एडिशन) में भेजा जाता है, तो विभाग उसे स्वीकार नहीं करेगा। फॉर्म आई-129 का इस्तेमाल अमेरिकी कंपनियां विदेशी कर्मचारियों के लिए करती हैं। यह फॉर्म उन लोगों के लिए भरा जाता है जो अमेरिका में अस्थायी रूप से काम करने या ट्रेनिंग लेने आते हैं। इसमें H-1B, H-w, H-2B, H-3, L-1, O-1, O-2, P-1, P-1S, P-2, P-2S, P-3, P-3S, Q-1 और R-1 जैसे कई गैर-आप्रवासी वीजा शामिल हैं।

फॉर्म आई-129 के नए एडिशन में वित्त वर्ष 2027 के H-1B कैप सीजन के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब यह नई वेतन-आधारित लॉटरी प्रणाली के तहत काम करेगा।

नए फॉर्म में नियोक्ताओं को नौकरी के लिए जरूरी न्यूनतम शिक्षा की विस्तृत जानकारी देनी होगी। इसके साथ ही पढ़ाई का सटीक विषय, न्यूनतम अनुभव की जरूरत और यह भी बताना होगा कि क्या उस पद पर सुपरवाइजर की जिम्मेदारियां शामिल हैं। यूएससीआईएस ने 27 फरवरी 2026 को फॉर्म आई-129 का नया एडिशन (02/27/26) जारी किया है। 1 अप्रैल 2026 से केवल इसी नए एडिशन को स्वीकार किया जाएगा। तब तक पुराने फॉर्म (01/20/25 एडिशन) का इस्तेमाल किया जा सकता है। एडिशन की तारीख फॉर्म और निर्देशों वाले पेज के नीचे दी गई होती है। 31 मार्च 2026 तक मिलने वाले पुराने फॉर्म (01/20/25 एडिशन) स्वीकार किए जाएंगे।

1 अप्रैल 2026 या उसके बाद मिलने वाले पुराने फॉर्म को तुरंत रिजेक्ट कर दिया जाएगा।

कंपनियों को अब नए नियमों के हिसाब से ही आवेदन तैयार करने होंगे ताकि उनके कर्मचारियों के वीजा आवेदन रद्द न हों।

# किसी और की जंग में मत कूदो, खाड़ी देशों को रूस की सख्त चेतावनी



**मॉस्को।** रूस ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच खाड़ी देशों से अपील की है कि वे सभी किसी और के जंग का हिस्सा न बनें। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूस खाड़ी के देशों की संप्रभुता और उनकी क्षेत्रीय अखंडता का पूरी तरह समर्थन करता है और उनके खिलाफ किसी भी तरह के हमले को गलत मानता है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि खाड़ी देशों को किसी और के युद्ध में घसीटना बेहद खतरनाक होगा और इससे पूरे क्षेत्र में अस्थिरता और बढ़ सकती है। मॉस्को से जारी बयान के अनुसार, लावरोव ने गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) देशों के विदेश मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस में बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि रूस खाड़ी के देशों की संप्रभुता और उनकी क्षेत्रीय अखंडता का पूरी तरह समर्थन करता है और उनके खिलाफ किसी भी तरह के हमले को गलत मानता है।

सर्गेई लावरोव ने खास तौर पर चेतावनी दी कि इन देशों को किसी और की लड़ाई% में शामिल करना ठीक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिक इलाकों, खासकर बिजली, पानी और ऊर्जा से जुड़े ढांचे पर हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं, क्योंकि इससे आम लोगों की जिंदगी पर सीधा असर पड़ता है। पिछले एक महीने से पश्चिम एशिया में हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। यह संघर्ष 28 फरवरी से शुरू हुआ था, जब अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमला किया।

इसके जवाब में ईरान ने अमेरिका के सहयोगी देशों और इस्राइल को निशाना बनाना शुरू कर दिया। इसके बाद से पूरे क्षेत्र में तनाव और हमलों का सिलसिला जारी है।

रूसी विदेश मंत्री ने इस पूरे संकट के लिए अमेरिका और इस्राइल को जिम्मेदार ठहराते हुए इसे बिना उकसावे और बेवजह की आक्रामकता बताया।

उन्होंने कहा कि इस विवाद का हल सिर्फ बातचीत और कूटनीति के जरिए ही निकल सकता है, जिसमें सभी देशों के हितों का ध्यान रखा जाए। रूस ने अंत में अपील की कि तुरंत युद्धविराम होना चाहिए, क्योंकि लगातार हो रही हिंसा से आम लोगों को भारी नुकसान और परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## केपी ओली की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट का बालेंद्र शाह सरकार को नोटिस

**काठमांडो।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को बीते साल हुए जेन जी आंदोलन के खिलाफ भूमिका के आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। इस गिरफ्तारी ने देश की राजनीति में हलचल मचा दी है। सरकार ने गिरफ्तारी को न्यायिक प्रक्रिया बताया है। वहीं ओली ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया है। ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ कई जगहों पर प्रदर्शन भी हुए हैं।

नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी और हिरासत के मामले में नवगठित बालेंद्र शाह सरकार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सरकार से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। यह नोटिस ओली की पत्नी राधिका शाक्य द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के जवाब में जारी किया गया है। शाक्य ने याचिका में अपने पति की तत्काल रिहाई की मांग की थी। हालांकि, न्यायमूर्ति मेघराज पोखरेल की एकल पीठ ने पूर्व प्रधानमंत्री को तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया।

पूर्व प्रधानमंत्री ओली को 28 मार्च को पिछले साल आठ और नौ सितंबर को हुए हिंसक प्रदर्शनों में उनकी कथित संलिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया था। इन प्रदर्शनों में 76 लोगों की मौत हो गई थी। यह गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई, जब नवगठित बालेंद्र शाह सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में जन-विद्रोह से संबंधित जांच आयोग की रिपोर्ट को लागू करने का फैसला किया था। राधिका शाक्य ने अपनी याचिका में दावा किया है कि उनके पति को अवैध रूप से हिरासत में रखा गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता टीकाराम भट्टराई ने तर्क दिया कि तत्काल गिरफ्तारी वारंट जारी करके केपी शर्मा ओली को गिरफ्तार करना असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि गौरी बहादुर कार्की जांच आयोग की रिपोर्ट के आधार पर किसी को चुनिंदा रूप से गिरफ्तार करना अवैध है।

# पाकिस्तान में सरकारी स्कूल पर हमला, उग्रवादियों ने अपना झंडा फहराया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में उग्रवादियों के एक समूह ने एक सरकारी स्कूल पर कब्जा कर लिया। इतना ही नहीं उग्रवादियों ने स्कूल पर पाकिस्तान का झंडा उतारकर अपना झंडा लहरा दिया। इसके बाद पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में नौ उग्रवादी मारे गए। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सरकारी स्कूल पर उग्रवादियों ने हमला कर दिया। इस हमले के बाद सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम नौ उग्रवादी मारे गए। पाकिस्तान पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सोमवार को उग्रवादियों ने खैबर जिले के बारा तहसील के आका खेल इलाके में स्थित गवर्नमेंट हाई स्कूल ख्वाजा मीर कलाय पर हमला कर दिया। हमलावरों का मकसद स्कूल भवन पर कब्जा करना था। हमले के दौरान उग्रवादियों ने स्कूल से पाकिस्तान का राष्ट्रीय ध्वज उतारकर अपनी झंडा फहरा दिया। इसकी सूचना मिलते ही पाकिस्तानी सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और उग्रवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों ने नौ उग्रवादियों को मार गिराया और स्कूल पर दोबारा कब्जा हासिल कर लिया। इसके बाद स्कूल पर फिर से पाकिस्तान का राष्ट्रीय ध्वज फहरा दिया गया। अभी तक किसी उग्रवादी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। उग्रवादियों ने हमले के दौरान स्कूल पर कब्जे और झंडा फहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी जारी किया था, जिसका उद्देश्य प्रचार करना बताया जा रहा है। हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया, ताकि किसी भी फरार उग्रवादी और उनके सहयोगियों को पकड़ा जा सके। फिलहाल स्कूल परिसर को पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया गया है और हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं।

# प्रभारी प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए चंद्रभान मिश्र

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** विकासखंड केराकत अंतर्गत बम्बावन ग्राम स्थित बीडी सिंह ग्रामीण पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक और बेहतरीन गणित शिक्षक चंद्रभान मिश्र, सोमवार 30 मार्च को विद्यालय में गणित शिक्षक के पद से सेवानिवृत हो गए। तैतीस वर्ष तक निरंतर बतौर शिक्षक एक ही विद्यालय में निर्विवाद रूप से शिक्षण कार्य करने के उपरांत सोमवार को आयोजित विदाई और सम्मान समारोह के माध्यम से उन्हें शिक्षण कार्य से सेवानिवृत किया गया। सोमवार को मार्च माह का अंतिम कार्य दिवस होने और अगले दिवस सार्वजनिक अवकाश के कारण स्कूल स्टॉफ के साथ - साथ पूरी मैंनेजमेंट इकाई ने तीस मार्च को ही चंद्रभान मिश्र के सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावपूर्ण विदाई और सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें विद्यालय से जुड़े लोग, छात्र - छात्राएं और कई अभिवावक उपस्थित रहें। समय के पाबंद और बेहद अनुसाशित, हमेशा निर्धारित समय से पूर्व विद्यालय पहुँचना, विद्यालय परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए, छात्रों को मूल कर्तव्यों सहित गणित की शिक्षा प्रदान करने वाले चंद्रभान मिश्र के सेवानिवृत होने के अवसर पर वहां उपस्थित सभी लोगो के चेहरे पर सम्मान और संवेदना के भाव थे। उक्त अवसर पर बोलते हुए स्कूल प्रबंधक ने कहा कि चंद्रभान मिश्र सिर्फ एक कुशल शिक्षक ही नहीं अपितु इस स्कूल व्यवस्था के भी अभिन्न अंग रहे है जिन्होंने स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता और अद्वितीय अनुशासन को कायम रखा। चंद्रभान मिश्र जैसे कम ही शिक्षक है जो समय के बहुत पाबंद हो। तय समय से निरंतर स्कूल पहुँचना और निर्विवाद सेवा देना, कुशल संचालन, ईमानदार व्यक्तित्व और स्कूल में गणित शिक्षण के मूल स्तम्भ रहें चंद्रभान मिश्र को आगामी जीवन की शुभकामनायें देते हुए पूर्व प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश सिंह द्वारा भी उनका सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में बोलते हुए पूर्व प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि चंद्रभान मिश्र के द्वारा पढ़ाये गए कई छात्र आज इंजिनियर, डॉक्टर और अन्य उच्च पदों पर सुशोभित है जो विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है । विदाई और सम्मान समारोह के अवसर पर साथी शिक्षको द्वारा अंगवस्त्र, स्मृतिचिन्ह, श्री गीता, रामचरित मानस और भगवान श्रीराम की प्रतिमा देकर सेवानिवृत शिक्षक का सम्मान किया गया और अपने विदाई संभाषण में बोलते हुए चंद्रभान मिश्र ने कहा कि छात्रों को उत्तम शिक्षा और उनमें नैतिकता विकसित करना ही विद्यालय का उद्देश्य रहा है और इसी भाव से कार्य करें साथी शिक्षक। इस अवसर पर पूर्व अंग्रेजी शिक्षक शोभनाथ सिंह, ग्राम प्रधान और मैंनेजमेंट टीम के सदस्य अजय सिंह, विद्यालय शिक्षक परिवार से अखिलेश सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आलोक शुक्ला सहित अन्य शिक्षक स्थानीय अभिवाहक व छात्र - छात्राएं उपस्थित रही।

# फाफामऊ शीतगृह में हादसे की जांच पूरी, डीएम को सौंपेंगे रिपोर्ट

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** फाफामऊ के चंदापुर स्थित सपा सरकार में मंत्री रहे अंसार अहमद के कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया रिसाव व इमारत के गिरने से चार मजदूरों की मौत व 18 मजदूरों के घायल होने की उच्च स्तरीय जांच पूरी हो गई है। जांच कमेटी की ओर से अब रिपोर्ट डीएम को सौंपी जाएगी। इसके पहले कमेटी नौ विभागो के अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इस मामले में पूर्व मंत्री समेत छह लोगों को जेल भेजा चुका है। जबकि जिला उद्यान अधिकारी को निलंबित किया गया है। इस भयावह हादसे वाले दिन ही डीएम मनीष कुमार वर्मा ने एडीएम वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित की थी। एडीएम वित्त ने अग्निशमन विभाग, पुलिस, प्रशासन, विद्युत, श्रम विभाग (कारखाना), उद्यान, लोक निर्माण, प्रयागराज विकास प्राधिकरण व नगर निगम को इस बाबत जांच कर रिपोर्ट देने को कहा था। सभी विभागों की ओर से रिपोर्ट एडीएम वित्त को सौंपी गई है, जिसे अब समग्रता में तैयार कराया जाएगा और फिर इन विभागीय जांच अधिकारियों की कमेटी के साथ महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें डीएम भी मौजूद रहेंगे। इसी बैठक में जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी जाएगी। ज्यादातर विभागों की जांच रिपोर्ट में शीतगृह के प्रबंधन की लापरवाही और गड़बड़ी बताई गई है। श्रम विभाग (कारखाना) की रिपोर्ट में तो यह बताया गया है कि शीतगृह कारखाना अधिनियम के तहत पंजीकृत ही नहीं था। वहीं उद्यान विभाग की ओर से लाइसेंस का नवीनीकरण प्राइवेट इंजीनियर की रिपोर्ट पर देने का खुलासा हुआ है, जिस लापरवाही में जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव को निलंबित किया जा चुका है।

## अन्तिम संस्कार के दौरान डूबे व्यक्ति की मिली लाश

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** जफराबाद क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के पास गोमती नदी में मंगलवार को मुरारपुर गांव के श्याम बहादुर चौहान की लाश मिली। वह सोमवार को जफराबाद के नाव घाट के पास अंतिम संस्कार बाद गोमती नदी में नहाते समय डूब गया था। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल मय फोर्स मौके पर पहुंच गये। ज्ञात हो उक्त गांव की एक वृद्धा के अंतिम संस्कार में शामिल होने आये श्याम बहादुर चौहान गोमती नदी में नहाने गये जो पानी के गहरे स्थान पर जाकर डूब गये थे। पुलिस सहित स्थानीय गोताखोरों ने उनकी बहुत खोजबीन की परन्तु कहीं पता नहीं चल पाया। उनके पुत्र आदित्य सहित अन्य साथी लगातर खोजबीन में लगे रहे। आखिरकार मंगलवार की सुबह उक्त गांव के पास श्याम बहादुर की लाश मिल गयी। इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## स्मार्ट मीटर विरोधी मोर्चा का हुआ गठन



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** कलेक्ट्रेट तिराहा स्थित एक रेस्टोरेंट पर मंगलवार एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी नागरिकों ने बिजली विभाग द्वारा लिए जा रहे अनेक निर्णयों द्वारा हो रही परेशानियों पर विस्तार से चर्चा की गई। स्मार्ट मीटर में बिल बहुत ज्यादा आ रहा है। बिना उचित सूचना के बिजली काट दी जा रही है। अचानक बिजली काटने से परेशान लोग जब किसी तरह से पैसे की व्यवस्था करके बिल जमा भी करते हैं तो फिर से बिजली चालू होने में बहुत अधिक समय लग रहा है। स्मार्ट मीटर को प्रीपेड में बदल कर उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इन सब परेशानियों को देखते हुए इस पूरी प्रक्रिया का विरोध करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए स्मार्ट मीटर विरोधी मोर्चा का गठन किया गया। इस अवसर पर सर्व सम्मति से चंद्र मणि पांडेय को मोर्चा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया,साथ ही साथ योगेश कुमार द्विवेदी को महामंत्री,राम नगीना यादव को उपाध्यक्ष,प्रवीण कुमार शुक्ल को संगठन मंत्री,विपिन कुमार पांडे को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर सर्व सम्मति से स्मार्ट मीटर लगाने की पूरी प्रक्रिया को बंद करने की मांग का प्रस्ताव पारित किया गया।

## प्रस्तावित सौंदर्यीकरण कार्यों का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा शाही पुल स्थित मंदिरों में आवास एवं विकास परिषद द्वारा प्रस्तावित सौंदर्यीकरण के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा सौंदर्यीकरण के प्रस्तावित कार्यों के संबंध में उपस्थित अधिशासी अभियंता प्रीति विश्वकर्मा से जानकारी ली गई तथा दिशा निर्देश दिए गए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर पवन कुमार को नगर क्षेत्र सहित शाही पुल, गोमती घाट, पर नियमित साफ सफाई आदि के संबंध में निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आजमगढ़ में कांग्रेस का आभार एवं अभिनंदन समारोह आयोजित

अवधनामा संवाददाता

- कौशल कुमार सिंह के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा
- सत्यनारायण पटेल रहे मुख्य अतिथि



**आजमगढ़।** ज़िला कांग्रेस कमेटी द्वारा अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' के नेतृत्व में पूर्ण हुए एक वर्ष के उल्लेखनीय कार्यकाल के उपलक्ष्य में नेहरू हॉल, आज़मगढ़ में 'आभार एवं अभिनंदन समारोह' का आयोजन किया गया, जो उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्वांचल प्रभारी सत्यनारायण पटेल ( पूर्व विधायक ) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह एवं राघवेंद्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव अवधेश सिंह और रामजी गिरी - आजमगढ़ प्रभारी की भी उपस्थिति रही । बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण यह रहा कि सैकड़ो चार पहिया वाहन और हज़ारो मोटरसाइकिल सवार कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का एक विशाल हुजूम ज़िलाध्यक्ष 'मुन्ना राय' के नेतृत्व में सठियाँव से नेहरू हॉल तक उत्साहपूर्ण जुलूस के रूप में पहुँचा। पूरे मार्ग में कार्यकर्ताओं का जोश और समर्थन देखने लायक रहा, जिसने कार्यक्रम को जनसमर्थन का एक सशक्त संदेश दिया। अपने एक वर्ष के कार्यकाल में कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' के नेतृत्व में संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए गए। संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देते हुए 22 ब्लॉक कमेटियों का पुनर्गठन एवं पहली बार 154 मंडल स्तर की इकाइयों तथा लगभग 3300 बूथ कमेटियों का गठन किया गया, जिससे कांग्रेस की पकड़ गांव-गांव तक सुदृढ़ हुई। जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी संगठन लगातार सक्रिय रहा। प्राथमिक विद्यालयों के विलय के विरोध, किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, मनरेगा में किए जा रहे बदलावों के खिलाफ आवाज उठाने, कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध तथा शंकराचार्य जी के समर्थन में आंदोलन जैसे अनेक विषयों पर ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन, पदयात्रा एवं पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गिरफ्तारी देकर संगठन ने जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया। इसके साथ ही संकटग्रस्त एवं पीड़ित परिवारों को आर्थिक और कानूनी सहायता उपलब्ध कराकर संगठन ने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन किया। ज़िलाध्यक्ष श्री कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' ने अपने संबोधन में कहा कि बीता हुआ एक वर्ष संगठन की ऊर्जा, कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता और जनसेवा के संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े रहे हैं और आगे भी अन्याय एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष और तेज किया जाएगा। मुख्य अतिथि सत्यनारायण पटेल ने कहा कि आज़मगढ़ में कांग्रेस संगठन ने जिस तरह से गतिशीलता और मजबूती हासिल की है, वह नेतृत्व की दूरदर्शिता और कार्यकर्ताओं की मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह मॉडल पूरे पूर्वांचल में संगठन को नई दिशा देगा। विशिष्ट अतिथि विश्वविजय सिंह ने कहा कि श्री 'मुन्ना राय' के नेतृत्व में संगठन ने जमीनी स्तर पर जो विस्तार और सक्रियता दिखाई है, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज़मगढ़ कांग्रेस ने जनसरोकारों को प्राथमिकता देते हुए कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है, जो पूरे प्रदेश के लिए एक सकारात्मक संदेश है। विशिष्ट अतिथि श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बीते एक वर्ष में जिस प्रकार संगठन ने संघर्ष और सेवा को साथ लेकर कार्य किया है, वह कांग्रेस की मूल विचारधारा को सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि 'मुन्ना राय' जी का नेतृत्व कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत है और आने वाले समय में संगठन और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में रियाजुल हसन , राजाराम यादव , राहुल राय , गिरीश चंद्र चतुर्वेदी , चंद्रपाल सिंह यादव , तेज बहादुर यादव , बेलाल बेग , अजीत राय , शीला भारती , सीमा भारती , हरिओम उपाध्याय , नरेंद्र सिंह , सुनील सिंह , रविकांत त्रिपाठी , दिनेश यादव , बालचंद् राम , प्रेमा चौहान , नवनीत राय , नजम शमीम , प्रदीप यादव , गोपाल कृष्ण राय , मन्तराज यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## नकली नोट के कारोबारियों के गिरोह का भंडाफोड़

**प्रयागराज।** नकली नोट का धुरंधर समाजवादी पार्टी का एक नेता निकला। वह अपने साथियों के साथ नकली नोट की फैक्ट्री देवरिया में चला रहा था। मामले में चार लोगों की गिरफ्तार किया गया है, जबकि सपा नेता विवेक यादव सहित दो फरार हैं। अभियुक्तों के कब्जे से एक लाख 18 हजार रुपये के नकली नोट, लैपटॉप, प्रिंटर सहित अन्य सामान बरामद हुआ है। डीसीपी गंगानगर कुलदीप गुनावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में राहुल यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी सराय कंसराय थाना दुर्गागंज जनपद भदोही, विवेक कुमार यादव पुत्र राकेश यादव निवासी गोकलपट्टी थाना सुरीयावां जनपद भदोही, नरेन्द्र यादव उर्फ विराट पुत्र रामजी यादव निवासी बैतालपुर थाना गौरीबाजार जनपद देवरिया और धर्मेन्द्र कुमार पुत्र राजाराम प्रसाद निवासी ग्राम महाराजगंज थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार से पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार जनपद देवरिया में रहा है।

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल - 2466643 प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र अनुक्रमांक-इंटरमीडिएट प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र अनुक्रमांक-1977624, इंटरमीडिएट स्नातक प्रथम वर्ष अनुक्रमांक-1634400410126, स्नातक द्वितीय वर्ष अनुक्रमांक-1734400421007 6, स्नातक तृतीय वर्ष अनुक्रमांक - 1834400 4310100 के अंकपत्र कहीं रास्ते में खो गए हैं।

प्रदिप कुमार पुत्र श्री अशोक कुमार,
ग्राम सभा बगही भारी पोस्ट पीपीगंज
जिला गोरखपुर

# ट्रांसजेंडर डे पर सड़कों पर निकला किन्नर समाज

- शादी की छूट पर भी उठी आवाज

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** इंटरनेशनल ट्रांसजेंडर डे के अवसर पर संगम नगरी में किन्नर समाज ने प्रयाग क्यूर प्राइड जागरूकता रैली निकालकर अपने अधिकारों और सम्मान की आवाज बुलंद की। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर एवं यूपी किन्नर कल्याण बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य स्वामी कौशल्यानंद गिरि उर्फ टीना मां के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किन्नर सजे-धजे रूप में हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर सड़कों पर उतरे।

रैली की शुरुआत सुभाष चौराहे से हुई, जहां से किन्नर समाज के लोगों ने शहर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करते हुए लोगों को ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान किन्नरों ने एक-दूसरे को इंटरनेशनल ट्रांसजेंडर डे की बधाई दी और समाज में समानता और सम्मान की मांग उठाई।

इस मौके पर स्वामी कौशल्यानंद गिरि उर्फ टीना मां ने कहा कि किन्नर भी पुरुषों और महिलाओं की तरह ही जन्म लेते हैं, इसलिए समाज को उनका तिरस्कार नहीं, बल्कि उन्हें अपनाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किन्नर समाज को दया नहीं, बल्कि अवसर की आवश्यकता है। यदि उन्हें उचित अवसर मिले तो वे भी समाज के विकास में पुरुषों और महिलाओं की तरह महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

टीना मां ने आगे कहा कि भले ही ईश्वर ने उन्हें शारीरिक रूप से अलग बनाया हो, लेकिन उनका मानसिक विकास किसी भी सामान्य व्यक्ति की तरह ही होता है। उन्होंने किन्नर समाज को लैंगिक असमानता से पीड़ित बताते हुए कहा कि उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए सामाजिक सोच में बदलाव जरूरी है। अंत में टीना मां ने भावुक अपील करते हुए कहा कि ट्रांसजेंडर बच्चे भी समाज का अभिन्न हिस्सा हैं, इसलिए उनके पालन-पोषण और विकास में समाज को आगे आना चाहिए, ताकि वे भी सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।

रैली के दौरान किन्नर समाज के लोगों ने आई एम गे, दैट्स ओके और आई एम लेस्बियन, दैट्स ओके जैसे नारे लगाकर अपने अस्तित्व और पहचान को स्वीकारने का संदेश दिया। कई किन्नर दुल्हन के परिधान में नजर आए और उन्होंने शादी करने के अधिकार की भी मांग उठाई।

# राकेश टिकैत की गिरफ्तारी की सूचना पर प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही प्रयागराज में संगठन के कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। इस सूचना के बाद युवा प्रदेश अध्यक्ष (उत्तर प्रदेश) अनुज सिंह के निर्देशानुसार प्रयागराज के घूरपुर थाना परिसर में वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं युवा कार्यकर्ताओं ने तत्काल घेराव कर आपातकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाकियू से जुड़े कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की तथा राकेश टिकैत की गिरफ्तारी को किसान विरोधी कदम बताते हुए तत्काल रिहाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि किसानों की आवाज को दबाने के लिए इस तरह की कार्रवाई की जा रही है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह के नेतृत्व में शुरू हुआ यह धरना-प्रदर्शन लगातार पांच घंटे तक चलता रहा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने थाने के मुख्य द्वार पर बैठकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के कारण कुछ समय के लिए थाना क्षेत्र में हलचल का माहौल बना रहा, हालांकि प्रशासन द्वारा स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

धरने के दौरान पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा कि भाकियू हमेशा से किसानों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी यह संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि राकेश टिकैत को जल्द रिहा नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर प्रदर्शन किए जाएंगे। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से वार्ता की और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। प्रशासन के इस आश्वासन के बाद कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त करने का निर्णय लिया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:

कार्य का नाम : वमंइ/प्रथम/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न गर्डर पुलों पर एच-बीम स्लीपर द्वारा मौजूदा चैनल स्लीपर का टीबीएसआर कार्य (कुल 672 नं.), **ई-निविदा सूचना सं.** : एनईआर-बीएसबी-2025-163, **अनुमानित लागत** : ₹ 2,85,33,124/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी)** : ₹ 5,70,700/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 29.04.2026, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 06 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-163, दिनांक 29.04.2026 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-534 वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# आजमगढ़ में 'एक मुख मुस्कान 2026' कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** दुर्गा शक्ति सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में अध्यक्ष दुर्गा सिंह के संचालन में 'UP मुख मुस्कान 2026 का आयोजन जिले के रैदोपुर स्थित रघुकुल ग्रैंड में किया गया। जहाँ मुख्य अतिथि के तौर पर पहली बार लोनी विधानसभा सीट से 10 वर्षों से विधायक पद पर आसीन रहे नन्द किशोर गुर्जर जी उपस्थित रहे। जो जिले के लिए एक गर्व की बात है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉक्टर विपिन यादव (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कुल 22 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें 'Mr. UP यूथ आइकॉन खिताब सत्यम चौधरी एवं 'Miss UP मुख मुस्कान' का खिताब शालिनी ने अपने नाम किया। I, II रनरअप में नन्दिनी दुबे, साक्षी प्रजापति एवं अश्विन पाठक एवं प्रवीण सैनी II रनरअप रहे। मिस आजमगढ़ विवेकानन्द विश्वकर्मा एवं मिस आजमगढ़ अक्षरा सिंह ने अपने नाम किया। 'Best Model of Evening' अंकित सिंह एवं प्रतिज्ञा रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला महामन्त्री समर प्रताप सिंह एवं जिला छात्र अध्यक्ष अविनाश सिंह बन्टी ने किया। जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह रिंकू, जिला अध्यक्ष (बीजेपी) निखिल राय, आशीष तिवारी, अंशु द्विवेदी (वरिष्ठ पत्रकार) आदि छात्र संघ के लोगों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। भारतीय परिधानों का प्रदर्शन Indrishiya फ़ैशन के अम्मी पाण्डेय एवं मयंक मिश्रा ने किया। जजमेंट सलोनी मेकओवर की सोनी जायसवाल एवं डॉ,विपिन यादव द्वारा दिया गया। प्रियांशु मेकओवर एवं सलोनी मेकओवर द्वारा मेकअप किया गया। दुर्गा शक्ति सेवा ट्रस्ट की सभी पदाधिकारी प्रतिभा द्विवेदी, अनीता सिंह, अन्जु मौर्य, रीना जायसवाल, संगीता वर्मा, नीरज सिंह, कुसुम जायसवाल आदि मौजूद रहीं। संरक्षक विजय लक्ष्मी मिश्रा का कार्य अत्यन्त सराहनीय रहा। संचालन हुनर संस्थान के सुनील विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

## जले मोबिल ऑयल का ईंधन बना अमन छान रहे जलेबी

**प्रयागराज।** जहां लोग बड़े-बड़े कॉलेज में वैज्ञानिक खोज की पढ़ाई कर रहे हैं वहीं मीरापुर के पास जलेबी की दुकान चलाने वाले 42 वर्षीय अमन गुप्ता ने एक ऐसा चूल्हा बनाया है जिसमें मोटरसाइकिल से निकल जला मोबिल ऑयल प्रयोग कर रहे हैं। अमन गुप्ता ने यह जुगाड़ की तकनीक गूगल, यूट्यूब और फेसबुक से सीखी है। लोगों को इन दिनों गैस सिलेंडर से जूझना पड़ रहा है। ग्रेजुएट कर चुके अमन गुप्ता ने उन्होंने बताया कि कम लागत में इस चूल्हे में जला मोबिल ऑयल वह एयर प्रेशर मशीन का प्रयोग किया जाता है। इतना ही नहीं अमन ने अपने मोटरसाइकिल में पेट्रोल बचाने का भी एक नया तरीका अपना रखा है।

आसपास के लोग कहते हैं कि जहां वैज्ञानिक नई-नई खोज पैदा कर रहे हैं वहीं छोटे से इलाके के रहने वाले अमन ने रोजी-रोटी के लिए जुगाड़ से चूल्हा बनाया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोटास विकास खण्ड-राबर्ट्सगंज, सोनभद्र**

पत्रांक :- मेमो/ग्रा0पं0/टेण्डर निविदा/2026-27 दिनांक- 28/03/2026

**"निविदा सूचना"**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-2027 में मनरेगा/ वी0बी0-जी0 राम जी/ पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग (केन्द्रीय वित्त आयोग)/ आर0जी0एस0ए0/स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस 2 एवं अन्य शासकीय योजनाओं के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोटास विकास खण्ड राबर्ट्सगंज में कराये जाने वाले कार्यों हेतु सामाग्री आपूर्ति (ईट प्रथम श्रेणी, इण्टर लाकिंग, ईट, बालू/मोरम/बालू सफेद, बालू महीन, 20 एम0एम0/40 एम0एम0 डाला गिट्टी स्टोन ब्लास्ट 20 एम एम, शौचालय सामग्री, एन0पी03 ह्यूम पाईप कालर सहित, हैण्ड पम्प मरम्मत सामग्री, खेल सामग्री, साइन बोर्ड, सारिया, सीमेन्ट, स्टोन बोल्डर, पटिया, रिबोर, टाईल्स, पेन्ट पुट्टी एवं अन्य सामाग्री आवश्यकतानुसार) की दरें आमंत्रित की जाती हैं समस्त शासकीय विभागों के पंजीकृत ठेकेदार/सामाग्री आपूर्तिकर्ता, टिन, जी0एस0टी0 एवं पैन कार्ड निविदा देने वाली इच्छूक आपूर्तिकर्ता/फर्म दिनांक 01-04-2026 से दिनांक-10-04-2026 समय अपराह्न 2 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी-अपनी दरें तथा वांछित संलग्न बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांक 13-04-2026 की आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में अपराह्न 12 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय सें किसी भी कार्य दिवस में दिनांक-10-04-2026 के दोपहर 2 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म की दर 500.00 होगी। धरोहर की राशि 15000 रु0 (पन्द्रह हजार रू0) होगी।

* नोट निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्नक होगी।

**श्याम नारायण**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- कोटास**
**वि.ख.-राबर्ट्सगंज, सोनभद्र**

**सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत- कोटास**
**वि.ख.-राबर्ट्सगंज, सोनभद्र**

**कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, जनपद-अयोध्या**

पत्राँकः- 691/न0पं0म0/गौशाला निर्माण 2025-26/ई-निविदा सूचना-2/2026 दिनांक : 30 मार्च 2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विशेष सचिव नगर विकास अनुभाग-7 उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या- 16/2025/4984/002-9-7099-288-2025 दिनांकः 31 दिसम्बर 2025 के द्वारा "कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना" के अन्तर्गत नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा जनपद अयोध्या में कान्हा गौशाला/पशु शेल्टर होम्स का निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु निम्न विवरण के अनुसार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो प्रदेश सरकार के ई-टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in के माध्यम से अपलोड की जायेंगी। एक ई-निविदा अथवा समस्त ई-निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है। नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी ई-टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

ई-निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने का विवरण निम्नवत् है-

| क्र0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड की प्रारम्भ तिथि व समय | 31.03.2026 | 16:00 बजे |
| 2 | ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड की अंतिम तिथि व समय | 09.04.2026 | 13:00 बजे |
| 3 | ई-निविदा खोलने की तिथि व समय | 09.04.2026 | 17:00 बजे |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा**
**अयोध्या**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा**
**अयोध्या**

# कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड ने नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की



**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड की सहायक कंपनी और देश की प्रमुख व्हीकल फाइनेंस कंपनियों में से एक, कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड ने अपने निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की है।

कंपनी के बोर्ड ने सूरज राजप्पन को तीन वर्षों के लिए मैनेजिंग डायरेक्टर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 1 जून 2026 से प्रभावी होगी (जो शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है)। सूरज राजप्पन ने अपने करियर की शुरुआत कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड से ही की थी और उनके पास इस संस्थान में अलग-अलग विभागों में काम करने का 24 वर्षों का लंबा अनुभव है। वर्तमान एमडी और सीईओ शाहरुख टोडीवाला 31 मई 2026 को रिटायर होंगे। उन्होंने कोटक समूह के साथ तीन दशकों से अधिक समय तक अपनी सेवाएं दी हैं।

कोटक महिंद्रा बैंक के एमडी और सीईओ, अशोक वासवानी ने कहा, शाहरुख ने कोटक महिंद्रा प्राइम में संतुलित विकास, जोखिम अनुशासन और ग्राहक-केंद्रित सोच की एक मज़बूत विरासत छोड़ी है। हम सूरज का स्वागत करते हैं–उनका गहरा अनुभव और काम करने की क्षमता कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड को विकास के अगले चरण तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड के एमडी और सीईओ, शाहरुख टोडीवाला ने कहा, कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड की 30 वर्षों की यात्रा का हिस्सा बनना और इसके विकास में योगदान देना मेरे लिए बहुत संतोषजनक रहा है। कंपनी का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि सूरज और उनकी लीडरशिप टीम इस मज़बूत नींव पर आगे बढ़ते हुए कंपनी को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाएगी।

# गैलेक्सी ए57 5जी और ए37 5जी नए 'ऑसम इंटेलिजेंस' एआई फीचर्स के साथ भारत में लॉन्च

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपने नए स्मार्टफोन गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी को भारत में लॉन्च कर दिया है। ये डिवाइस यूज़र्स को बेहतरीन एआई अनुभव, वॉइस और ट्रांसलेशन क्षमताएं और एडवांस फोटोग्राफी फीचर्स प्रदान करते हैं। ये फोन %ऑन-डिवाइस प्रोसेसिंग% (फोन के भीतर ही प्रोसेसिंग) को प्राथमिकता देते हैं, जिससे स्पीड, सुरक्षा और एफिशिएंसी में सुधार होता है।गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी में एआई का सबसे नया और खास फीचर 'डायरेक्ट वॉइसमेल' है। अगर आप कॉल नहीं उठा पाते, तो यह सुविधा कॉलर को मैसेज छोड़ने का विकल्प देती है, और खास बात यह है कि वह मैसेज आपको बिल्कुल कॉलर की असली आवाज़ में सुनाई देता है। एआई इसे तुरंत टेक्स्ट में बदल देता है और फोन में सुरक्षित सेव कर लेता है, यानी इसके लिए आपको नेटवर्क ऑपरेटर पर निर्भर रहने की ज़रूरत नहीं है।इसके साथ ही, नया एन्हांस्ड ट्रांसलेशन और ट्रांसक्रिप्शन फीचर भारत में अंग्रेज़ी, हिंदी और गुजराती भाषाओं को सपोर्ट करता है।

# नोवो नॉर्डिस्क इंडिया ने सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन की कीमतों में कमी की घोषणा की

नोवो नॉर्डिस्क इंडिया ने आज टाइप 2 मधुमेह और मोटापे या अधिक वजन से जूझ रहे लोगों के लिए अपनी प्रमुख सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन की कीमतों में कमी की घोषणा की। 1 अप्रैल 2026 से, भारत में ओज़ेम्पिक की शुरुआती खुराक की कीमत में 36प्रतिशत और वेगोवी की शुरुआती खुराक की कीमत में 48प्रतिशत की कमी की जाएगी। ओज़ेम्पिक (0.25 एमजी) और वेगोवी (0.25 एमजी) अब 202 रुपये प्रतिदिन या 1,415 रुपये प्रति सप्ताह (टैक्स सहित) की कीमत पर उपलब्ध होंगे।इसका उद्देश्य इन आधुनिक और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित दवाओं को भारत में मधुमेह और मोटापे से जूझ रहे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है, ताकि उन्हें सुरक्षित, प्रभावी और भरोसेमंद इलाज आसानी से मिल सके। इस बारे में बोलते हुए नोवो नॉर्डिस्क इंडिया के प्रबंध निदेशक विक्रांत श्रोत्रिय ने कहा हम विज्ञान से प्रेरित हैं, लेकिन हमारा ध्यान हमेशा मरीजों पर रहता है। अपने नवाचारी उपचारों की कीमतों में बदलाव करके हम कोशिश कर रहे हैं कि भारत में टाइप 2 मधुमेह, अधिक वजन और मोटापे से जूझ रहे ज्यादा से ज्यादा लोगों के लिए बेहतर स्तर की कार्डियोमेटाबोलिक देखभाल सस्ती और सुलभ हो सके। हमने मरीजों और डॉक्टरों की बात सुनी है और उसी के आधार पर यह कदम उठाया है। भारत में मधुमेह, मोटापा और उनसे जुड़ी समस्याओं का बोझ बहुत ज्यादा है, और हम सुरक्षित, प्रभावी और भरोसेमंद समाधानों के जरिए इसे कम करने का प्रयास कर रहे हैं। ओज़ेम्पिक एक ऐसी जीएलपी-1 आरए दवा है, जो टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों के लिए कई तरह के फायदे देती है। यह ब्लड शुगर को बेहतर तरीके से नियंत्रित करने, प्रभावी रूप से वजन घटाने और टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों में दिल और किडनी से जुड़ी समस्याओं के खतरे को कम करने में मदद करती है।वहीं, वेगोवी अधिक वजन या मोटापे से जूझ रहे लोगों में सुरक्षित और लंबे समय तक टिकने वाला वजन कम करने में मदद करती है और दिल से जुड़ी समस्याओं के जोखिम को भी कम करती है। ये दोनों दवाएं खान-पान और व्यायाम के साथ सहायक रूप में दी जाती हैं और केवल डॉक्टर की सलाह पर ही इस्तेमाल की जानी चाहिए।

# 5जी ट्रैफिक साल दर साल 70 प्रतिशत से अधिक बढ़ने से भारत का औसत मासिक डेटा उपयोग प्रति यूज़र 31 जीबी के पार: नोकिया MBiT इंडेक्स 2016



**नई दिल्ली।** नोकिया ने अपने वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स के 13वें संस्करण से आज निष्कर्ष जारी किए, जिसमें भारत के 5जी अंगीकार और डेटा उपभोग एवं रुख में सतत मजबूत गति रेखांकित की गई है। यह रिपोर्ट इस बात का खुलासा करती है कि पूरे भारत में मासिक 5जी डेटा ट्रैफिक साल दर साल 70 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2025 में 12.2 एक्साबाइट पहुंच गया और इस प्रकार से कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड ट्रैफिक में करीब 47 प्रतिशत योगदान यह कर रहा है। प्रति यूज़र औसत मासिक मोबाइल डेटा उपभोग 2025 में बढ़कर 31जीबी से अधिक पहुंच गया जो पिछले पांच वर्षों में 18 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा। यह विस्तृत मोबाइल ब्रॉडबैंड के तेज विस्तार और एआई एप्लीकेशंस, 4के वीडियो स्ट्रीमिंग एवं क्लाउड गेमिंग जैसे अधिक डेटा उपयोग वाले मामलों के लिए बढ़ती मांग को दर्शाता है।

वर्ष 2025 में प्रति माह कुल डेटा ट्रैफिक 27 श्क्ष को पार कर गया जिससे विस्तार लेते 5जी कवरेज और किफायती 5जी स्मार्टफोन की बढ़ती उपलब्धता से संचालित सतत वृद्धि को दर्शाता है।

इस रिपोर्ट में पाया गया कि मेट्रो सर्किल 5जी को अपनाने में अग्रणी बने हुए हैं जहां इन बाजारों में कुल मोबाइल डेटा ट्रैफिक में इनका 58 प्रतिशत योगदान है जोकि पिछले वर्ष से काफी अधिक है। वर्ग ए, बी और सी सर्किल में वृद्धि में भी तेजी आई है जिससे 5जी कनेक्टिविटी की देशभर में गहरी पैठ का संकेत मिलता है।

भारत का डिवाइस इकोसिस्टम भी तेजी से उभर रहा है। वर्ष 2025 में सक्रिय 4जी डिवाइस की संख्या 892 मिलियन पहुंच गई जिसमें से 383 मिलियन पहले से 5जी सक्षम हैं, जबकि 90 प्रतिशत से अधिक 5जी सपोर्ट वाले स्मार्टफोन इस वर्ष के दौरान निर्यात किए गए, जिससे 5जी में मल्टी-बैंड तैनाती के लिए तैयारी मजबूत हो रही है।

इस रिपोर्ट में एआई सुपरसाइकिल के उभरते प्रभाव को भी रेखांकित किया गया जिससे नेटवर्क ट्रैफिक पैटर्न को तेजी से नया आकार मिलने की संभावना है। एआई सक्षम एप्लीकेशंस, गहन अनुभव और स्वायत्त प्रणालियों के व्यापक स्तर पर विस्तार लेने से नेटवर्कों को एआई नेटिव, इंटेंट आधारित ऐसे आर्किटेक्चर की दिशा में उभरने की जरूरत पड़ेगी जो अधिक अपलिंक मांग, निम्न लेटेंसी जरूरतों और अधिक वितरित कंप्यूटिंग कार्यभार संभालने में सक्षम हो।

आने वाले समय में नोकिया MBiT इंडेक्स का अनुमान है कि वर्ष 2031 तक भारत का 5जी उपभोक्ता आधार एक अरब को पार कर सकता है।

# डिज़ाइन सामर्थ्य और गुणवत्ता उत्कृष्टता भारत के ईसीएमएस विज़न को आगे बढ़ाने के लिए अहमः अशोक चांडक

**लखनऊ।** अशोक चांडक, प्रेसिडेंट, आईईएसए ने बताया है कि ईसीएमएस स्कीम की सफलता दर्शाती है कि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में इरादे से अमल की ओर एक निर्णायक परिवर्तन आया है। लिथियम-आयन सैल और फ्लेक्सिबल पीसीबी से लेकर कनेक्टर और डिस्प्ले मॉड्यूल तक मंजूरियां 16 प्रोडक्ट सैगमेंटों में हैं, और ये 8 राज्यों में फैले हुए हैं, जिसमें कर्नाटक और महाराष्ट्र प्रोजेक्ट की तादाद में सबसे आगे हैं। इन निवेशों से 14,000 से ज्यादा नौकरियां पैदा होने और 84,515 करोड़ रुपये का उत्पादन होने की उम्मीद है, जो इस स्कीम के तहत बन रहे मज़बूत मोमेंटम को दिखाता है।

मोटे तौर पर, ईसीएमएस प्रोग्राम में 12 राज्यों से 23 उत्पाद श्रेणियों में 75 आवेदन आए हैं, जो पूरे देश में इंडस्ट्री की मज़बूत भागीदारी को दिखाता है। रु. 59,350 करोड़ के लक्षित निवेश के मुकाबले, मंज़ूरी पहले ही रु. 61,671 करोड़ तक पहुंच चुकी है, जो नीतिगत ढांचे में इंडस्ट्री के मज़बूत भरोसे को दिखाता है। इस स्कीम से रु. 4,51,858 करोड़ से ज्यादा का उत्पादन होने की उम्मीद है, जो रु. 4,56,500 करोड़ के सकल लक्ष्य के करीब है, जबकि रोज़गार का सृजन पहले ही अनुमानित 91,600 नौकरियों के मुकाबले 65,000 से ज्यादा नौकरियां दे चुका है।

आईईएसए, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को उसके अग्रसक्रिय दृष्टिकोण और फास्ट-ट्रैक अप्रूवल के लिए बधाई देता है, जिससे ईकोसिस्टम डैवलपमेंट में काफी तेज़ी आई है। जैसे-जैसे 2026 आकार लेने लगा है, भारत ने एक भरोसेमंद, निवेश योग्य ईएसडीएम डेस्टिनेशन के तौर पर दुनिया का भरोसा जीता है।

# खीरी में इन्दिरा आईवीएफ के नये फर्टिलिटी क्लिनिक का शुभारंभ



**लखीमपुर खीरी।** भारत के प्रमुख फर्टिलिटी सर्विस प्रोवाइडर में से एक इन्दिरा आईवीएफ ने लखीमपुर में अपने नए फर्टिलिटी क्लिनिक का शुभारंभ किया है। यह शुरुआत क्षेत्र में संगठित, सम्पूर्ण और तकनीकी रूप से सक्षम फर्टिलिटी केयर तक पहुंच को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सेंटर ग्राउंड एंड फर्स्ट फ्लोर, अनुपम नर्सिंग होम के पास, काशी नगर कॉलोनी, खीरी रोड, राजापुर गांव, लखीमपुर खीरी में शुरू किया गया है। फर्टिलिटी और असिस्टेड रिप्रोडक्टिव सर्विसेज की सम्पूर्ण सुविधाओं से सुसज्जित यह सेंटर रोगियों को इन्दिरा आईवीएफ के स्टेण्डर्ड क्लिनिकल प्रोटोकॉल, लेबोरेटरी सिस्टम स्ट्रक्चर्ड पेशेंट मैनेजमेंट प्रोसेस के माध्यम से उपचार सेवाएं प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष लखीमपुर खीरी अरविंद गुप्ता तथा सदस्य, राज्य महिला आयोग लखीमपुर खीरी सुजीता कुमारी उपस्थित रहीं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में एएसएमसी प्रिंसीपल लखीमपुर खीरी डॉ. वाणी गुप्ता तथा जिला महिला अस्पताल लखीमपुर खीरी के सीएमएस डॉ. ए.के. गुप्ता ने शिरकत की।

# लखनऊ में क्या पंत बनाम राहुल के मुकाबले में शमी दिखा पाएंगे दम

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने अभियान की शुरुआत बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ करेगी। इस मुकाबले में सबसे ज्यादा नजरें कप्तान ऋषभ पंत पर होंगी, जिन पर इस सीजन बेहतर प्रदर्शन का दबाव है। पिछले सीजन में पंत कप्तान और बल्लेबाज दोनों भूमिकाओं में उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए थे। साथ ही टीम को तेज गेंदबाजों की चोटों से भी जूझना पड़ा, जिससे संतुलन बिगड़ा। हालांकि इस बार टीम पूरी तरह फिट नजर आ रही है।लखनऊ की ताकत– संतुलित टीम और मजबूत गेंदबाजीइस सीजन लखनऊ की गेंदबाजी पहले से ज्यादा मजबूत दिख रही है।

**गेंदबाजी में दिख रही है धार**

मोहम्मद शमी और नॉर्किया के जुड़ने से पेस अटैक को धार मिली है।वहीं, युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव ने अपनी फिटनेस पर काम किया है, जिससे टीम को उनसे काफी उम्मीदें हैं। मोहसिन खान भी वापसी कर रहे हैं।स्पिन विभाग में दिग्वेश राठी और ऑलराउंड विकल्प टीम को संतुलन देते हैं।बल्लेबाजी में दम, टॉप ऑर्डर पर भरोसालखनऊ की बल्लेबाजी काफी मजबूत मानी जा रही है।

Mitchell Marsh मिचेल मार्श औ मरकाम की ओपनिंग जोड़ी टीम को तेज शुरुआत दे सकती है।पंत तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं, जबकि निकोलस पूरन मिडिल ऑर्डर में अहम भूमिका निभाएंगे।दिल्ली की चुनौती टॉप ऑर्डर में स्थिरता की तलाश दिल्ली कैपिटलिस पिछले सीजन में ओपनिंग जोड़ी को लेकर संघर्ष करती रही थी। इस बार KL Rahul पारी की शुरुआत करेंगे, लेकिन उनके जोड़ीदार को लेकर अब भी संशय है।

# आईसीआईसीआई प्रू जीपीपी फ्लेक्सी के साथ जीवनभर की निश्चित आय, बिना चिंता का रिटायरमेंट

**गोरखपुर।** यूएनडीपी की 2025 मानव विकास रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लोगों की जीवन प्रत्याशा 1990 में 58.6 साल से बढ़कर 2023 में 72 साल हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि सरकार के 'भारत में बुजुर्गों' के डेटा से पता चलता है कि वर्ष 2036 तक हर सात में से एक भारतीय व्यक्ति की उम्र 60 साल या उससे ज़्यादा होगी। ये आँकड़ें भारत में बेहतर होती स्वास्थ्य सेवाओं का संकेत देते हैं, लेकिन बढ़ती उम्र के साथ आने वाली चुनौतियों के बारे में भी हर व्यक्ति को जागरूक रहना जरूरी है।प्लान के बारे में बताते हुए श्री विकास गुप्ता, चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, रिटायरमेंट प्लानिंग की सबसे बड़ी जरूरत होती है जीवनभर के लिए निश्चित आय। आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी इसी जरूरत को पूरा करने के लिए एक आसान और लचीले तरीके से बनाया गया है। इस प्लान में ग्राहकों की अलग अलग जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 7 तरह के विकल्प दिए गए हैं। खास बात यह है कि इसमें 'जॉइंट लाइफ' के साथ 'वेवर ऑफ प्रीमियम' का विकल्प भी मिलता है। इसका मतलब है कि यदि पहले पॉलिसीधारक की मृत्यु हो जाती है, तो आगे के सभी प्रीमियम कंपनी खुद भरती है और तय की गई आय दूसरे व्यक्ति (नॉमिनी/पार्टनर) को मिलती रहती है, जिससे परिवार की आर्थिक सुरक्षा बनी रहती है। इसके अलावा, यदि पॉलिसीधारक को किसी गंभीर बीमारी का पता चलता है या वह हमेशा के लिए विकलांग हो जाता है, तो वह पॉलिसी को वापस करके पूरा पैसा रिफंड ले सकता है।जैसेजैसे लोगों की उम्र बढ़ रही है, उन्हें अपने रिटायरमेंट के दौरान बढ़ते खर्च और तेज़ी से बढ़ती मेडिकल महँगाई का सामना करना पड़ेगा।

# फिलिप मॉरिस इंडिया को लगातार पाँचवें साल ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में प्रमाणित किया गया




**नई दिल्ली।** फिलिप मॉरिस इंडिया ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में आईपीएम इंडिया होलसेल ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड) (पीएम इंडिया) को ग्रेट प्लेसेज़ टू वर्क इंस्टीट्यूट द्वारा लगातार पाँचवें साल ग्रेट प्लेस टू वर्क 2026-27 चुना गया गया है। इस सर्टिफिकेशन से प्रदर्शित होता है कि पीएम इंडिया कार्यस्थल पर लगातार एक प्रगतिशील संस्कृति का निर्माण करने पर केंद्रित है, ताकि कर्मचारियों को सबसे बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके।अपनी 'पीपल-फर्स्ट स्ट्रेट्जी' के तहत पीएम इंडिया अपने कर्मचारियों को काम करने का सही वातावरण, बेहतर संसाधन और करियर एवं प्रोफेशनल विकास के अवसर प्रदान करके उन्हें लगातार आगे बढ़ने में सहयोग देने तथा एक बेहतर जीवन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम इंडिया की संस्कृति 'पीएमआई डीएनए - वी केयर, वी आर बैटर टुगैदर, वी आर गेम चेंजर्स' पर आधारित है, जो हमारी टीमों द्वारा सहयोग करने, इनोवेट करने और नेतृत्व करने की बुनियाद बनाती है।पीएम इंडिया के ग्रो टेलेंट ग्रो बिज़नेस (जीटीजीबी) अभियान के अंतर्गत, कर्मचारियों को करियर के व्यापक अनुभवों की खोज करने, चुनौतियों को स्वीकार करने तथा अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लगातार सीखते रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। पीएम इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, नवनील कर ने कहा, ''ग्रेट प्लेस टू वर्क का सम्मान पाना हमारे लिए गौरव की बात है। यह सम्मान एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है, जिसमें हर व्यक्ति महत्वपूर्ण, सशक्त और प्रतिदिन सबसे बेहतर काम करने के लिए प्रोत्साहित महसूस करे। हम इनोवेशन और सहयोग की मदद से लगातार सबसे बेहतर प्रदर्शन बनाए रखने के लिए एक साझा लक्ष्य का निर्माण करने के महत्व को समझते हैं। हमारा उद्देश्य एक ऐसे वातावरण का निर्माण करना है, जो कर्मचारियों को एक बेहतर जीवन प्रदान करे तथा उन्हें व्यक्तिगत एवं व्यवसायिक सफलता प्राप्त करने में समर्थ बनाए। हमारा मानना है कि जब हमारे कर्मचारी आगे बढ़ेंगे, तब हमारा बिज़नेस आगे बढ़ेगा।

# ट्रूकॉलरः खासतौर पर भारत को ध्यान में रखकर तैयार किया गया प्रोडक्ट, जिसे आज दुनिया भर में 500 मिलियन से ज़्यादा लोग उपयोग करते हैं

**लखनऊ।** दुनिया में संचार को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने वाले सबसे बड़े प्लेटफ़ॉर्म, ट्रूकॉलर ने आज घोषणा की है कि दुनिया भर में उसके यूजर्स की संख्या 500 मिलियन के पार पहुँच गई है। यह लोगों के बीच संचार को भरोसेमंद बनाने के कंपनी के सफ़र में एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्लेटफ़ॉर्म पर यूज़र्स की संख्या लगातार काफ़ी तेजी से बढ़ रही है, और केवल साल 2025 में ही 50 मिलियन से ज़्यादा नए यूज़र्स इस प्लेटफ़ॉर्म से जुड़े हैं। अकेले भारत में ही ट्रूकॉलर का उपयोग करने वालों की संख्या 350 मिलियन से ज़्यादा हो गई है, और भारत के बाहर इसके यूज़र्स की संख्या 150 मिलियन से ज़्यादा है। इसकी वजह है यह है कि, आज दुनिया भर में अनचाही कॉल्स, स्पैम और धोखाधड़ी से सुरक्षा की ज़रूरत लगातार बढ़ रही है। इस साल की शुरुआत में, दुनिया भर में भुगतान करके ट्रूकॉलर की सेवाओं का लाभ उठाने वाले सब्सक्राइबर्स की संख्या भी 4 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई, जिससे कंपनी की आमदनी का एक मुख्य जरिया और भी मज़बूत हुआ है। इस मौके पर ट्रूकॉलर के सीईओ, ऋषित झुनझुनवाला ने कहा, वैसे तो यह हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन यह उस दुनिया के बारे में भी बहुत कुछ बयां करता है, जिसमें आज हम सब रह रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, आज हर दिन ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को स्पैम, स्कैम और अनचाहे संचार से निपटने में मदद की ज़रूरत है। 500 मिलियन यूज़र्स के आंकड़े से जाहिर है कि लोगों को इसकी कितनी ज़्यादा ज़रूरत है। साथ ही इसे यह भी पता चलता है कि लोग अपने संचार को सुरक्षित बनाने के लिए लोग ट्रूकॉलर पर कितना भरोसा करते हैं। ट्रूकॉलर को लगातार और भी ज़्यादा स्मार्ट टेक्नोलॉजी और नई खूबियों के साथ मज़बूत बनाना ही हमारा संकल्प है, जो यूज़र्स को हर कॉल या मैसेज से पहले, उसके दौरान और उसके बाद भी सुरक्षित रहने में मदद कर सके। आखिर में, हमारा लक्ष्य संचार का ऐसा माहौल तैयार करना है जो सभी के लिए एक ज़्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद हो।

# कानपुर क्लब परिसर मे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया



**कानपुर।** कानपुर क्लब में पारस हॉस्पिटल, आर.के.देवी फाउंडेशन एवं डी ए वी कॉलेज के सहयोग से मेगा मल्टी स्पेशियलिटी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 29 मार्च 2026 को किया गया। इस अवसर पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस स्वास्थ्य शिविर को स्थानीय समुदाय से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। कानपुर क्लब द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर मे बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विशेषज्ञ डॉक्टरों से निःशुल्क परामर्श लिया और विभिन्न स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ उठाया। कैंप का उद्देश्य आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराना और समय रहते बीमारियों की पहचान को बढ़ावा देना था। कैंप में पारस हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ BP, ECG, बोन मिनरल डेंसिटी, पैप स्मीयर जैसी महत्वपूर्ण जांचें की गईं। इसके अलावा निःशुल्क दवाइयां, ग्लूकोमीटर, शेकर, हेल्थ चेक-अप कार्ड और डेंटल किट भी वितरित किए गए। विशेष रूप से निःशुल्क ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई तथा 50 बच्चों को एचपीवी की मुफ्त वैक्सीन भी लगाई गई। पारस हॉस्पिटल, कानपुर के श्री रजत बजाज ने कहा, ÷इस स्वास्थ्य कैंप को समुदाय से मिली ज़बरदस्त प्रतिक्रिया से हमें बहुत हौसला मिला है। पारस हेल्थ में हमारा ध्यान हमेशा से लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर को बढ़ावा देने पर रहा है। इस तरह की पहल न सिर्फ बीमारियों का जल्द पता लगाने में मदद करती हैं, बल्कि लोगों को अपनी सेहत के प्रति जागरूक और सक्रिय भी बनाती हैं। कैंप में आर.के. देवी फाउंडेशन के डॉ. अवध दुबे और डॉ. गौरव दुबे सहित विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। साथ ही कानपुर क्लब के राघवेंद्र सेठ, डीएवी कॉलेज के गोर्वेंद्र स्वरूप एवं बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति, प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक भी इस आयोजन में शामिल हुए।

# एजईज़ी ने भारत का पहला एडल्ट डायपर पैंट पेश किया




**नई दिल्ली।** भारत के सबसे व्यापक और पूरी तरह एकीकृत सीनियर-केयर इकोसिस्टम अंतारा सीनियर केयर के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ता उत्पाद ब्रांड एजईज़ी ने हाल ही में स्मार्ट लिक्विड डिस्ट्रीब्यूशन तकनीक से युक्त देश का पहला एडल्ट डायपर पैंट पेश किया है। विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए पुनः डिज़ाइन किए गए इन डायपरों में एक अनूठा तीन-स्तरीय डिज़ाइन है, जो अवशोषण को मापनीय रूप से बेहतर बनाता है, झुकाव को कम करता है और रोज़मर्रा के उपयोग के लिए अधिक विश्वसनीय सुरक्षा प्रदान करता है। एजईज़ी ने हर लेयर और उनके आपसी तालमेल को नए सिरे से डिजाइन किया है, जिससे एक ऐसी तकनीक तैयार हुई है जो अब तक किसी और में नहीं देखी गई। यह इन-हाउस विकसित नवाचार फिलहाल पेटेंट मंजूरी का इंतजार कर रहा है।

अंतारा सीनियर केयर के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ राजित मेहता ने कहा, एजईज़ी में, वरिष्ठ नागरिक हमेशा हमारे हर काम के केंद्र में रहे हैं, जो हमें नवाचार के लिए प्रेरित करते हैं। हमने असंयम की समस्या को देखा और खुद से पूछा कि हम इसमें गरिमा और स्वतंत्रता कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं। एडल्ट हाइजीन प्रोडक्ट्स को डिजाइन करना इस बात को समझने के बारे में है कि वरिष्ठ नागरिक क्या करना चाहते हैं, लेकिन डर की वजह से खुद को सीमित कर लेते हैं। इसका समाधान केवल बेहतर अवशोषण नहीं हो सकता था; यह ऐसा उत्पाद होना चाहिए जो सुरक्षित, भरोसेमंद, आरामदायक हो, उनके साथ आसानी से चले और अपनी मौजूदगी का एहसास न कराए। हमने अपनी टीम को चुनौती दी कि वे एडल्ट डायपर के काम करने के मूल ढांचे को फिर से सोचें, और इसी से एजईज़ी एडल्ट डायपर पैंट (स्मार्ट लिक्विड डिस्ट्रीब्यूशन के साथ) तैयार हुआ।

# एचडीएफसी बैंक को यूरोमनी प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड- 2026 में इंडियास सेफेस्ट प्राइवेट बैंक' व इंडियास बेस्ट प्रीमियर बैंकिंग का पुरस्कार मिला

**मुंबई।** भारत के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक को यूरोमनी प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड-2026 में इंडियास सेफेस्ट प्राइवेट बैंक' व इंडियास बेस्ट प्रीमियर बैंकिंग के रूप में सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों का आयोजन यूरोमनी पत्रिका द्वारा किया गया था।

भारत में सबसे सुरक्षित निजी बैंक के रूप में एचडीएफसी बैंक की पहचान तीन मुख्य क्षेत्रों, पूंजीगत लचीलापन, ऋण जोखिम के प्रति अनुशासित दृष्टिकोण, और मजबूत जोखिम प्रबंधन की नींव के प्रति संस्थागत प्रतिबद्धता के मजबूती पर आधारित है।

**प्रीमियर बैंकिंग के लिए सर्वश्रेष्ठः एचडीएफसी बैंक**

एचडीएफसी बैंक ने इस वर्ष 'प्रीमियर बैंकिंग के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक' का खिताब हासिल किया है। यह उपलब्धि बैंक के प्रदर्शन, उत्पादों की विविधता, डिजिटल क्षमताओं और मानव संसाधन विकास के क्षेत्रों में लगातार हो रही प्रगति का परिणाम है।

एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, प्राइवेट बैंकिंग, इंटरनेशनल बैंकिंग, डिजिटल इकोसिस्टम और बीएएएस, राकेश के. सिंह ने कहा, हमें इस बात की खुशी है कि हमें 'भारत का सबसे सुरक्षित निजी बैंक' और 'प्रीमियर बैंकिंग के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक' के रूप में मान्यता मिली है।

# सरसों मॉडल फार्म्स से सशक्त हो रहा भारत का खाद्य तेल, बढ़ रही स्थिरता और आत्मनिर्भरता

**लखनऊ।** भारत में सतत एवं जलवायु-सहिष्णु सरसों उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, ए.डब्लू.एल.और सॉलिडरीडाड द्वारा संयुक्त रूप से 'रीजनरेटिव मस्टर्ड मॉडल फार्म' कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। यह पहल भारत सरकार के राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन के समर्थन में गई है। रबी सीजन 2025-26 के दौरान इस कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के 14 जिलों में 3,000 एकड़ क्षेत्र में 3,000 फ्रंट लाइन डेमोंस्ट्रेशन खेत स्थापित किए गए, जिनके माध्यम से हजारों सरसों किसानों को वैज्ञानिक एवं पारिस्थितिकी रूप से टिकाऊ कृषि पद्धतियों से सीधे जोड़ा गया। भारत अपनी खाद्य तेल आवश्यकताओं का 60त्न से अधिक आयात करता है, जिससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर भारी दबाव पड़ता है। सरसों देश की सबसे महत्वपूर्ण घरेलू तिलहन फसलों में से एक है। 2021-22 में, भारत सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य तिलहन उत्पादकता और उत्पादन को बढ़ाकर इस निर्भरता को कम करना है। इस राष्ट्रीय आह्वान के समर्थन में एस.इ.ए,सॉलिडरीडाड और ए.डब्लू.एल के सहयोग से पुनर्योजी सरसों मॉडल फार्म कार्यक्रम तैयार किया। यह एक समग्र प्रदर्शन-आधारित पहल है जो आधुनिक कृषि विज्ञान और पुनर्योजी सिद्धांतों को मिलाकर उत्पादकता बढ़ाने, लागत घटाने और सरसों उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र को लंबे समय के लिए सशक्त बनाने पर केंद्रित है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत तीन प्रमुख सरसों उत्पादक राज्यों में, चयनित अग्रणी किसानों के माध्यम से लगभग 3000 एकड़ क्षेत्रको कवर किया गया।मध्य प्रदेश में 1580 फ्रंटलाइन डेमो का संचालन मंदसौर, नीमच, रतलाम, शाजापुर, आगर-मालवा, विदिशा और रायसेन जिलों में किया गया।राजस्थान में 1320 डेमो प्लॉट बारां, बूंदी, कोटा, झालावाड़ और टोंक जिलों में संचालित किए गए, जबकि हरियाणा में 100 फ्रंटलाइन डेमोरेवाड़ी और महेंद्रगढ़ जिले में लगाए गए।

# भारत के जॉब मार्केट में उछाल

**नई दिल्ली।** फरवरी 2026 में इनडीड पर भारतीय जॉब पोस्टिंग में 1.6% की वृद्धि हुई, जिसने मजबूत बढ़त के सिलसिले को समेकित करते हुए एक साल पहले की तुलना में 7.0त्न अधिक का स्तर हासिल किया। जॉब पोस्टिंग अब महामारी से पहले के स्तर से 87% ऊपर हैं जो भारत के श्रम बाजार में हो रहे बदलाव का प्रमाण है, भले ही ये अपने जनवरी 2023 के उच्चतम स्तर से 14त्न नीचे हैं। इनडीड एपीएसी के वरिष्ठ अर्थशास्त्री, कैलम पिकरिंग ने कहा, पिछले साल के अंत में हुई मजबूत बढ़त को समेकित करते हुए, भारतीय जॉब पोस्टिंग में फरवरी में रिकवरी जारी रही। फरवरी में 5% की बेरोजगारी दर के साथ, ऐसा लगता है कि भारत अपने मौजूदा आर्थिक परिवर्तन को समर्थन देने के लिए पर्याप्त से अधिक नौकरियां पैदा कर रहा है। पिकरिंग ने आगे कहा, मध्य पूर्व में संघर्ष के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति और परिवारों तथा व्यवसायों की बढ़ती सतर्कता के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था को इस साल कुछ कड़ी आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। लेकिन दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के नाते, भारत इस झटके को सहने के लिए अपेक्षाकृत अच्छी स्थिति में है।

जैसे-जैसे भारत का कार्यबल धीरे-धीरे औपचारिक रोजगार की ओर बढ़ रहा है, औपचारिक क्षेत्र में रोजगार सृजन समग्र रोजगार वृद्धि को पीछे छोड़ता जा रहा है। इस संरचनात्मक बदलाव ने महामारी के बाद हायरिंग में आई तेजी और उसके बाद की मंदी, दोनों ही दौरान भारत को अन्य इनडीड बाजारों से बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की है।

हायरिंग ग्रोथ व्यापक बनी हुई है, पिछले तीन महीनों में लगभग तीन-चौथाई पेशों में जॉब पोस्टिंग में वृद्धि हुई है। यह जनवरी और फरवरी के दौरान निरंतर गति को दर्शाता है।

सबसे मजबूत बढ़त इनमें देखी गई- आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर, ऑपरेशंस और सपोर्ट (+32%), मैकेनिकल इंजीनियरिंग (+30%), लॉजिस्टिक सपोर्ट (+30%), और फार्मेसी (+15%)। इसके विपरीत, कुछ क्षेत्रों में गिरावट देखी गई सामुदायिक और सामाजिक सेवा (-14.6%), सौंदर्य और कल्याण (-5.9%), प्रशासनिक सहायता (-5.6%), और चाइल्डकैअर (-5.3%)।

# कुशीनगर में इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव का भव्य शुभारंभ

- तीन दिनों तक चलेगा बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव, विभिन्न देशों के उपासक हुए शामिल

**अवधनामा ब्यूरो**


बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव में उपासना करते बौद्ध धर्मावलंबी


कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री का स्वागत करते बौद्ध धर्मावलंबी

**कुशीनगर।** जनपद में तीन दिवसीय इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव 2026 का शुभारंभ मंगलवार को महापरिनिर्वाण मंदिर परिसर में पारंपरिक बौद्ध वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षु, उपासक और श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह आयोजन कुशीनगर को वैश्विक बौद्ध एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार का भव्य आयोजन पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भारत युद्ध का नहीं, बल्कि गौतम बुद्ध का देश है और उनके शांति, करुणा तथा मध्यम मार्ग के संदेश आज भी पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शक हैं। यह कॉन्क्लेव बौद्ध और जैन परंपराओं के विचारों के आदान-प्रदान का भी अवसर प्रदान करेगा। प्रभारी मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से कुशीनगर में बड़े विकास कार्य हो रहे हैं। लगभग 254 करोड़ रुपये की लागत से कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का निर्माण हो चुका है, जबकि कृषि विश्वविद्यालय और मेडिकल कॉलेज सहित कई परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय कॉन्क्लेव में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि बौद्ध दर्शन, शांति, करुणा और वैश्विक सहयोग जैसे विषयों पर विचार-मंथन करेंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न देशों की परंपराओं की झलक भी प्रस्तुत की जाएगी। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात, आवास और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। कॉन्क्लेव के पहले दिन ही कुशीनगर की धरती पर आध्यात्मिकता, संस्कृति और वैश्विक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। तीन दिनों तक चलने वाला यह आयोजन धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ अर्थव्यवस्था को भी नई गति देने की उम्मीद जगाता है। कार्यक्रम में हाटा विधायक मोहन वर्मा, खड्डा विधायक विवेकानंद पांडे, मनीष जायसवाल, चेयरमैन नगर पालिका परिषद पडरौना विनय जायसवाल, रामकोला विधायक विनय प्रकाश, जिलाध्यक्ष दुर्गेश जायसवाल, राकेश जायसवाल, एसपी केशव कुमार, एडीएम वैभव मिश्रा सहित तमाम बौद्ध धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

## दुदही सीएचसी परिसर में खड़ी मिली प्राइवेट अस्पताल की एंबुलेंस

**कुशीनगर।** दुदही स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने पूरे स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वायरल वीडियो में देर रात करीब 10 बजे एक प्राइवेट अस्पताल की एंबुलेंस सीएचसी परिसर में खड़ी दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि यह एंबुलेंस दुदही क्षेत्र के महन्थ शिवानंद हॉस्पिटल की है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर किसके इशारे पर निजी अस्पताल की एंबुलेंस सरकारी अस्पताल परिसर में पहुंची? क्या यह महज संयोग है या फिर अंदरखाने कोई सेटिंग का खेल चल रहा है? स्थानीय लोगों का आरोप है कि कहीं सरकारी अस्पताल मरीजों के लिए ट्रांजिट पॉइंट तो नहीं बन गया है, जहां से मरीजों को निजी अस्पतालों की ओर भेजा जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि वीडियो वायरल होने के बाद भी अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच कक्षा पंचम के छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

**अवधनामा संवाददाता**


विदाई समारोह में छात्रों का भावुक पल

**खड्डा, कुशीनगर।** विकास खण्ड खड्डा के ग्राम सभा कटाई भरपूरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय छितौनी पूर्वी में कक्षा चतुर्थ के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा पंचम के विद्यार्थियों के सम्मान में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम हर्षोल्लास, उत्साह और भावनात्मक माहौल के बीच सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद कक्षा चतुर्थ के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों के सम्मान में कविता, गीत और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने कक्षा पंचम के साथ बिताए गए अपने यादगार पलों को साझा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कक्षा पंचम के विद्यार्थियों ने भी विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों और अपने छोटे साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई में परिश्रम, अनुशासन और लगन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामप्रवेश यादव ने कहा कि विद्यार्थी अब अपने जीवन के नए अध्याय की ओर बढ़ रहे हैं। आगे अनेक चुनौतियां आएंगी, लेकिन विद्यालय से मिली शिक्षा और संस्कार उन्हें हर कठिनाई का सामना करने की शक्ति देंगे। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने कक्षा पंचम के विद्यार्थियों को अंकपत्र प्रदान कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा चतुर्थ के विद्यार्थियों ने कक्षा पंचम के विद्यार्थियों को टिफिन बॉक्स व वाटर बोतल भेंट कर सम्मानित किया तथा खीर-पूरी खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। यह समारोह विद्यालय के सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए भावनात्मक और यादगार पल बन गया। इस अवसर पर शिक्षा समिति के अध्यक्ष छोटेलाल, ग्राम प्रधान नर्वदेश्वर चौरसिया, बीडीसी मुहम्मद एकबाल अहमद, असरफ अंसारी तथा विद्यालय के शिक्षक अंजना शर्मा, साधना देवी, सुनील जोशी, लक्ष्मीकांत विश्वकर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# तमकुहीराज क्षेत्र में 13 संपर्क मार्गों के निर्माण को मिली स्वीकृति : विधायक

**अवधनामा संवाददाता**



**सेवरही, कुशीनगर।** तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 13 नए संपर्क मार्गों एवं सीसी सड़कों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए तमकुहीराज विधायक डा असीम कुमार ने बताया कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। क्षेत्रवासियों के लिए यही अत्यंत हर्ष का विषय है।

स्वीकृत मार्गों में प्रमुख रूप से ग्राम सभा बलुआ शमशेर शाही से बिहार बुजुर्ग होते हुए रजवटिया मार्ग तक 1.00 किमी सड़क निर्माण, कृषि विज्ञान केंद्र सरगटिया करनपट्टी तक 900 मीटर संपर्क मार्ग, तथा ग्राम सभा बहादुरपुर (पूर्व टोला) से नेशनल हाईवे तक 1.00 किमी सड़क निर्माण शामिल है। इसके अलावा हरदिया हाता से नारायणपुर संपर्क मार्ग तक 500 मीटर तथा ग्राम सभा झड़वा में प्राथमिक विद्यालय से मुरली ठाकुर के घर तक 650 मीटर सड़क निर्माण को भी स्वीकृति मिली है। इसी क्रम में ग्राम सभा रामपुर बरहन से नारायणपुर संपर्क मार्ग तक 1.5 किमी, दोमाठ-सेवरही संपर्क मार्ग से ग्राम सभा जगदीशपुर तक 500 मीटर तथा दनियाडी- गौरहा संपर्क मार्ग से पिपरा मिश्रा तक 500 मीटर सड़क निर्माण कराया जाएगा। वहीं, विभिन्न ग्राम सभाओं में सीसी सड़क निर्माण के तहत ग्राम सभा गौरी शुक्ल में विनोद निषाद के घर से माधोपुर पिच तक 600 मीटर, वेदूपार मुस्तकिल में मनभरन निषाद के घर से मनोज यादव के घर तक 300 मीटर, पुरैना कटेया में सोहन के घर से विनोद कुशवाहा के घर तक 400 मीटर तथा बैजुपट्टी (बिन टोली) में बाबूदेव के खेत से सचिदानंद के घर तक 300 मीटर सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही बांसगांव खास में मुन्ना सिंह के घर से प्राथमिक विद्यालय तक 430 मीटर सीसी सड़क निर्माण को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन बेहतर होगा, गांव-गांव तक विकास की पहुंच मजबूत होगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## छत पर खेलते समय करंट लगने से मासूम की मौत

**सेवरही, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम रकबा दुलमा पट्टी में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में 8 वर्षीय मासूम बच्ची की करंट लगने से मौत हो गई। घटना से शादी समारोह की खुशियां मातम में बदल गईं।

जानकारी के अनुसार, आलम पुत्र जहूर मियां के घर से बारात निकलने की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान शादी में शामिल होने आई रीमा पत्नी शमसुद्दीन, निवासी ग्राम बकुलहवा (थाना बरवापट्टी), अपनी बेटी आलिया के साथ आई थीं। खेलते-खेलते आलिया पड़ोस में स्थित प्रभु गुप्ता के नए मकान की छत पर चली गई। बताया जाता है कि छत पर बिजली का केबल कटा हुआ था, जिसकी चपेट में आने से आलिया को तेज करंट लग गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही सेवरही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई करते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# एसपीएम ग्रुप ऑफ स्कूल में 'विरासत' थीम पर भव्य वार्षिकोत्सव, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

- सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, अतिथियों ने शिक्षा व संस्कार पर दिया जोर
- सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास का माध्यम : पं. नंदकिशोर मिश्र

**अवधनामा संवाददाता**



**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही कस्बा स्थित एसपीएम ग्रुप ऑफ स्कूल में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ। 'विरासत' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने लोकगीत, देशभक्ति गीत और बाल गीतों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवरही के पूर्व विधायक पंडित नंदकिशोर मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सशक्त भारत की नींव है और सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम हैं। वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष त्रिभुवन जायसवाल ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थान, प्रबंधन एवं अध्यापकों की भूमिका विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रवक्ता प्रहलाद केसरी ने की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों की गूंज से उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह के दौरान प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में आए पत्रकारों एवं विशिष्ट अतिथियों को भी आयोजक गौरव राव द्वारा शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नाट्य प्रस्तुतियों का निर्देशन विजयलक्ष्मी राव तथा कार्यक्रम का संचालन रवि तिवारी, विवोध सिंह एवं अमरजीत राठी ने संयुक्त रूप से किया। अंत में विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट बीके राव एवं गौरव राव ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा नेता विनोद सिंह राजपूत,सेवरही मंडल अध्यक्ष रमेश ब्याहुत,रंजीत सिंह सेंगर, बृजबिहारी सिंह, सुविंद चौहान, अवधेश चौबे, अभिषेक मिश्र,प्रधान संघ के महामंत्री धनंजय तिवारी, अरुण मिश्र, रविंद्र पाण्डेय, मनोज सिंह, राहुल देव वर्मा, अरुण रावत, अमित सिंह, अमरेश कुमार, राहुल शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# तेलंगाना में रहस्यमय हालात में युवक की मौत, गांव पहुंचा शव तो मची चीख पुकार



- चार माह पूर्व रोजी रोटी की तलाश में केरल गया था अभिषेक
- कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मठिया उर्फ अकटहां का मामला

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मठिया उर्फ अकटहां निवासी अभिषेक साहनी (23) पुत्र सुभाष साहनी की तेलंगाना में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह केरल में एक कंपनी में काम करता था और करीब चार माह पहले रोज़गार की तलाश में घर से गया था।

बताया जा रहा है कि केरल से घर लौटते समय रास्ते में तेलंगाना के मंचेरिया रेलवे स्टेशन (हैदराबाद) के पास शनिवार को उसकी अचानक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी के जवानों ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं जीआरपी ने मोबाइल के जरिए परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन एंबुलेंस लेकर तेलंगाना पहुंचे और पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर मंगलवार सुबह गांव पहुंचे। जैसे ही युवक का शव गांव पहुंचा, पूरे गांव में कोहराम मच गया। इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां मालती देवी रो-रोकर बार-बार बेहोश हो जा रही थीं, जिससे माहौल बेहद गमगीन हो गया। बाद में परिजनों व ग्रामीणों की मौजूदगी में छोटी गंडक नदी के मठिया उर्फ अकटहां घाट पर युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## हर्रैया पुलिस ने एक को किया 980 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार



**बस्ती ।** हर्रैया पुलिस ने थाना प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह के नेतृत्व थाना क्षेत्र के मुर्दहवा पुल के पास से समय करीब 01:30 बजे रात्रि चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के ही एक बदमाश को बिना नंबर प्लेट की बुलेट मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से पुलिस ने 980 ग्राम अवैध गाजा बरामद किया।

प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान रात्रि चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर निवासी नितीश साहू उर्फ़ रोहित साहू पुत्र मनोज साहू को को मुर्दा हुआ पुल के पास बिना नंबर प्लेट की प्लेट मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 980 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

# नाम हटाने की नीलामी : कुशीनगर फायरिंग कांड में वायरल ऑडियो से खाकी पर सवाल

- 2.5 लाख से शुरू हुई डील 1.80 लाख में तय होने का दावा
- हिस्ट्रीशीटर और सिपाही की कथित बातचीत से मचा हड़कंप

**अवधनामा ब्यूरो**




**कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बभनौली फायरिंग कांड में एक कथित वायरल ऑडियो के सामने आने से नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित इस ऑडियो में मुकदमे से नाम हटाने के बदले पैसों की सौदेबाजी होने का दावा किया जा रहा है, जिससे पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

बताया जाता है कि 9 नवंबर 2025 को बभनौली निवासी कमलेश पुत्र नथुनी के घर पर शाम करीब साढ़े छह बजे 5 से 7 हमलावर बाइक और चारपहिया वाहनों से पहुंचे थे और घर में घुसकर फायरिंग की थी। घटना से इलाके में दहशत फैल गई थी। मामले में पुलिस ने चार नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। अब इसी प्रकरण से जुड़ा एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ऑडियो में पहले 2.5 लाख रुपये की मांग और बाद में बातचीत के बाद 1 लाख 80 हजार रुपये में सौदा तय होने की बात कही जा रही है। दावा किया जा रहा है कि बातचीत में एक सिपाही नकद रकम लेने और मुकदमे से नाम हटवाने की 'गारंटी' देता हुआ सुनाई दे रहा है। यह बातचीत कथित तौर पर हिस्ट्रीशीटर ऋषि पासवान उर्फ राहुल और सिपाही सत्येंद्र चौबे के बीच की बताई जा रही है।जिस व्यक्ति का नाम हटाने की चर्चा ऑडियो में हो रही है, वह पहले से कई मामलों में नामजद बताया जा रहा है और थाना स्तर पर हिस्ट्रीशीटर भी है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर यह सवाल उठ रहा है कि क्या अब अपराधियों को कानून से नहीं बल्कि 'सेटिंग' के जरिए राहत मिल रही है। वायरल ऑडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर सच्चाई सामने लाने और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### एसपी ने जांच के दिए आदेश

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कथित वायरल ऑडियो का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। पूरे प्रकरण की जांच अपर पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई है। अब सबकी नजर जांच पर टिकी है कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं।

## ट्रेन पर चढ़ते समय फिसल कर युवक की मौत

**अमेठी।** वाराणसी लखनऊ रेल मार्ग पर स्थित निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह ट्रेन में चढ़ते समय फिसल कर एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार की पिछूती कोट गांव निवासी शिवम सिंह उम्र 27 वर्ष अपनी भाभी और उसके दो जुड़वा बच्चों को लेकर इलाज करने के लिए लखनऊ जा रहे थे। सुबह 5 बजे सुल्तानपुर से मुंबई जाने वाली लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर पहुंची। शिवम दोनों बच्चों को ट्रेन पर चढ़ाने के बाद अपनी भाभी को ट्रेन पर चढ़ाने लगे इसी दौरान उनका पैर फिसल गया। ट्रेन के पावदान और प्लेटफार्म के बीच गिरकर शिवम गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद आरपीएफ जवानों ने उन्हें निकाल कर ट्रामा सेंटर जगदीशपुर पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर पाकर गांव और परिवार में कोहराम मच गया।शिवम के पिता राम मनोरथ सिंह और मां दुर्गावती का रो रोकर बुरा हाल है।इनका भाई सत्यम सिंह सूरत में रहकर नौकरी करता है। बताया जा रहा है कि 28 अप्रैल को उनकी बहन की गोद भराई का कार्यक्रम निर्धारित था।

## आदर्श स्मृति दिवस समारोह आज

**अमेठी।** वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद पांडेय आदर्श की पुण्यतिथि पर एक अप्रैल को आदर्श स्मृति समारोह का आयोजन भारत सेवा संस्थान के तत्वावधान में किया आ गया है।संस्थान के अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय अभय ने बताया कि 1 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ और शाम 5 बजे से भजन संध्या लोकगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। तत्पश्चात शाम 7 बजे से महाप्रसाद का कार्यक्रम आयोजित है। उन्होंने बताया कि समस्त कार्यक्रम आदर्श बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्रपुरम अगहर में आयोजित किया जा रहे हैं।कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## पीड़ित परिवार ने लगायी जानमाल के रक्षा की गुहार

**बस्ती।** रूधौली थाना क्षेत्र के मल्हवार निवासिनी मरियम पत्नी सलमान अहमद ने दबंगों द्वारा मारने पीटने, मुकदमा दर्ज होने के बाद लगातार धमकियां देने के मामले में दोषियों की गिरफ्तारी और अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार उच्चाधिकारियों से लगाया है।मरियम पत्नी सलमान अहमद ने रूधौली थाने को दिये तहरीर में कहा है कि गत 28 मार्च को उसके घर पर किराना की दूकान है दूकान पर उसकी माँ मजीबुन्निशा पत्नी अजीर्जुरहमान बैठी थी इसी समय ईस्लाम आ गये तो उसकी मां ने कहा कि भाई आप के खेत में काफी सरसो पैदा हुआ है यही सब बात हो रही थी तभी हमीदुल्लाह पुत्र अब्दुलाह व वसीउल्लाह पुत्र अब्दुलाह व तसरिफून पुत्री अब्दुलाह व सबाना पुत्री हमीदुल्लाह आदि लोगो ने अचानक ईट पत्थर व लाठी डंडा से मारने लगे जिसे बचाने उनकी बहन जबेरिया दौड कर गयी साथ में वह भी गयी परन्तु इन लोगो ने मारा पीटा मारा पीटा जिससे काफी चोट आयी है। उसकी मां का सर फट गया काफी खून बह गया है।

## हाटा क्षेत्र में दो संपर्क मार्गों के निर्माण को मिली स्वीकृति

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण विकास कार्य को स्वीकृति मिल गई है। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा क्षेत्र के दो बहुप्रतीक्षित संपर्क मार्गों के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होने के साथ ही किसानों, छात्रों और आमजन को बड़ी सुविधा मिलेगी। स्वीकृत परियोजना के अंतर्गत देवरिया जनपद में ग्राम मिश्रोली रोड से रामनगर सिवान तक 1.20 किमी लंबी सड़क का निर्माण लगभग 74.75 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त हरिजन बस्ती गौनर से देवरिया देहात तक 0.80 किमी सड़क का निर्माण लगभग 38.25 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा।



इन संपर्क मार्गों के बनने से क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के बीच आवाजाही आसान होगी तथा कृषि उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में किसानों को सुविधा मिलेगी। साथ ही छात्रों के विद्यालय व महाविद्यालय आने-जाने तथा आमजन के दैनिक आवागमन में भी सहूलियत होगी। इस विकास कार्य के लिए हाटा विधायक मोहन वर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंडी समिति मंत्री विनेश प्रताप सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# पोर्टल पी-आईएसवीएमपी एक अप्रैल से लाइव हो जाएगा : संभागीय परिवहन अधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** संभागीय परिवहन अधिकारी फरीदुद्दीन ने बताया कि स्कूली छात्र-छात्राओं का सुरक्षित परिवहन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उत्तर प्रदेश मोटरयान (26वां संशोधन) नियमावली, 2019 में विद्यालय प्राधिकारी द्वारा अपनी अध्यक्षता में नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष, बेसिक/माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा अभिभावकों के प्रतिनिधियों को सम्मिलित करते हुए विद्यालय स्तर पर विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन करके उसकी बैठक जुलाई, अक्टूबर तथा जनवरी, अप्रैल माह में अनिवार्य रूप से कराये जाने के प्राविधान किये गये हैं। इस समिति का दायित्व है कि विद्यालय से सम्बद्ध वाहनों के समस्त दस्तावेज यथा पंजीयन प्रमाण पत्र, स्वस्थता प्रमाण पत्र, परमिट, प्रदूषण प्रमाण पत्र तथा चालन अनुज्ञप्ति का परीक्षण करेगी। इस समिति का यह भी दायित्व है कि स्कूल के प्रत्येक ड्राईवर का पुलिस सत्यापन कराये तथा वर्ष में एक बार चालक स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कराये। विद्यालय/ समिति स्तर पर जिला विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति अथवा राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करेगी।

उन्होंने समस्त विद्यालय संचालकों को निर्देशित किया है कि सर्वोच्च प्राथमिकता पर स्वयं सक्रिय होकर, अपने विद्यालय में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन कर लें और गठित समिति की नियमित बैठक सुनिश्चित करें ताकि स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन का पर्यवेक्षण हर स्तर से सुनिश्चित किया जा सके। समस्त विद्यालय संचालक यह भी सुनिश्चित करें कि उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली, 1998 में स्कूली वाहनों के लिए निर्धारित सुरक्षा मानक पूर्ण किए जाने के संबंध में वे अपने स्तर से भी भली भांति जांच कर लें और यदि कोई दोष अथवा कमी परिलक्षित हो रही हो तो उसको तत्काल ठीक करा लें। विद्यालय वाहन हेतु निर्धारित मानकों की प्रति संलग्न है। भविष्य में स्कूल वाहनों से दुर्घटनाएं घटित ना हों, यह सुनिश्चित करने के लिए दिनांक 01 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 के बीच प्रदेश के समस्त जनपदों में स्कूली वाहनों की सुरक्षा मानकों की जांच हेतु एक विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। यदि इस अभियान में जांच के दौरान कोई स्कूली वाहन निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाया जाता है तो वाहन के पंजीयन निलंबन से लेकर विद्यालय की मान्यता निरस्त किए जाने व अन्य आवश्यक कानूनी कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।

## बाजारों में घटतौली और मिलावट पर नहीं लग पा रहा अंकुश

**अमेठी।** जिले की विभिन्न बाजारों में घटतौली और मिलावट को लेकर लोग क्षुब्ध हैं जिस पर संबंधित विभाग अंकुश लगाने में फेल नजर आ रहा है।स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग की लचर कार्यप्रणाली के कारण इन दिनों महंगाई के इस दौर में बाजारों में जहां मिलावट खोर सक्रिय हैं वहीं घटतौली भी खूब हो रही है। जिस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।नगर और ग्रामीण अंचल की बाजारों में मिलावटी खाद्यान्न वस्तुओं और खाद्य तेल की बिक्री जमकर की जा रही है। जिसका लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय प्रशासन की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण इस समय बाजार व्यवस्था चरमरा गई है।दुकानदार मनमाने दाम पर मिलावटी सामानों की बिक्री कर रहे हैं।संबंधित विभाग और प्रशासन की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण बाजारों में मिलावट का धंधा तेजी से चल रहा है। खाद्य वस्तुओं में मिलावट होने से लोग स्वास्थ्य के प्रति चिंतित नजर आ रहे हैं यहां तक कि खाद्य तेल चीनी और गुड़ में भी मिलावट की जा रही है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर कल निकलेगी शोभायात्रा, होगा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

- सुबह 10 बजे से नगर भ्रमण में शामिल होंगे हजारों श्रद्धालु

**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत बरवा राजापाकड़ के हनुमान सरोवर के बीच में स्थित हनुमान मंदिर में आगामी गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह धूमधाम व श्रद्धा के साथ आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं व श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

?आयोजन समिति के डा. अखिलेश गुप्ता ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 10 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाल नगर भ्रमण किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। दोपहर 2 बजे से 108 बार सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु एक साथ बैठकर भक्ति में लीन वातावरण में भाग लेंगे। सायं 4 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा।



### पगरा प्रसाद गिरी में भी मनेगा हनुमान जन्मोत्सव

**सेवरही, कुशीनगर।** तमकुही विकास खंड के ग्राम सभा पगरा प्रसाद गिरी में भी आगामी गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। आयोजन समिति की बैठक में तैयारियों का जायजा लिया गया। बैठक में बताया गया कि प्रातः 11 बजे पूजन व हनुमान चालीसा के पाठ के पश्चात दोपहर 12 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो गोपलापट्टी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर तक जाएगी। वापस आने पर प्रसाद वितरण होगा। आयोजकों ने भक्तों से समय से पहुंचकर पूजन, शोभायात्रा व प्रसाद ग्रहण में भाग लेने का आग्रह किया है।

# बीबीडी में सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य समापन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट-तीन के हेड तुषार वर्मा के संयोजन में पूर्व माध्यमिक विद्यालय, सेमरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन अलका दास गुप्ता, प्रेसिडेंट विराज सागर दास और वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास गुप्ता के संरक्षण में संपन्न हुआ। सात दिनों तक चले इस शिविर में स्वयंसेवकों ने सामाजिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य संबंधी कई महत्वपूर्ण कार्य किए। शिविर की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ भूपेन्द्र प्रांत प्रमुख, युवा राष्ट्र के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुआ।स्वास्थ्य एवं स्वच्छताः शिविर के दौरान 'स्वच्छ भारत रैली', तंबाकू निषेध अभियान और विशेष 'निःशुल्क डेंटल चेकअप कैंप' का आयोजन किया गया। कौशल विकास, बच्चों के लिए क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी जैसी खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ नृत्य, गायन और चित्रकला के माध्यम से उनकी रचनात्मकता को निखारा गया। स्वयंसेवकों ने आयोजित भव्य भंडारे में भारी संख्या में ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने प्रसाद ग्रहण किया। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के युवा अधिकारी राजेश तिवारी एवं सह प्रचार प्रमुख, सुमित की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने स्वयंसेवकों के समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में निरंतर योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एसके श्रीवास्तव, प्रो-वाइस चांसलर डॉ एससी शर्मा, और डीएसडब्ल्यू डॉ. एसएमके रिज़वी ने इस पहल को सराहा। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ प्रभाष चंद्र पाठक और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार सिंह के मार्गदर्शन में यह सात दिवसीय यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यूनिट हेड तुषार वर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने अनुशासन और टीम वर्क की नई मिसाल पेश की।

# गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** सीताकुंड घाट पर गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एक व्यापक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अभिनंदन प्रताप सिंह, जिला परियोजना अधिकारी, डी जी सी, सुल्तानपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख बिंदुओं में स्वच्छता जागरूकता रैली, श्रमदान (सफाई अभियान) तथा गंगा स्वच्छता शपथ शामिल रहे। इस दौरान उपस्थित जनसमूह एवं छात्र-छात्राओं को गंगा नदी की स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया तथा स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराया गया कार्यक्रम में विशेष रूप से सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर पल्लवी पांडे की सहभागिता रही, जिन्होंने उपस्थित छात्राओं के बीच डस्टबिन का वितरण कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों एवं वन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा गंगा संरक्षण के लिए सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

# अवैध गोमांस कारोबार का खुलासा, इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**सुलतानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में चर्चित इंस्पेक्टर राम आशीष उपाध्याय के संरक्षण में महीनों से अवैध गोमांस का कारोबार चल रहा था। शनिवार रात्रि हिंदू संगठनों ने थाना क्षेत्र के राजापुर में इस अवैध धंधे को पकड़ लिया।

मौके से कुंतल भर गोमांस, चापड़, तराजू व एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया। वहीं, अवैध धंधे से जुड़े दो आरोपियों को हिंदू संगठन के लोगों ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस को बुलाकर उनके हवाले कर दिया। हिंदू संगठन के पदाधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया, लेकिन अभियोग पंजीकृत करने में पुलिस द्वारा खेल किए जाने का आरोप है। कोर्ट ने आठ आरोपियों की रिमांड को खारिज कर दिया था। कोर्ट से छूटने के बाद गोमांस तस्करों ने संगठन के लोगों को धमकी दी। इसके बाद हिंदू संगठन ने पुलिस कप्तान चारू निगम से शिकायत की।

# रेलवे अंडरपास निर्माण के विरोध में ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**कूरेभार/सुलतानपुर।** ग्राम सभा दखिनवारा पोस्ट कूरेभार, जनपद सुलतानपुर के ग्रामीणों ने रेलवे क्रॉसिंग संख्या 23 सी/ई-2 पर प्रस्तावित अंडरपास निर्माण के विरोध में संयुक्त रूप से माननीय विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री विनोद सिंह को प्रार्थना पत्र सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रस्तावित अंडरपास निर्माण से गांव में जलभराव की समस्या बढ़ सकती है, जिससे दैनिक आवागमन प्रभावित होगा। साथ ही कई घरों के मुख्य मार्ग अवरुद्ध होने की भी आशंका जताई गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अंडरपास का निर्माण वर्तमान स्थान पर किया जाता है, तो गांव के लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस अवसर पर रवि सिंह, कुलदीप सिंह और संदीप तिवारी के नेतृत्व में समस्त ग्रामवासियों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को विधायक के समक्ष रखा। उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की मांग की। विधायक विनोद सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया कि वे इस विषय में माननीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराएंगे तथा जनहित में उचित कार्यवाही सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगे।

## फिरोजाबाद को मिला नया कप्तान, आदित्य लांग्हे संभालेंगे कमान

**फिरोजाबाद** पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक बदलाव हुआ है। जिले की कमान अब 2016 बैच के तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी आदित्य लांग्हे संभालेंगे। उनकी तैनाती को लेकर शासन स्तर से आदेश जारी होने के बाद पूरे जिले में हलचल तेज हो गई है। जम्मू-कश्मीर के मूल निवासी आदित्य लांग्हे अपनी सख्त कार्यशैली और अनुशासन के लिए जाने जाते हैं।



कानून-व्यवस्था को लेकर उनका ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत माना जाता है, जिससे फिरोजाबाद में अपराध पर लगाम कसने की उम्मीद और बढ़ गई है। खास बात यह भी है कि उनकी धर्मपत्नी प्रतिभा सिंह, जो 2020 बैच की आईएएस अधिकारी हैं, वर्तमान में आगरा जिले में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर तैनात हैं। प्रशासनिक अनुभव और सख्त छवि वाले इस दंपति को लेकर चर्चाओं का बाजार भी गर्म है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि नए एसपी आदित्य लांग्हे जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर क्या बड़े कदम उठाते हैं और किस तरह से अपराधियों पर शिकंजा कसते हैं।

# मरौली खंड संख्या-4 की मौरंग खदान पर फिर उठे सवाल

अवधनामा संवाददाता



- पूर्व संचालक ने खनन को बताया अवैध
- पूर्व संचालक विजयपाल प्रजापति बोले– मामला अभी माननीय न्यायालय में विचाराधीन, तत्काल रोक लगे

**बाँदा।** जनपद की चर्चित मरौली खंड संख्या-4 मौरंग खदान एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गई है। खंड के पूर्व संचालक विजयपाल प्रजापति ने खनिज विभाग और जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि उक्त खदान पर वर्तमान में किया जा रहा संचालन नियमों के विपरीत है और इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जानी चाहिए। पूर्व संचालक विजयपाल प्रजापति का कहना है कि मरौली खंड संख्या-4 उन्हें पांच वर्ष की अवधि के लिए आवंटित किया गया था। उनके अनुसार, उन्होंने पूर्व में तत्कालीन जिलाधिकारियों से खंड संचालन की लिखित अनुमति भी मांगी थी, लेकिन किन्हीं कारणों से उन्हें खदान संचालन की अनुमति नहीं दी गई। विजयपाल का आरोप है कि जनवरी माह तक खंड उनके नाम पर प्रभावी था, इसके बावजूद अब इस खदान का आवंटन अगस्त्या एग्रो लिमिटेड के डायरेक्टर मालामति मुरली के नाम कर दिया गया, जिसे उन्होंने गैरकानूनी बताया है। उनका कहना है कि इस पूरे प्रकरण को लेकर उन्होंने एक बार फिर हाईकोर्ट की शरण ली है और मामला वर्तमान में माननीय न्यायालय में विचाराधीन है।

पूर्व संचालक ने यह भी आरोप लगाया कि जब तक न्यायालय में मामले का अंतिम निस्तारण नहीं हो जाता, तब तक खंड पर किसी भी प्रकार का खनन कार्य कराया जाना विवाद को और गंभीर बना सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि न्यायिक स्थिति स्पष्ट होने तक खनन कार्य तत्काल बंद कराया जाए।

इस प्रकरण के सामने आने के बाद मरौली खंड संख्या-4 को लेकर क्षेत्र में एक बार फिर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। स्थानीय स्तर पर भी यह सवाल उठने लगे हैं कि जब मामला न्यायालय में लंबित है, तो आखिर खनन अधिकार किसके पास वैध रूप से है और किस आधार पर संचालन की अनुमति दी गई है।

अब सबकी निगाहें जिला प्रशासन, खनिज विभाग और माननीय न्यायालय की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट हो सकेगा कि मरौली खंड संख्या-4 पर वास्तविक और वैध अधिकार किसका है।

# होम मैपिंग एवं हाउस लिस्टिंग का कराया अभ्यास

- अधिकारी जनगणना कार्य में पूर्ण सावधानी एवं जिम्मेदारी बरतें: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में जनपद के सभी प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों की आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार सिविल लाइन फिरोजाबाद में आहूत की गई जिसमें डिजिटल जनगणना 2027 के त्रुटिहीन डाटा को जनगणना मोबाइल ऐप भ्स्व् पर कार्य करने की पद्धति के लिए सभी उपजिलाधिकारी , तहसीलदार ,नगर निगम फिरोजाबाद के अधिकारीगण सभी नगर पंचायत के अधिकारी एवं निदेशालय लखनऊ से नियुक्त नोडल अजीत सिंह



एवं शनि कुमार राय के द्वारा डिजिटल जनगणना से सम्बंधित पहलुओं से अवगत कराया गया अपर जिला अधिकारी फिरोजाबाद के द्वारा अवगत कराया गया कि इस बार की जनगणना पूर्ण रूप डिजिटल है कोई भी व्यक्ति अपनी गणना स्वयं के मोबाइल से कर सकता है, होम मैपिंग एवं हाउस लिस्टिंग किस प्रकार किया जाना है जिसका अभ्यास कराया गया। अपर जिला अधिकारी ने कहा कि आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जाना है। जनगणना महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है। जिसके माध्यम से देश की जनसंख्या,सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े जो 33 बिंदुओं पर एकत्र किए जाने है। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों का निर्माण किया जाना है। ये सभी प्रश्न प्रगणकों को उत्तरदाताओं से पूछकर ही भ्स्व् मोबाइल ऐप पर अपलोड किए जाने है। अधिकारियों को अवगत कराया गया कि जनगणना कार्य में पूर्ण सावधानी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाना है। जिससे किसी प्रकार की त्रुटि न हो। जनगणना के दौरान पूँछे जाने वाले विविध प्रकार के 33 प्रश्नों के सम्बन्ध में गहनता एवं विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

# शाहजहांपुर में दिव्यांग फर्जी सर्टिफिकेट का पकड़ में आया मामला

- सीडीओ की जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



> शिकायत के आधार पर जांच में 14 फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र पाए गए हैं जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई है आगे की कार्रवाई जिला अधिकारी द्वारा की जाएगी
>
> 
>
> **डा. अपराजिता सिंह मुख्य विकास अधिकारी शाहजहांपुर**
>
> सीएमओ कार्यालय में हुए फर्जीवाड़े में सीएमओ को आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज कराने व रिकवरी के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी
>
> 
>
> **धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी शाहजहांपुर।**

**शाहजहांपुर।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग का मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय घोटाले पर घोटाले के बाद अब एक फर्जीवाड़ा के मामले में फसता नजर आ रहा है वर्ष 2025 में 100 करोड़ घोटाले की डीएम द्वारा पुष्टि होने के बाद जांच आज भी शासन स्तर पर अटकी पड़ी है , मार्च 2026 में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के नाम पर रिटायर कर्मचारियों को भेजी गई 2-2 लाख रुपए की धनराशि के नाम पर 30 लाख से ऊपर का घोटाला और अब बहरेपन के फर्जी सर्टिफिकेट के नाम पर फिर एक बार घोटाला, भले ही इसे घोटाला ना कहें लेकिन एक बहुत बड़ी चूक है बहरेपन के फर्जी सर्टिफिकेट के सहारे किसी ने जनपद में आवास प्राप्त कर लिया तो कोई विकलांग पेंशन प्राप्त कर रहा है और जब इसकी भनक जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को लगी तो उन्होंने इसकी जांच मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह को सौंपी तो जांच में पूरा मामला खुलकर सामने आया और जब मुख्य विकास अधिकारी ने इन फर्जी प्रमाण पत्र धारकों को अपने ऑफिस बुलाया और उनसे सामान्य बातचीत की तो मुख्य विकास अधिकारी की धीमी आवाज भी फर्जी सर्टिफिकेट धारकों ने सुन ली और इसके बाद 14 बहरेपन के फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट पकड़ में आ गए जिनमें कई फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे पेंशन ले रहे थे तो कई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ले लिया था एक दिव्यांग प्रमाण पत्र ऐसा भी था जिसकी नाखून के पास जरा सी उंगली कटी थी और स्वास्थ्य विभाग ने उसका 40 परसेंट से ऊपर का सर्टिफिकेट बना दिया अब इन सभी पर प्राथमिकी दर्ज होने के साथ ही कानूनी शिकंजा कसेगा। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सीडीओ को जांच सौंपी तो उन सभी 14 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं जिनके प्रमाण पत्र फर्जी होने की शिकायत की गई थी। मुख्य विकास अधिकारी ने जांच में सभी 14 प्रमाण पत्र फर्जी पाए हैं, जिसकी रिपोर्ट डीएम को भेजी तो उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं उधर दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी संजय कुमार इन फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के सहारे पेंशन प्राप्त कर रहे लोगों पर रिकवरी की कार्रवाई करने की बात कर रहे हैं उन्होंने बताया कि सभी की पेंशन निरस्त कर रिकवरी की जाएगी परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण अवधेश राम ने बताया कि विजयवीर व शिव प्रताप ने फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के सहारे प्रधानमंत्री आवास ले लिए थे, जिन्हें निरस्त किया जाएगा। सवाल उठ रहे हैं जिले में ऐसे कितने फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं और उनमें क्या कोई सरकारी नौकरी भी इन्हीं फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के सहारे कर रहा है यह जांच का विषय है।

## मिशन सशकितकरण अभियान चलाया

**टूंडला।** शिवपुरी कॉलोनी थाना टूंडला में मिशन शक्ति फेज 5 के द्वितीय चरण के तहत युवक युवतियों में प्रेम प्रसंग के अंतर्गत घर से चले जाने के मामलों की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम व उससे होने वाले दुष्परिणामो के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार ने बताया कि अभियान के तहत महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए जा रहे हैं, ताकि वे विपरीत परिस्थितियों में अपनी रक्षा कर सकें। इसके अतिरिक्त, पुलिस का एंटी रोमियो स्क्वॉड भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है, जिसका उद्देश्य छेड़छाड़ जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाना है। प्रशासन के अनुसार, मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा का विश्वास पैदा करना और उन्हें आत्म निर्भर बनाना है। इस अभियान के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं, जिससे महिलाओं में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ा है।

# मुठभेड़ में शातिर लुटेरा गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर लुटेरे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना टूंडला क्षेत्रान्तर्गत एनएच-19 स्थित पारस कोल्ड स्टोर के पास बाइक सवार 2 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी के पुत्र के हाथ से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गये थे। पीड़ित ने थाना टूंडला में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस द्वारा अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। शुक्रवार रात्रि मुखबिर की सूचना पर थाना टूंडला पुलिस द्वारा बन्ना रोड, एफएच मेडिकल कॉलेज के पास चौकिंग की गई, इसी दौरान सामने से एक बाइक आती हुई दिखाई दी। जिसपर एक व्यक्ति सवार था जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। तो उक्त बाइक सवार संदिग्ध व्यक्ति बाइक को वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा तभी हड़ बड़ा हट में बाइक फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर गोली लग गयी। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। घायल अभियुक्त की पहचान जाहिद उर्फ डीपर पुत्र शराफत अली निवासी जाटवपुरी थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई है। जिसने 11 मार्च को घटित मोबाइल लूट की घटना को स्वीकार किया तथा अपने अन्य साथी अस्लम पुत्र अशरफ निवासी बीपीएल ग्राउंड के पास थाना रामगढ़ फिरोजाबाद का नाम प्रकाश में लाया गया है। जिसकी गिरफ्तारी हेतु टूंडला पुलिस टीम द्वारा तलाश की जा रही है। अभियुक्त के कब्जे से 1अवैध तमंचा 1 खोखा कारतूस 1 जिंदा कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त 1 अपाचे बाइक बरामद हुई है। थाना टूंडला प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शातिर अभियुक्त के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में डेढ़ दर्जन मुकदमे पंजीकृत है।


## यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**04209/04210 वाराणसी – दिल्ली जं. – वाराणसी आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में तीन दिन) — 76 फेरे**

| गाड़ी सं. 04209 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04210 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:15 | वाराणसी | 09:50 | ---- |
| 13:30 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 19:25 |

चलने के दिन: 04209 वाराणसी से प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को दिनांक 15.04.2026 से 20.05.2026 एवं 27.05.2026 से 15.07.2026 तक और 04210 दिल्ली जं. से प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को दिनांक 16.04.2026 से 21.05.2026 एवं 28.05.2026 से 16.07.2026 तक।
ठहराव: माँ बेल्हा देवी धाम, रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, रामपुर, मुरादाबाद, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04203/04204 लखनऊ – नई दिल्ली – लखनऊ आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| गाड़ी सं. 04203 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04204 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 08:05 | लखनऊ | 06:35 | ---- |
| 18:30 | ---- | नई दिल्ली | ---- | 20:20 |

चलने के दिन: 04203 लखनऊ से और 04204 नई दिल्ली से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 20.04.2026 से 13.07.2026 तक।
ठहराव: बालामऊ जं., शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, अमरोहा, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04213/04214 अयोध्या छावनी – आनंद विहार (ट.) – अयोध्या छावनी आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (द्वि-साप्ताहिक) — 48 फेरे**

| गाड़ी सं. 04213 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04214 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18:20 | अयोध्या छावनी | 22:00 | ---- |
| 00:48 | 00:50 | बरेली जं. | 13:03 | 13:05 |
| 06:00 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 09:00 |

चलने के दिन: 04213 अयोध्या छावनी से प्रत्येक रविवार व गुरुवार को दिनांक 16.04.2026 से 17.05.2026 एवं 28.05.2026 से 12.07.2026 तक और 04214 आनंद विहार (ट.) से प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को दिनांक 17.04.2026 से 18.05.2026 एवं 29.05.2026 से 13.07.2026 तक।
ठहराव: बाराबंकी, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04010/04009 दिल्ली जं. – सीतामढ़ी – दिल्ली जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| गाड़ी सं. 04010 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04009 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:05 | दिल्ली जं. | 23:10 | ---- |
| 23:30 | ---- | सीतामढ़ी | ---- | 01:00 |

चलने के दिन: 04010 दिल्ली जं. से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 16.04.2026 से 09.07.2026 तक एवं 04009 सीतामढ़ी से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 17.04.2026 से 10.07.2026 तक।
ठहराव: गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04052/04051 नई दिल्ली – हावड़ा जं. – नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 24 फेरे**

| गाड़ी सं. 04052 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04051 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18:15 | नई दिल्ली | 08:20 | ---- |
| 23:40 | ---- | हावड़ा जं. | ---- | 01:40 |

चलने के दिन: 04052 नई दिल्ली से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 17.04.2026 से 15.05.2026 एवं 29.05.2026 से 10.07.2026 तक और 04051 हावड़ा जं. से प्रत्येक रविवार को दिनांक 19.04.2026 से 17.05.2026 एवं 31.05.2026 से 12.07.2026 तक।
ठहराव: गाजियाबाद, अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्धमान एवं बैण्डेल स्टेशन।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**04062/04061 दिल्ली जं. – भागलपुर – दिल्ली जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| गाड़ी सं. 04062 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04061 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:45 | दिल्ली जं. | 20:10 | ---- |
| 13:30 | ---- | भागलपुर | ---- | 16:30 |

चलने के दिन: 04062 दिल्ली जं. से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 21.04.2026 से 14.07.2026 तक और 04061 भागलपुर से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 22.04.2026 से 15.07.2026 तक।
ठहराव: अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, रफीगंज, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिसलीगंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुल्तानगंज स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**02275/02276 सूबेदारगंज – शकूरबस्ती – सूबेदारगंज विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (द्वि-साप्ताहिक) — 16 फेरे**

| गाड़ी सं. 02275 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02276 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:35 | सूबेदारगंज | 04:00 | ---- |
| 10:15 | ---- | शकूरबस्ती | ---- | 13:00 |

चलने के दिन: 02275 सूबेदारगंज से प्रत्येक रविवार व मंगलवार को दिनांक 05.04.2026 से 28.04.2026 तक और 02276 शकूरबस्ती से प्रत्येक सोमवार व बुधवार को दिनांक 06.04.2026 से 29.04.2026 तक।
ठहराव: फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, अलीगढ़, गाजियाबाद एवं दिल्ली जं. स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**08743/08744 दुर्ग – हरिद्वार जं. – दुर्ग विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 22 फेरे**

| गाड़ी सं. 08743 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 08744 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:00 | दुर्ग | 03:00 | ---- |
| 17:30 | ---- | हरिद्वार जं. | ---- | 18:55 |

चलने के दिन: 08743 दुर्ग से प्रत्येक रविवार को दिनांक 19.04.2026 से 28.06.2026 तक एवं 08744 हरिद्वार जं. से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 20.04.2026 से 29.06.2026 तक।
ठहराव: रायपुर जं., भाटापारा, उस्लापुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ग्वालियर जं., धौलपुर, आगरा छावनी, मथुरा जं., कोसी कलाँ, हज़रत निज़ामुद्दीन, मेरठ सिटी एवं रूड़की स्टेशन।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04652/04651 अमृतसर – जयनगर – अमृतसर हमसफ़र विशेष एक्सप्रेस रेल सेवा की परिचालन अवधि में विस्तार**

| रेलगाड़ी सं. | से | तक | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की प्रस्तावित अवधि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|
| 04652 | अमृतसर | जयनगर | 29.03.26 तक | 01.04.26 से 15.07.26 | 46 |
| 04651 | जयनगर | अमृतसर | 31.03.26 तक | 03.04.26 से 17.07.26 | 46 |

**रेलगाड़ी सं. 05736/05735 कटिहार – अमृतसर – कटिहार विशेष एक्सप्रेस रेल सेवा की परिचालन अवधि में विस्तार**

| रेलगाड़ी सं. | से | तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की प्रस्तावित अवधि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05736 | कटिहार | अमृतसर | बुधवार | 25.03.26 तक | 01.04.26 से 27.05.26 | 09 |
| 05735 | अमृतसर | कटिहार | शुक्रवार | 27.03.26 तक | 03.04.26 से 29.05.26 | 09 |

**रेलगाड़ी सं. 05736/05735 कटिहार – अमृतसर – कटिहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी का निम्नलिखित स्टेशनों पर संशोधित समय-सारणी**

| गाड़ी सं. 05736 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05735 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:00 | कटिहार | 23:45 | ---- |
| 22:07 | 22:09 | शाहजहाँपुर | 00:19 | 00:21 |
| 23:05 | 23:10 | बरेली | 23:07 | 23:09 |
| 00:25 | 00:33 | मुरादाबाद | 21:45 | 21:50 |
| 02:08 | 02:10 | लक्सर जं. | 20:08 | 20:10 |
| 02:30 | 02:32 | रुड़की | 19:43 | 19:45 |
| 04:00 | 04:05 | सहारनपुर जं. | 19:00 | 19:08 |
| 09:45 | ---- | अमृतसर | ---- | 13:25 |

नोट: अन्य सभी विवरण यथावत रहेंगे।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# इक़बाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव व परीक्षा फल वितरण समारोह

**इस वर्ष की स्टूडेंट ऑफ द ईयर का ख़िताब कक्षा 7 की अनमता को दिया गया**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** शहर के साबित गंज स्थित इक़बाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। इस ख़ास मौके पर विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की घोषणा की गई। नर्सरी की अनाबिया निसार (89 प्रतिशत), K.G. I: अराविया (97 प्रतिशत) K.G. II: आहिल दिलशाद (85 प्रतिशत) कक्षा 1:मेहर (85 प्रतिशत) कक्षा 2:हुसैन अहमद (91 प्रतिशत) कक्षा 3:असमारा (88 प्रतिशत) कक्षा 4:खुश्बू (76 प्रतिशत) कक्षा 5:लारेब (90 प्रतिशत) कक्षा 6:हिलाल अहमद (91 प्रतिशत) कक्षा 7: अनमता (93 प्रतिशत) कक्षा 8: ज़ोया फ़ातिमा (86 प्रतिशत) रही।

इस वर्ष की स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब अनमता (कक्षा 7) को दिया गया, साथ ही स्कूल के चर्तुथ श्रेणी कर्मचारियों अली हसन, फरजाना और शाहबेज़ को भी उनके सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। स्कूल प्रबंधन कमेटी फिरदौस फ़ातिमा, शाहिद खान, नौमान अहमद खां, जरीन और अलीजा फ़ातिमा के द्वारा विद्यालय के समस्त शिक्षण स्टाफ सबीहा नाज़, शहाना परवीन, सलविया, नाज़िश शकील, रूबीना अख्तर, अर्शी नाज़, शहनाज बानो, निशात, अवीज़ा और मोहम्मद नईम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक मोहम्मद फ़ैसल खां ने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की। इस मौके पर बच्चों के माता-पिता, अभिभावक और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डीपीएस एवं विजकिड्ज़ की शानदार ग्रेजुएशन सेरेमनी

वहाज अली निहाल

**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के नवीन सत्र के शुभारंभ अवसर पर सैकड़ों लिटिल चैंप्स की ग्रेजुएशन सेरेमनी का शुभारंभ बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि रहे चेयरमैन डीपीएस डॉ. विवेक यादव विशिष्ट अतिथि रहे चेयरमैन मदन हॉस्पिटल डॉ.विकास यादव, वाइस चेयरमैन डॉ.प्रीति यादव, डॉ.अमिता यादव एवं प्रिंसिपल डीपीएस भावना सिंह द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रिंसिपल भावना सिंह ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों व अभिभावकों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया। डॉ.विवेक यादव ने सभी लिटिल चैंप्स को मंच से आशीर्वाद देकर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, आप सभी बच्चों के अभिभावकों का हमारी संस्था पर अटूट विश्वास ही डीपीएस की असली पहचान भी है, इसीलिए डीपीएस इटावा आपके बच्चों को खेल और विज्ञान की सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ साथ जनपद में सर्वश्रेष्ठ शिक्षा भी उपलब्ध करा रहा है। कार्यक्रम के शुभारंभ में विशेष रूप से मिडिल ईस्ट में चल रहे मिसाइल युद्ध में जान गंवाने वाले बच्चों को अपनी श्रद्धांजलि देते हुए डीपीएस के सभी शिक्षकों और छोटे बच्चों ने मंच से पीस मार्च करते हुए अपने हाथों में प्ले कार्ड्स के साथ और अभिभावकों ने मोबाइल टॉर्च को जलाकर मंच से वी आर द वर्ल्ड, वी आर द चिल्ड्रन सॉन्ग के साथ दुनियां में युद्ध रोकने की मार्मिक अपील भी की। अगले क्रम में डीपीएस के यूकेजी, एलकेजी, प्री प्राइमरी, प्राइमरी सहित विजकिड्ज़ स्कूल के नर्सरी प्री नर्सरी के भी सैकड़ों बच्चों ने मंच से शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। रंग बिरंगी पोशाकों में सजे लिटिल चैंप्स ने कई मधुर गीतों पर अपना शानदार समूह नृत्य प्रस्तुत कर अभिभावकों की खूब तालियां बटोरी। सभी अतिथियों ने बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ मंच पर ही आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर आशीर्वाद दिया। ग्रेजुएशन सेरेमनी समारोह में विभिन्न रंगारंग प्रस्तुति के क्रम में शिक्षिका सोनल सिंह सेंगर के निर्देशन में सर्वप्रथम यूकेजी डेफोडिल ग्रुप के



बच्चों ने देवा श्री गणेशा सॉन्ग पर धमाकेदार प्रस्तुति दी। शिक्षिका ऋतु वर्मा के निर्देशन में यूकेजी ट्यूलिप विजकिड बलराम सिंह ब्रांच के नर्सरी के बच्चों ने ग्रुप ने ग्रेजुएशन वॉक सम्पन्न की। विजकिड प्री नर्सरी बलराम सिंह ब्रांच के बच्चों ने अमिताभ बच्चन के मिक्स गानों पर बेहतरीन प्रस्तुति दी। इसी क्रम में एलकेजी ट्यूलिप ग्रुप ने कश्मीरी गाने बूमरो बूमरो पर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। यूकेजी लोटस ग्रुप ने ऋचा अग्निहोत्री के निर्देशन में देशभक्ति के सॉन्ग पर आकर्षक प्रस्तुति दी। अगले क्रम में अमीषा जादौन के निर्देशन में यूकेजी रोज ग्रुप के बच्चों ने ग्रेजुएशन वॉक सम्पन्न की। ऋतु वर्मा के निर्देशन में यूकेजी ट्यूलिप ग्रुप ने रेट्रो सॉन्ग पर मनमोहक प्रस्तुति देकर तालियां बटोरी। अगले क्रम में विजिकिड फ्रेंड्स कॉलोनी के बच्चों ने जिंदगी एक सफर है सुहाना गाने पर खूब मस्ती करते हुए अपनी धमाकेदार प्रस्तुति दी। शिक्षिका काजल के निर्देशन में डीपीएस नर्सरी के बच्चों ने इट्स मैजिक सॉन्ग पर जादू के रूप में आकर सबको खूब हंसाया। अगले क्रम में सोनल सिंह सेंगर के निर्देशन में यूकेजी डेफोडिल के बच्चों ने शानदार ग्रेजुएशन वॉक प्रस्तुत की।

विजकिड नर्सरी बलराम सिंह चौराहा ब्रांच के बच्चों ने न मांगू सोना चांदी गाने पर मनमोहक प्रस्तुति दी वहीं कंचन तिवारी के निर्देशन में वो है अलबेला मद नैनो वाला वो कृष्णा है के गाने पर प्रस्तुति देकर मंच से मथुरा वृंदावन जैसा ही दृश्य बना दिया। इसी क्रम ने ऋचा अग्निहोत्री के निर्देशन में यूकेजी लोटस ग्रुप ने ग्रेजुएशन वॉक प्रस्तुत की। अगले क्रम में यूकेजी रोज ग्रुप ने अमीषा जादौन के निर्देशन में छोटे छोटे शहरों से गाने पर प्रस्तुति देकर अभिभावकों की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में प्रिंसिपल, अर्चना मेमोरियल इंटर कालेज इटावा, असरा अहमद, प्रिंसिपल संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल भिंड श्रीमती गीतू रेड्डू, चीफ एडमिन डीपीएस डॉ सीमा त्रिपाठी भी उपस्थित रहीं।

मंच का सफल संचालन क्लास 11 की माही यादव एवं क्लास 9 की संस्कृति सिंह ने किया। अंत में शिक्षिका ऋतु वर्मा द्वारा सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय आगमन पर विशेष आभार प्रकट किया गया।

# दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत, परिवार में मातम

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम (हरदोई)** बिलग्राम। क्षेत्र के रहुला गांव निवासी हाजी मोमिन उर्फ बल्ला के बड़े भाई हाजी जमील उर्फ जुम्मन के छोटे पुत्र अफजल खां (32) की सोमवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मृत्यु हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अफजल खां सोमवार सुबह करीब 3 बजे बिलग्राम से बघौली की ओर जा रहे थे। वह पोल्ट्री फार्मिंग का कार्य करते थे और प्रतिदिन की तरह अपने काम के सिलसिले में निकले थे। जब वह माधौगंज क्षेत्र के सेखवापुर गांव के पास पहुंचे, तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से टकरा गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि अफजल खां की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय वहां से गुजर रहे एक ट्रक चालक की नजर दुर्घटनाग्रस्त वाहन पर पड़ी, जिसके बाद उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को वाहन से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मर्चरी भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के उपरांत शव को गांव लाया गया, जहां परिजनों ने उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया। अफजल खां अपने पीछे पत्नी निगहत और लगभग तीन वर्षीय पुत्र जिदान को छोड़ गए हैं। उनके असमय निधन से परिवार व क्षेत्रवासियों में गहरा शोक व्याप्त है।

## विद्यार्थियों को नई सीख देता है दीक्षांत समारोह

**इटावा।** करवाखेड़ा ज्ञानस्थली विद्यालय में दीक्षांत समारोह दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्ञानस्थली विद्यालय समिति के अध्यक्ष (चेयरमैन)शिवप्रसाद यादव ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पहार किया। तत्पश्चात विद्यालय की सभी कक्षाओं (1-11वीं) तक के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। श्री यादव ने कार्यक्रम की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी शिक्षण संस्थान का एक महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण कार्यक्रम होता है। इस दिन छात्रों को उनकी शिक्षा पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं। यह समारोह छात्रों के जीवन में एक नई शुरुआत का प्रतीक होता है। दीक्षांत समारोह छात्रों के परिश्रम, अनुशासन और सफलता का उत्सव है। यह दिन विद्यार्थियों के लिए बहुत खास होता है क्योंकि वे अपने वर्षों की मेहनत का फल प्राप्त करते हैं। साथ ही यह दिन उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को शील्ड व प्रगति पत्र दिए गए।

# अंजुमन-ए-हुसैनिया कमेटी के शिविर में हज यात्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** अंजुमन ए हुसैनिया कमेटी के बैनर तले शहर के स्वयंवर मेरिज होम में हज पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दानिश वारसी के बेटे हाफ़िज़ हुसैन वारिस वारसी ने कुरआन पाक की तिलावत से किया। कारी शाहबाज़ अनवर व हाफ़िज़ कैफ़ ने नात शरीफ पेश की। मौलाना ज़ाहिद रज़ा ने हज की प्रक्रिया को बारीकी से समझाया। मौलाना फुरकान रज़ा ने मस्जिद ए नबवी और मदीना शरीफ की ज़ियारत की जानकारी विस्तार से दी। शिविर में कानपुर से आये हज प्रशिक्षक अल्हाज शारिक अल्वी एवं मौलाना जाहिद रज़ा ने प्रशिक्षण प्राप्त करने आये हज यात्रियों को उमरे से लेकर हज तक की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझाया ताकि उन्हें हज के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत न हो। हज



ट्रेनर शारिक अल्वी ने कहा कि टूटे हुए दिलों को जोड़ने वाले को अल्लाह सीधे जन्नत में भेज देगा और जो लोग इंसानों का दिल दुखाएं उनका क्या हश्र होगा इस बात को भी जानना होगा। शिविर में इटावा, मैनपुरी, एटा, फीरोज़ाबाद, अलीगढ़, फर्रुखाबाद, औरैया, कन्नौज, उरई, जालौन, भिण्ड, ग्वालियर, मुरैना आदि जनपदों से हज यात्रियों ने प्रशिक्षण में भाग लेकर हज की पूरी प्रक्रिया को समझा। हाजी यात्रियों के हज उमराह के सम्बंध में सवाल जवाब का सेशन हुआ। अंजुमन ए हुसैनिया कमेटी ने कानपुर से आये हज प्रशिक्षक अल्हाज शारिक अल्वी सहित उलेमाओं सहित हज पर जाने वाले यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। हज प्रशिक्षण शिविर का संचालन नदीम अहमद एड.ने किया। कमेटी की ओर से हज यात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। शिविर की सफलता में अंजुमने हुसैनिया कमेटी के संरक्षक हाजी अब्दुल वहाब अशरफी, हाजी सरफराज मुस्तफा, अध्यक्ष हाजी सकलैन खलील, उपाध्यक्ष साबिर हुसैन राइन, सेकेट्री असरार अहमद टिंकू, मीडिया प्रभारी शोएब खान रूमी, प्रवक्ता कासिम फारूकी, कोषाध्यक्ष अमान उल्ला खां, खुर्शीद अहमद, मौजुद्दीन वारसी, जिला हज ट्रेनर हाजी वसीम अहमद, हाजी इलियास, हाजी दिलशाद, मो.सलीम, जैनुल आबेदीन, शाकिर, ताबिश, शकील अहमद, गुड्डू अब्बासी सहित समस्त कमेटी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## दो थानों के वाद मौदहा न्यायालय में शामिल करने की मांग, अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** बिवार और मुस्करा थानों से संबंधित वादों को सिविल जज जूनियर डिविजन, मौदहा न्यायालय में शामिल किए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का आंदोलन लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को अधिवक्ताओं ने एक दिवसीय हड़ताल कर न्यायिक कार्यों से विरत रहते हुए जोरदार नारेबाजी की। सिविल कोर्ट जूनियर डिविजन, मौदहा परिसर में एकत्रित अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संघ जिंदाबाद के नारे लगाए और अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई। अधिवक्ताओं का कहना है कि पिछले करीब पांच वर्षों से बार एसोसिएशन मौदहा द्वारा यह मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। अधिवक्ता जयहिंद, सुधाकर शर्मा, आदित्य त्रिपाठी, विवेक दीक्षित, जयप्रकाश शुक्ला, वहीद खान, अवनीश कुमार, निहाल खान, संदीप प्रजापति, नन्हे यादव और जावेद अहमद सहित अन्य अधिवक्ताओं ने बताया कि वर्तमान में बिवार और मुस्करा क्षेत्रों से जुड़े वादों के लिए वादकारियों को लगभग 50 किलोमीटर दूर हमीरपुर जाना पड़ता है। जबकि मौदहा की दूरी इन क्षेत्रों से महज 20 से 30 किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि यदि इन थानों के वाद मौदहा न्यायालय में शामिल कर दिए जाते हैं तो वादकारियों को समय और खर्च दोनों में राहत मिलेगी। यह मांग पूरी तरह जनहित से जुड़ी है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, तब तक प्रत्येक मंगलवार को न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर हड़ताल जारी रखी जाएगी।

## 90 वर्षीय वृद्ध की संदिग्ध मौत

**हमीरपुर/अवधनामा संवाददाता।** कुरारा कस्बे के वार्ड-3 टेंडरी मोहल्ला निवासी 90 वर्षीय भगवानदीन उर्फ दुर्गा पुत्र बल्लू अहिरवार ने मंगलवार सुबह सीढ़ियों के सहारे मफलर बांधकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार वृद्ध लंबे समय से बीमार चल रहे थे और चलने-फिरने में असमर्थ थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच दल को बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सब इंस्पेक्टर किशन सिंह ने बताया कि जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## डंपर से कुचलकर किसान की मौत



**भरुआ सुमेरपुर/अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के पशु बाजार के पास सोमवार शाम डंपर से कुचलकर घायल हुए किसान कुलदीप सिंह राठौर (43) की उपचार के दौरान मौत हो गई। मूल रूप से बांदा जनपद के अमारा गांव निवासी कुलदीप कस्बे के इमिलिया थोक में रहकर खेती किसानी करते थे। सोमवार शाम करीब 4:30 बजे बाइक से बाजार जाते समय तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें कुचल दिया था। सदर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक दो भाइयों में छोटा था। बड़े भाई की भी आठ वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। परिवार में पत्नी, एक पुत्र व दो पुत्रियां हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव के घर पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। शाम को अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# प्रचालन उत्कृष्टता के साथ समाज कल्याण में अग्रणी एनटीपीसी रिहंद

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना के शिवालिक अतिथि गृह में मंगलवार को परियोजना प्रबंधन के तत्वावधान में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ परियोजना प्रमुख की वार्ता हर्षपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख संजय असाटी ने मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर सहजता और आत्मविश्वास के साथ दिया। उन्होंने कहा कि रिहंद स्टेशन के अधिकारी और कर्मचारी विषम से विषम परिस्थितियों में भी चुनौतियों को स्वीकार करने की क्षमता रखते हैं। यही समर्पण और इच्छाशक्ति रिहंद की कार्य संस्कृति को विशेष बनाता है। परियोजना प्रमुख नें अपने सम्बोधन में कहा कि एनटीपीसी रिहंद प्रचालन प्रदर्शन में सभी एनटीपीसी थर्मल स्टेशनों/ परियोजनाओं में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 28 फरवरी तक 19.74 बिलियन यूनिट उत्पादन किया है। साथ ही 82.7 प्रतिशत पीएलएफ के साथ चौथे स्थान पर है। यह उपलब्धि परियोजना की असाधारण प्रचालन दक्षता और बिजली उत्पादन में उत्कृष्टता के लिए इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अपनी प्रचालन उपलब्धियों के अलावा, एनटीपीसी-रिहंद ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत पिछले छे वर्षों में GEM कार्यक्रम के माध्यम से 720 बालिकाओं को शिक्षा प्रदान करके सामाज कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इनमें से 50 बालिकाओं को टाउनशिप के डीएवी स्कूल में उन्हें निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। साथ ही नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत परियोजना के समीपवर्ती शैक्षणिक संस्थानों को वाराणसी जेल के बंदियों द्वारा निर्मित डेस्क-बेंच वितरित किया, जिससे छात्रों के लिए बेहतर शिक्षण वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। इस पहल के माध्यम से इन कैदियों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हुए। एनटीपीसी रिहंद सीएसआर द्वारा उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के लगभग 23 गाँव में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा रही है। साथ ही समीपवर्ती सैक्षणिक संस्थान में स्टेम लैब की स्थापना की गयी जिसमें कक्षा 06 से 08 के पाठ्यक्रम पर आधारित विज्ञान और गणित के कुल 80 कार्यशील मॉडल हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सोनभद्र के मुख्यालय सोनभद्र, रेनूकूट ,बीजपुर, अनपरा, सिंगरौली एवं वैढ़न आदि स्थानों के मीडिया प्रतिनिधिगण, महाप्रबंधकगण, अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे बड़ा माध्यम है

**इटावा।** स्थानीय विद्यालय सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल स्कूल, आलमपुर हौज में आयोजित कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय सिंह चौहान, सचिव परिवर्तन समिति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे बड़ा माध्यम है और मेहनत व अनुशासन से ही विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे भी इसी प्रकार मेहनत करते रहने तथा समाज व देश के लिए उपयोगी नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.राजीव चौहान, पंकज सिंह एवं विनीत चौहान उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे सम्मान समारोह बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं।

# हत्या में दोषी दंपती को 10-10 वर्ष का कारावास

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** साढ़े तीन वर्ष पूर्व हुए रामसेवक उर्फ काशी हत्याकांड के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश राम सुलीन सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी दंपती को 10-10 वर्ष का कारावास व 12-12 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक विजय कुमार पुत्र बनवारी कोल निवासी अरुआंव, थाना शाहगंज, जिला सोनभद्र ने घोरावल थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसका लड़का रामसेवक उर्फ काशी उम्र 26 वर्ष 9 अगस्त 2022 को शाम करीब 4 बजे घर से बाइक से निकला था । उसके साथ खड़िया निवासी मुकेश भी था । लड़का शाम को घर नहीं आया। दूसरे दिन भी काफी खोजबीन किया, लेकिन उसका पता नहीं चला । 12 अगस्त को गांव के लोगों द्वारा मोबाइल में फोटो दिखाकर बताया कि 10 अगस्त को महुआव पांडेय गांव के कुएं में एक युवक की लाश मिली है। जिसे पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है। जब पोस्टमार्टम हाउस जाकर देखा तो बेटे की लाश थी। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। उसके बाद पता किया तो जानकारी मिली कि रामलखन उर्फ रवि उर्फ बाठे पुत्र पुदीन चमार निवासी महुआंव पांडेय, थाना घोरावल, जिला सोनभद्र के घर उसका लड़का 9 अगस्त की शाम गया था। जहां पर शराब पीकर आपस मे कहासुनी हुई थी। इसी दौरान मारपीट कर हत्या करने के बाद शव को छुपाने के लिए कुएं में फेंक दिया गया था। इस तहरीर पर पुलिस ने रामलखन समेत दो लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया।

## रेलवे गेट संख्या 31सी पर ओवरब्रिज निर्माण को मिली स्वीकृति



**भरुआ सुमेरपुर/ अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के बांदा मार्ग स्थित रेलवे गेट संख्या 31सी पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए शासन ने 7196.69 लाख रुपये की परियोजना को स्वीकृति देते हुए 1579.90 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी है। रेलवे लाइन के दोहरीकरण के बाद ट्रेनों की संख्या बढ़ने से गेट बार-बार बंद होने के कारण लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। इस समस्या को लेकर व्यापार मंडल व नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा कई बार ज्ञापन दिया गया था। धनराशि जारी होने पर जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि ओवरब्रिज बनने से कस्बे में जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

## पराली में लगी आग, किसानों ने मशक्कत कर पाया काबू

**भरुआ सुमेरपुर/ अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम पलरा में मंगलवार सुबह गेहूं की पराली में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग ने देखते ही देखते कई बीघे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही सैकड़ों किसान मौके पर पहुंचे और निजी नलकूपों को चलाकर आग पर काबू पाया। ग्राम प्रधान रामखिलावन श्रीवास ने बताया कि आग संभवतः झोपड़ी में खाना बनाते समय लगी थी, जो पराली तक फैल गई। आग से करीब पांच बीघा पराली जली, लेकिन फसल सुरक्षित बचा ली गई।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने पकड़े ओवरलोड मौरंग ट्रक

**मौदहा/अवधनामा संवाददाता।** भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने मंगलवार रात कार्यकर्ताओं के साथ ओवरलोड मौरंग ट्रकों के खिलाफ अभियान चलाया। बिवांर थाना क्षेत्र के जलालपुर रोड पर चेकिंग के दौरान करीब 15 ट्रकों को पकड़ा गया, जिन्हें प्रशासन के हवाले कर दिया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से ट्रांसपोर्टरों में हड़कंप मच गया।

## डाकघर की सरकारी जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा

**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** मीरजापुर मंडल के अधीक्षक डाकघर, मीरजापुर (दिनांक 24 फरवरी 2026) ने सोनभद्र के जिला अधिकारी को एक गंभीर पत्र लिखकर रावर्ट्सगंज (Robertsganj) में स्थित प्रधान डाकघर की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की है। पत्र में बताया गया है कि वर्ष 1956 की खतौनी के अनुसार खाता संख्या 392 में रावर्ट्सगंज प्रधान डाकघर को 11 विश्वा जमीन आवंटित की गई थी। इसके बावजूद खाता संख्या 405, 406 जिसका नया नंबर 392 है को अलग-अलग दिखाया जा रहा है।पत्र में कहा गया है कि डाक विभाग ने कई बार शिकायत की, लेकिन जिला अधिकारी (भू-राजस्व) की ओर से अभी तक कोई स्पष्ट आदेश या कार्रवाई नहीं हुई है। इसी मामले में एक स्थानीय शिकायतकर्ता ने भी जिला प्रशासन को पत्र लिखा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि नगरपालिका परिषद रावर्ट्सगंज में भू-माफिया इतने बेलगाम हो गए हैं कि जिला पंचायत सोनभद्र और डाक विभाग की बार-बार चेतावनी के बावजूद नजूल भूमि पर अवैध अतिक्रमण जारी है। शिकायत में विशेष रूप से नजूल भूमि संख्या 405 एवं 406 (नया नंबर 392) का जिक्र किया गया है, जो पूर्व में डाकघर के नाम दर्ज थी। आरोप है कि भाजपा से जुड़े कुछ लोगों ने बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के इस सरकारी जमीन के एक हिस्से को खरीद-बिक्री कर अवैध कब्जा कर लिया और निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।

**जिला पंचायत का 2022 का नोटिस भी बेअसर-** शिकायतकर्ता ने बताया कि अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत सोनभद्र ने 10 जनवरी 2022 को पत्रांक संख्या 1078/जिपंसो/2021-22 के माध्यम से विक्रेता और क्रेता को नोटिस जारी किया था। नोटिस में निर्माण कार्य तुरंत रोकने और न रोके जाने पर पीपी एक्ट (एंटी भू-माफिया एक्ट) के तहत मुकदमा दर्ज कराने की चेतावनी दी गई थी। हालांकि, दो साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य भौतिक रूप से जारी है।

# दुष्कर्म के दोषी धनेश उर्फ स्टैंडर पटेल को कैद

**अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी**

**करीब 5 साल पूर्व शादी का झांसा देकर दलित युवती के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला**

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** करीब 5 साल पूर्व शादी का झांसा देकर दलित युवती के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी धनेश उर्फ स्टैंडर पटेल को 10 वर्ष की कठोर कैद की सजा सुनाई। उसके ऊपर 55 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक करमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित युवती (पीड़िता) ने करमा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह अनुसूचित जाति की युवती है। शादी का झांसा देकर धनेश उर्फ स्टैंडर पटेल पुत्र राजकुमार राजा पटेल निवासी खैरपुर सिरसिया ठकुराई, थाना करमा, जिला सोनभद्र उसके साथ कई बार शारीरिक सम्बंध स्थापित किया। अब वह अपनी बिरादरी की लड़की से शादी करने जा रहा है। जब धनेश से पूछताछ की तो उसने भद्दी भद्दी गाली देते हुए धमकी दिया कि अगर कहीं शिकायत करोगी तो जान से मार दिया जाएगा। करमा पुलिस ने 17 मई 2021 को दुष्कर्म,



एससी/ एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर लिया गया । सीओ द्वारा मामले की विवेचना की गई और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 7 गवाहों के बयान तथा पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी धनेश उर्फ स्टैंडर पटेल को 10 वर्ष की कठोर कैद की सजा सुनाई। इसके ऊपर 55 हजार रूपये अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सी शशांक शेखर कात्यायन ने बहस की।

## जूस पीते समय जीभ में मधुमक्खी का डंक, हालत बिगड़ी

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहरेला निवासी जयनारायण (52) पुत्र जगदेव मंगलवार दोपहर बाजार करने कस्बे आए थे। तहसील रोड स्थित एक गन्ना जूस की दुकान पर जूस पीते समय अचानक मधुमक्खी ने उनकी जीभ पर डंक मार दिया। डंक लगते ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और तेज दर्द व सूजन की शिकायत होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार शुरू किया गया। चिकित्सक डा. शानिब खान के अनुसार जीभ में डंक लगने से सूजन बढ़ने पर सांस लेने में दिक्कत हो सकती है, इसलिए मरीज को निगरानी में रखा गया है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# 2047 तक विकसित राज्य बनाने का रोडमैप तैयार: योगी

- योगी आदित्यनाथ ने 'विकसित यूपी 2047' की प्रगति की समीक्षा की
- 98 लाख जन-सुझावों से बनेगा यूपी का विजन डॉक्यूमेंट



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में 'विकसित उत्तर प्रदेशञ्च2047' विजन डॉक्युमेण्ट की कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह दस्तावेज केवल एक विजन नहीं, बल्कि प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और संरचनात्मक रूपान्तरण का स्पष्ट रोडमैप है। उन्होंने निर्देश दिए कि इसे व्यापक और सहभागी बनाते हुए प्रदेशभर से प्राप्त 98 लाख से अधिक जन-सुझावों, विशेषज्ञों, उद्योग संगठनों तथा अन्य हितधारकों के विचारों का विश्लेषण करते हुए समाहित किया जाए और उसी आधार पर सेक्टरवार अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक कार्ययोजना शीघ्र जारी की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विजन डॉक्यूमेण्ट व्यवहारिक, परिणामोन्मुख और समयबद्ध होना चाहिए, जो प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने का ठोस आधार प्रस्तुत करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसे केवल सैद्धांतिक दस्तावेज न रखकर सेक्टरवार मिशनों, वर्ष 2030, वर्ष 2036 और वर्ष 2047 के स्पष्ट लक्ष्यों तथा क्रियान्वयन योग्य कार्ययोजनाओं में विभाजित किया जाए। साथ ही सभी विभाग त्रैमासिक एवं वार्षिक लक्ष्यों के अनुरूप विभागवार और अंतर-क्षेत्रीय कार्ययोजना तैयार करें, जिसमें जिम्मेदारियों, अपेक्षित परिणामों और समन्वय की व्यवस्था स्पष्ट रूप से निर्धारित हो। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि राज्य स्तर पर तैयार विजन को जिला, शहर और पंचायत स्तर तक प्रभावी रूप से लागू किया जाए। इसके लिए 'जिला विजन 2047' तैयार कर स्थानीय आवश्यकताओं और संसाधनों के अनुरूप योजनाएं बनाई जाएं। साथ ही, प्रमुख परियोजनाओं की सुव्यवस्थित पाइपलाइन तैयार कर उनकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि विकास कार्यों का प्रभाव जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश का पूरा ढांचा तीन प्रमुख स्तम्भों 'अर्थशक्ति, जनशक्ति और जीवनशक्ति' पर आधारित है, जिन्हें मजबूत करने के लिए कृषि, उद्योग, सेवाएं, बुनियादी ढांचा, सामाजिक क्षेत्र और सुशासन को एकीकृत रूप से आगे बढ़ाना होगा।

उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेण्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रीयल-टाइम डैशबोर्ड के माध्यम से नियमित समीक्षा व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि प्रगति की सतत् निगरानी हो और आवश्यक सुधार समय पर सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दस्तावेज स्थिर नहीं, बल्कि एक डायनमिक और एक्शन-ओरिएण्टेड मार्गदर्शिका होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सुशासन, कानून व्यवस्था, डिजिटल सेवाओं और मजबूत आधारभूत ढांचे को इस पूरी कार्ययोजना की रीढ़ बनाया जाए। एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक कॉरिडोर के माध्यम से कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ किया जाए, जिससे निवेश और रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'विकसित उत्तर प्रदेश/2047' एक समग्र परिवर्तन का अभियान है, जिसमें आर्थिक प्रगति के साथ सामाजिक न्याय, समावेशिता और जीवन की गुणवत्ता में सुधार को समान महत्व दिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह विजन प्रदेश की विकास यात्रा का ऐसा प्रभावी दस्तावेज बने, जो उत्तर प्रदेश को 'विकसित भारत' के लक्ष्य में अग्रणी स्थान दिलाए। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश ने वर्ष 2047 तक 06 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है, जबकि वर्ष 2030 तक 01 ट्रिलियन डॉलर और वर्ष 2036 तक 02 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का मध्यवर्ती लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# कृषि मंत्री ने उर्वरक की कम आपूर्ति और डायवर्जन पर जताई नाराजगी

- मॉनिटरिंग ठीक से न करने पर जिम्मेदार अधिकारी को भी लगाई फटकार
- उर्वरक आपूर्ति में लापरवाही पर सख्त रुख, कंपनियों को कड़ी चेतावनी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को विधानसभा स्थित सभागार में उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर प्रदेश में उर्वरक आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उर्वरकों की कम आपूर्ति, डायवर्जन तथा कंपनियों द्वारा निर्धारित प्रतिबद्धताओं को पूरा न करने के मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई।

बैठक में कृषि मंत्री ने अधिकारियों के साथ उर्वरक कंपनियों के प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप समय पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कुछ कंपनियों द्वारा आवंटन के बावजूद अपेक्षित मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति न करना गंभीर लापरवाही है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने उर्वरक आपूर्ति की मॉनिटरिंग ठीक से न करने पर जिम्मेदार अधिकारी को भी फटकार लगाई।

कृषि मंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिन कंपनियों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसमें ब्लैकलिस्टिंग, वित्तीय दंड तथा अन्य दंडात्मक प्रावधानों को लागू करने पर भी विचार किया जाएगा। उन्होंने कंपनियों को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में भी प्रतिबद्धताओं का पालन नहीं किया गया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उर्वरकों की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य की रणनीति इस प्रकार तैयार की जाए जिससे आपूर्ति व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा न आए और किसानों को समय पर पर्याप्त उर्वरक मिल सके।

प्रमुख सचिव श्री रवींद्र द्वारा उर्वरक आपूर्ति एवं वितरण की प्रभावी निगरानी के लिए एक सुदृढ़ प्रणाली विकसित करने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कंपनियों को अपनी आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित सभी विवरण स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने होंगे तथा किसी भी प्रकार के विचलन पर तत्काल स्पष्टीकरण देना होगा।

# नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई कांग्रेस ने शुरू की थी : प्रमोद तिवारी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा में उपनेता विरोधी दल प्रमोद तिवारी ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई कांग्रेस ने शुरू की थी और पार्टी ने उसके लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। छत्तीसगढ़ का सर्वोच्च नेतृत्व स्वर्गीय विद्याचरण शुक्ला जो केन्द्रीय मंत्री रहे उनके सहित कांग्रेस के कई शीर्ष नेता नक्सलवाद के खिलाफ संघर्ष में शहीद हुए थे। जितना खतरनाक जहर नक्सलवाद देश के लिए है उतना ही साम्प्रदायिकता भी है। देश के संविधान के अनुसार नक्सलवाद समूल नष्ट होना चाहिए। नक्सली जंगलों में रह कर नक्सलवाद अंजाम देते हैं और भाजपा शहरों, गांवों और घर-घर में साम्प्रदायिकता का जहर घोल रही है।

श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा समाज को जातिवाद और धर्मवाद में बांट रही है, जो देश की एकता और अखण्डता और लोकतंत्र के लिए घातक है। इसलिए भाजपा की साम्प्रदायिकता भी समूल नष्ट होना चाहिए। जनता का आशीर्वाद लेकर कांग्रेस देश से साम्प्रदायिकता को समाप्त करेगी जो भाजपा सरकार का पालित और पोषित है। उन्होंने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर कहा कि उन्हें तो भाजपा और उसका नेतृत्व भी गंभीरता से नहीं लेता। उन्होंने निशिकांत के पंडित नेहरू और बीजू पटनायक के बारे में दिये बयान की कड़ी निंदा और भर्त्सना की। उन्होंने कहा कि आज जो दो तिहाई कश्मीर बचा है उसमें बीजू पटनायक का बड़ा योगदान है। पंडित नेहरू के निर्देश पर बीजू पटनायक पायलट के तौर पर कश्मीर में उतारे थे और ऐसा उन्होंने पंडित नेहरू के सहयोग से किया था। ऐसी बात उस भाजपा का नेता कह रहा है जिसका मातृ संगठन ने आजादी की लड़ाई में अंग्रेज सेना में भर्ती के लिए पत्र लिखा था। ऐसा बयान देने से पहले शर्म आना चाहिए और अपने गिरहबान में झांकना चाहिए। श्री तिवारी ने असम के घोषणा पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा और उसके नेताओं का बयान झूठ का पुलिंदा है, जिसमें तनिक भी सच्चाई नहीं है। अगर झूठ का भारत रत्न किसी को दिया जा सकता है तो वह भाजपा और उनके नेतृत्व को दिया जा सकता है। भाजपा असम में ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है, जिसे जनता पूरी तरह नकार देगी और भाजपा का मंसूबा असम में कभी सफल नहीं होगा और पांचों राज्यों में भाजपा पराजित होगी।

## वैश्विक पहचान की ओर यूपी पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की प्रगति रिपोर्ट

**लखनऊ।** प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत पर्यटन एवं संस्कृति विभाग ने अपनी प्रगति और योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। विभाग ने स्पष्ट किया कि स्वीकृत परियोजनाओं को तय समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारना प्राथमिकता है, ताकि प्रदेश में पर्यटन और सांस्कृतिक विकास को और गति मिल सके। इससे पहले पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय समीक्षा बैठक कर वित्तीय स्वीकृतियों, आवंटन और व्यय की स्थिति का आकलन करते हुए पारदर्शी और समयबद्ध बजट उपयोग के निर्देश भी दिए थे। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 1801.30 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के सापेक्ष द्वारा 1729.22 करोड़ रुपये की लगभग 96 प्रतिशत स्वीकृति दी जा चुकी है। वहीं, संस्कृति विभाग के बजट खर्च को लेकर ताजा आंकड़ों के मुताबिक विभाग ने अपने आवंटित बजट का अच्छा उपयोग किया है।

# अजय राय ने सीएम को लिखा पत्र

- स्मार्ट प्री-पेड मीटर व्यवस्था पर रोक की मांग
- बिजली कंपनियों के निजीकरण पर पुनर्विचार की अपील

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश में स्मार्ट प्री-पेड मीटर व्यवस्था, उपभोक्ता हित और विद्युत कम्पनियों के प्रस्तावित निजीकरण को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

श्री राय ने स्मार्ट प्री-पेड मीटर व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से अनिवार्य रूप से स्थगित करने, भुगतानके बाद बिजली आपूर्ति बहाली के लिए निर्धारित समय-सीमा सुनिश्चित करने, मीटर की सटीकता और बिलिंग प्रणाली व तकनीकी संरचना का स्वतंत्र थर्ड पार्टी पारदर्शी ऑडिट कराने, बिना पूर्व सूचना मीटर को प्री-पेड मीटर में बदलने की प्रक्रिया रोकने और संविदा कर्मियों की छंटनी रोक विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने, विद्युत कम्पनियों के निजीकरण की प्रक्रिया पर पुनर्विचार कर स्थगित करने और उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी और जवाबदेह शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने की मांग की, जिसमें क्षतिपूर्ति का प्रावधान हो। अपने पत्र में श्री राय ने लिखा कि प्रदेश में अब तक 74,48263 स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से लगभग 69,64,944 उपभोक्ताओं के मीटर बिना पूर्व सूचना के प्री-पेड मोड में परिवर्तित कर दिये गये हैं, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। इसी तरह 5 लाख 79 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के कनेक्शन स्वतः काट दिये गये, जिसस हजारों परिवारों को बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ा। बड़े पैमाने पर शिकायत है कि बिल जमा होने और बैलेंस के बावजूद भी बिजली आपूर्ति घण्टों और दिनों तक बहाल नहीं हो रही, जिससे साबित हो रहा है कि वर्तमान प्रणाली तकनीकी रूप से सक्षम नहीं है। यह भी शिकायत है कि स्मार्ट प्री-पेड मीटर से बिजली बिलों में असामान्य वृद्धि हो रही है, जो मीटर की सटीकता और पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है। इसी क साथ पूरी व्यवस्था के समानांतर विद्युत विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है, जिससे विद्युत आपूर्ति और रख-रखाव के अधिक प्रभावित होने की आशंका है।

## कुशीनगर से विश्व शांति का संदेश, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन 2026 का शुभारंभ

**लखनऊ।** कुशीनगर के महापरिनिर्वाण स्थल से विश्व शांति का संदेश देने वाला अंतराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन 2026 मंगलवार से शुरू हो गया। 31 मार्च से 2 अप्रैल तक चलने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षु, संत, विद्वान, नीति-निर्माता और युवा एक मंच पर जुटे हैं। सम्मेलन में भगवान बुद्ध की करुणा, शांति और शिक्षाप्रद संदेशों की वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में प्रासंगिकता पर गहन मंथन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में जब दुनिया के अनेक हिस्सों में संघर्ष और अनिश्चितता का माहौल है, ऐसे समय में भगवान बुद्ध के जीवन संदेश सकारात्मक मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने बताया कि कुशीनगर में आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन वैश्विक स्तर पर शांति, सहअस्तित्व और आपसी समझ को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल है।

# अनेक विभूतियां तिरंगा अवार्ड-2026 से सम्मानित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक संस्था एलायंस सोशल एण्ड कल्चरल सोसाइटी के तत्वावधान में आज शाम राय उमानाथ बलि प्रेक्षागृह में आयोजित सम्मान समारोह में अनेक विभूतियां तिरंगा अवार्ड-2026 से सम्मानित हुई।

समारोह में मुख्य अतिथि सुधीर. एस. हलवासिया वरिष्ठ भाजपा नेता, विशिष्ट अतिथि मुरलीधर आहूजा और दिलावर हुसैन ने रतन कुमार श्रीवास्तव रत्न उपसचिव सचिवालय उ.प्र., डॉ. सलामत खॉन सर्जन, डा. संजीव मोहन चिकित्सक के.जी. एम.यू. सर्जन, डा. अनीता सहगल वसुन्धरा अभिनेत्री/लेखिका, प्रदीप कौशल श्रीवास्तव रंगकर्मी, यशपाल सिंह राघव, इरफान अली खिलाड़ी रेसर, सोनी त्रिपाठी गायक/संगीतकार, अलंकार रस्तोगी साहित्यकार, संतोष प्रकाश समाजसेवी बाराबंकी, मुश्ताक अहमद रत्न विशेषज्ञ, रोहित कुमार मीत अध्यक्ष मीत फाउन्डेशन और कविता सिंह शास्त्रीय गायिका को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर वर्ष 2026 के तिरंगा अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर मो.साद सिद्दीकि, सलमान कुरैशी, डा. संदीप कुमार गुप्ता, मंजूषा भारती, मुन्ना सिंह यादव, असलम जावेद सिद्दीकी, आर.पी. सिंह, मोहम्मद अशफ़ाक सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा तमाम लोग उपस्थित थे।

## स्कूल से स्किल को बढ़ावा, अटल आवासीय विद्यालयों में लागू होगा 'प्रोजेक्ट प्रवीण'

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा और कौशल विकास को एकीकृत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा अब प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों में 'प्रोजेक्ट प्रवीण' लागू किया जाएगा, जिसके तहत 3447 विद्यार्थियों को आधुनिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

यह कदम प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में आगे बढ़ाई जा रही है। प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत विद्यार्थियों को आईटी, आईटीईएस, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। अब तक यह कार्यक्रम केवल सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में संचालित था, लेकिन अटल आवासीय विद्यालयों को जोड़ने से इसका दायरा और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे।

# काकोरी में अवैध गैस रिफिलिंग के दौरान वैन में लगी आग

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब हरदोई रोड स्थित दुर्गागंज चौराहे के पास अवैध रूप से गैस रिफिलिंग के दौरान अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने वैन को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि समय रहते पिता-पुत्र ने भागकर अपनी जान बचा ली और सिलेंडर में विस्फोट नहीं हुआ, वरना हादसा भयावह हो सकता था।

जानकारी के अनुसार दुर्गागंज निवासी राम शंकर राजपूत अपने पुत्र के साथ हरदोई रोड किनारे एक खाली प्लॉटिंग साइट पर वैन में घरेलू एलपीजी सिलेंडर से गैस भर रहे थे। इसी दौरान इस्तेमाल की जा रही इलेक्ट्रॉनिक मशीन में शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे अचानक आग भड़क उठी। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, लेकिन लपटें तेजी से फैलती चली गईं। वैन में रखे गैस सिलेंडर के कारण स्थिति और खतरनाक हो गई, जिससे डरकर दोनों मौके से भाग निकले। कुछ ही देर में वैन आग का गोला बन गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। चौक फायर स्टेशन से पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वैन पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। काकोरी पुलिस ने मौके से घरेलू गैस सिलेंडर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। काकोरी इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और अवैध गैस रिफिलिंग के पहलू पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम चौपालों में 06 लाख 36 हजार से अधिक समस्याओं निस्तारण

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।

# गांवों के लिए शुरू होगी नई बस सेवा

- दयाशंकर सिंह ने दी योजना की जानकारी
- मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना को मिली रफ्तार
- 1010 आवेदन, मई से बस संचालन की तैयारी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के हजारों गांवों के लिए सार्वजनिक परिवहन की सुविधा शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत ग्रामीण मार्गों पर मिनी बसें चलाने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की तरफ़ से संचालित सभी 20 क्षेत्रों से आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च तक लगभग 1010 आवेदन प्राप्त हुए है। परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि अप्रैल में चयन प्रक्रियां पूरी कर ली जाएगीए ताकि मई से ग्रामीण क्षेत्रों में बसों का संचालन शुरू कराया जा सके। उन्होंने बताया कि लखनऊ क्षेत्र से 42ए अयोध्या से 20एअलीगढ़ से 87ए आगरा से 38ए आजमगढ़ से 43ए इटावा से 27ए कानपुर से 24एगाजियाबाद से 37ए गोरखपुर से 40एचित्रकूट बांदा से 39ए झांसी से 59एदेवीपाटन से 25ए नोएडा से 12ए प्रयागराज से 118ए बरेली से 41ए मुरादाबाद से 78 एमेरठ से 36ए वाराणसी से 90 एसहारनपुर से 144 एवं हरदोई क्षेत्र से 10 आवेदन प्राप्त हुए हैं। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि इस योजना से जुड़े मामलों में गंभीरता से काम किया जाए और प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से प्रदेश की 59ए163 ग्राम पंचायतों को परिवहन सुविधा से जोडने की तैयारी की जा रही है। करीब 12ए200 गांवों में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निजी मिनी बसों के संचालन की व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश सरकार की मंशा ग्रामीण मार्गों पर 15 से 28 सीट क्षमता वाली निजी मिनी बसों के संचालन की है।

# सिरसी की शान: मोहम्मद ताहिर को एएमयू में भावभीनी विदाई

अवधनामा ब्यूरो



**अलीगढ़/लखनऊ।** सिरसी सादात के प्रतिष्ठित शिक्षाविद् मोहम्मद ताहिर को हाल ही में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में आयोजित एक भावभीनी विदाई समारोह में सम्मानित किया गया। यह अवसर उनके लंबे और सफल शैक्षिक जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा।

मोहम्मद ताहिर का संबंध सिरसी सादात से रहा है, जहां की सादगी, तहज़ीब और शिक्षा के प्रति समर्पण उनकी शख्सियत में साफ झलकता है। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय शिक्षा के प्रसार में समर्पित किया।

सिरसी स्थित जवाहरलाल मेमोरियल इंटर कॉलेज में उन्होंने कई वर्षों तक कक्षा 12 के छात्रों को गणित विषय पढ़ाया। कठिन माने जाने वाले इस विषय को सरल और रोचक तरीके से पढ़ाने की उनकी कला के कारण वे छात्रों के बीच बेहद लोकप्रिय रहे। उनके पढ़ाए हुए कई छात्र आज विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं और उनकी सफलता का श्रेय मोहम्मद ताहिर को देते हैं।

बाद में उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का रुख किया, जहां सीनियर सेकेंडरी स्कूल (बॉयज़) में उन्होंने अपनी सेवाएं दीं। यहां भी अपनी मेहनत, समर्पण और शिक्षण कौशल के दम पर उन्होंने शिक्षकों और छात्रों के बीच विशेष पहचान बनाई।

फरवरी-मार्च 2026 में उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में छात्रों और सहकर्मियों की बड़ी संख्या ने भाग लिया। इस दौरान भावुक माहौल देखने को मिला, जो उनके प्रति सभी के सम्मान और प्रेम को दर्शाता है।

मोहम्मद ताहिर को न केवल एक उत्कृष्ट शिक्षक, बल्कि एक मार्गदर्शक के रूप में भी याद किया जाएगा, जिन्होंने छात्रों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन जीने का सही तरीका भी सिखाया।

## सूर्य प्रताप शाही ने रबी खरीद रणनीति का किया ऐलान

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को लोक भवन स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेसवार्ता में रबी सीजन 2026-27 के लिए दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीद को लेकर विस्तृत रणनीति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की प्रभावी व्यवस्था की गई है। कृषि मंत्री ने बताया कि भारत सरकार से प्राप्त अनुमति के अनुसार प्रदेश में चना, मसूर, सरसों एवं तूर (अरहर) की खरीद 2 अप्रैल से 30 जून 2026 तक की अवधि में की जाएगी। इस दौरान चना का 5875 रूपये प्रति क्विंटल, मसूर 7000 रुपए प्रति क्विंटल, सरसों 6200 रूपए प्रति क्विंटल तथा तूर 8000 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

# आरडीएसओ में मानव तस्करी पर कार्यशाला आयोजित

- रेलवे सुरक्षा बल और राष्ट्रीय महिला आयोग की संयुक्त पहल
- विजया किशोर राहतकर रहीं मुख्य अतिथि
- रेलवे के जरिए मानव तस्करी रोकने पर जोर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन आरडीएसओ के ऑडिटोरियम में मंगलवार को मानव तस्करी विषय पर रेलवे सुरक्षा बल पूर्वोत्तर रेलवे की तरफ़ से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला रेलवे सुरक्षा बल और राष्ट्रीय महिला आयोग के बीच हुए समझौता ज्ञापन एमओयू के तहत आयोजित की गई। कार्यशाला की मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर राहतकर मौजूद रहीं। विशिष्ट अतिथियों में डॉण्बबीता सिंह चौहान अध्यक्षा उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोगए पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य सुरक्षा आयुक्त सत्य प्रकाशए मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवालए अरुण कुमार चौरसिया प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त आरडीएसओ तथा डिप्टी डायरेक्टर एनसीडब्ल्यू राम अवतार सिंह उपस्थित रहे।कार्यशाला में कानूनी विशेषज्ञ एवं शक्ति वाहिनी के सह.संस्थापक निशिकांत तथा मदद फाउंडेशन के संस्थापक राजेश मणि ने राष्ट्रीय स्तर के आंकड़ों के साथ मानव तस्करी पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिए। कार्यशाला में जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी के असिस्टेंट कमांडेंट प्रोबेशनर्सए विभिन्न जोनल रेलवे से आए 22 सहायक सुरक्षा आयुक्तए आरपीएफ एवं जीआरपी के अधिकारी एवं स्टाफए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के सदस्यए पूर्वोत्तर रेलवे के परिचालन एवं वाणिज्य विभाग के कर्मचारी तथा कुली एवं वेंडर सहित लगभग 250 प्रतिभागी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विजया किशोर राहतकर ने अपने संबोधन में कहा कि रेलवे सुरक्षा बल और राष्ट्रीय महिला आयोग के बीच बेहतर समन्वय ही रेलवे के माध्यम से होने वाली मानव तस्करी को जड़ से मिटा सकता है। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा बलों के साथ.साथ जमीनी स्तर के रेल कर्मियों जैसे कुलीए वेंडर आदि की सजगता को अनिवार्य बताया। कार्यशाला के दौरान आरपीएफ एवं जीआरपी के समन्वय से गठित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के बेस्ट परफॉर्मर बल सदस्यों को सत्य प्रकाश प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर द्वारा सम्मानित किया गया।

## सी.एम.एस. के दो छात्र पी.सी.एस. में चयनित

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के दो मेधावी छात्रों कात्यायन राजमीत उपाध्याय (रैंक 73) एवं शिवाली सिंह (रैंक 103) ने पी.सी.एस. में चयनित होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है, जिनमें कात्यायन राजमीत असिस्टेन्ट कमिश्नर, जी.एस.टी. एवं शिवाली सिंह नायब तहसीलदार के पर चयनित हुए हैं। इन मेधावी छात्रों ने अपनी सफ्लता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद एवं विद्यालय से मिले प्रेरणादायी विचारों व विद्यालय के वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने विद्यालय के इन मेधावी छात्रों की सफ्लता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। डा. गाँधी ने विश्वास व्यक्त किया है कि सी.एम.एस. के ये होनहार छात्र अपने कार्यक्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ही आदर्श समाज की संरचना में अपना रचनात्मक योगदान देंगे।